रांची का तापमान

| | कांके | रांची |
|---|---|---|
| अधिक. | 30.0° | 30.5° |
| न्यून. | 18.0° | 15.2° |

रांची, बुधवार
05 मार्च 2025
वर्ष-26, अंक- 34, पृष्ठ-12

फाल्गुन शुक्ल पक्ष 06, संवत 2081 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹3.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर


# छात्र हित सर्वोपरि, विश्वविद्यालय में होंगे बड़े सुधार : कुलपति

## वोकेशनल कोर्स शुरू होंगे, पत्रकारिता विभाग फिर से होगा सक्रिय, कॉलेजों में सीसीटीवी से होगी निगरानी

**राणा अरुण सिंह**

**मेदिनीनगर।** नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय के नए कुलपति डॉ दिनेश कुमार सिंह ने सोमवार को अपना कार्यभार संभाल लिया। योगदान के तुरंत बाद उन्होंने राष्ट्रीय नवीन मेल से विशेष बातचीत में कहा कि छात्रों के हित उनकी प्राथमिकता सूची में सबसे ऊपर रहेंगे। उन्होंने आश्वस्त किया कि विश्वविद्यालय में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने और छात्रों को बेहतर सुविधाएं देने के लिए वे स्वयं हर चीज की निगरानी करेंगे।

**छात्रों के लिए नए कोर्स और सुविधाएं :** कुलपति डॉ. सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय में जल्द ही वोकेशनल कोर्स शुरू किए जाएंगे, जिससे छात्रों को रोजगारोन्मुख शिक्षा मिल सके। उन्होंने यह भी घोषणा की कि बंद पड़े पत्रकारिता विभाग को फिर से चालू करने के लिए कुलसचिव को आवश्यक निर्देश दे दिए गए हैं। इस संबंध में जल्द ही सभी औपचारिक प्रक्रियाएं पूरी कर ली जाएंगी, ताकि पत्रकारिता की पढ़ाई सुचारू रूप से शुरू हो सके। इसके साथ ही, उन्होंने पलामू की कृषि पृष्ठभूमि को ध्यान में रखते हुए बीएससी एग्रीकल्चर की पढ़ाई इसी सत्र से शुरू करने की योजना बनाई है। शेष पेज 11 पर

### बीएससी एग्रीकल्चर की पढ़ाई इसी सत्र से शुरू करने की योजना



### छात्रों के लिए 24 घंटे उपलब्ध रहेंगे कुलपति

### विश्वविद्यालय और कॉलेजों में सुरक्षा और स्वच्छता पर जोर

डॉ दिनेश कुमार सिंह ने छात्रों की सुरक्षा और अनुशासन को लेकर भी अहम कदम उठाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय और उसके अधीनस्थ सभी कॉलेजों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे, ताकि वहां की गतिविधियों की प्रभावी निगरानी की जा सके। इससे शिक्षा के स्तर में सुधार के साथ-साथ अनुशासन भी मजबूत होगा। उन्होंने विश्वविद्यालय परिसर की स्वच्छता बनाए रखने पर विशेष ध्यान देने की बात कही। इसके लिए जल्द ही एक विशेष कमेटी गठित की जाएगी, जो विश्वविद्यालय और कॉलेज परिसरों में सफाई व्यवस्था को सुनिश्चित करेगी।

**विश्वविद्यालय परिसर में रहेंगे कुलपति :** डॉ सिंह ने कहा कि वे विश्वविद्यालय परिसर में निर्मित कुलपति आवास में ही रहना पसंद करेंगे, ताकि छात्र उनसे आसानी से संपर्क कर सकें और उनके सुझावों व समस्याओं का त्वरित समाधान हो सके। उन्होंने कहा कि परिसर में उनकी उपस्थिति से विश्वविद्यालय का माहौल अधिक अनुशासित और सुसंगठित रहेगा।

*हमारा पूरा ध्यान छात्रों के सर्वांगीण विकास पर रहेगा। उनकी शिक्षा, सुरक्षा और भविष्य को ध्यान में रखते हुए विश्वविद्यालय में कई बड़े सुधार किए जाएंगे।* **- डॉ. दिनेश कुमार सिंह,** कुलपति, नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय

₹79500 10 ग्राम

₹976000 01 किलो

| सेंसेक्स | डॉलर |
|---|---|
| 72,989.93 | 87.290 |
| −96.01 | +0.030 |

**माह-ए-रमजान**

| इफ्तार | सेहरी |
|---|---|
| 5:56 | 4:48 |
| 5 मार्च | 6 मार्च |

## गिरिडीह में झामुमो के स्थापना दिवस समारोह में सीएम सोरेन ने कहा

# बकाया नहीं दिया तो कोयला खनिज बाहर नहीं जाने देंगे



**नवीन मेल डेस्क**

**गिरिडीह।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) का स्थापना दिवस समारोह गिरिडीह के झंडा मैदान में मंगलवार को मनाया गया। शाम में बड़ी जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने एक बार फिर चेतावनी दी कि केंद्र सरकार ने अगर झारखंड के बकाया एक लाख 36 हजार करोड़ रुपए नहीं दिए, तो उनकी सरकार न केवल कानूनी लड़ाई शुरू करेगी, बल्कि जरूरत पड़ी तो राज्य से एक ढेला कोयला और खनिज बाहर नहीं जाने देगी। मुख्यमंत्री ने जनसभा में कहा, हम भले सरकार में हैं, लेकिन राज्य के गरीबों, पिछड़ों, आदिवासियों के हक के लिए सड़क पर भी उतरकर संघर्ष करने को तैयार हैं। विपक्षी पार्टियों के संबंध में कहा कि जब इनका शासन था, तो इन्होंने राज्य को दलदल में धकेल दिया था। पिछले पांच साल में हमारी सरकार राज्य को उसी दलदल से बाहर निकालने में जुटी रही। अब आने वाले दिनों में हम झारखंड को देश के सबसे अगले राज्यों की कतार में लाकर खड़ा करेंगे।

सीएम सोरेन ने कहा कि उनकी सरकार के प्रयासों के नतीजे सामने आने लगे हैं। नीति आयोग ने भी झारखंड को उन चार सर्वश्रेष्ठ राज्यों में रखा है, जिनकी अर्थव्यवस्था बेहतर हुई है। उन्होंने राज्य में गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले लोगों को गरीबी से उबारने का संकल्प व्यक्त करते हुए कहा, हमारी सरकार जो कहती है, वह कर दिखाती है। मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत महिलाओं को एक हजार रुपए के बदले 2,500 रुपए हर माह देने का वादा हमने सरकार बनते ही पूरा कर दिखाया। मुख्यमंत्री ने कहा, दो महीने से मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का पैसा महिलाओं के खातों में नहीं गया है। इस पर कुछ लोग सवाल उठा रहे हैं। दरअसल, हमने पाया है कि 'चतुर, चालाक, लोमड़ी-भेड़िया किस्म के लोगों' ने महिलाओं के नाम पर गलत तरीके से पैसा निकाला है। ऐसे लोगों को चिह्नित कर उनके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। मंईयां को सशक्त करने की यह योजना हमेशा चलती रहेगी। हमने बजट में इसके लिए सबसे ज्यादा राशि का प्रावधान किया है। देश की अर्थव्यवस्था की चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री सोरेन ने कहा कि महंगाई लगातार बढ़ रही है। इसके रुकने का कोई आसार नहीं दिखता। शेष पेज 11 पर

**बोले मुख्यमंत्री**

- **सरकार** हक के लिए सड़क पर भी उतरकर संघर्ष करने को तैयार
- **हम** झारखंड को सबसे अगले राज्यों की कतार में लाकर खड़ा करेंगे

### हमारी सरकार गांव-देहात से चलने वाली सरकार है

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि उन्होंने बार-बार कहा है कि उनकी सरकार रांची मुख्यालय में बैठकर नहीं चलती। यह गांव-देहात से चलने वाली सरकार है। मंत्री, अफसर, कर्मचारी अब गांव-गांव में शिविर लगाकर लोगों की समस्याओं का समाधान करते हैं। उन्होंने कहा, हम ऐसी व्यवस्था लागू करने जा रहे हैं, ताकि जरूरी प्रमाणपत्रों के लिए लोगों को सरकारी दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ें। सरकार लोगों के घर तक इन्हें पहुंचाएगी।

### यूक्रेन ने रूस से युद्ध खत्म करने का किया अनुरोध

**कीव।** यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने मंगलवार को शांति समझौते का संकल्प दोहराया। उन्होंने कहा कि वह यूक्रेन की शांति के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को फिर से स्पष्ट करना चाहते हैं। कोई भी कभी न खत्म होने वाला युद्ध नहीं चाहता है। यूक्रेन जितनी जल्दी हो सके, शांति के लिए वार्ता करने के लिए तैयार है। राष्ट्रपति जेलेंस्की ने कहा, यूक्रेन के लोगों से ज्यादा कोई शांति नहीं चाहता है। मेरी टीम और मैं, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के मजबूत नेतृत्व में एक स्थायी शांति की दिशा में काम करने के लिए तैयार हैं।

**दूसरा सेमीफाइनल आज**
**दक्षिण अफ्रीका vs न्यूजीलैंड**

चैंपियंस ट्रॉफी 2025

# भारत फाइनल में



**दुबई (आईएएनएस)**

दुबई के स्टेडियम में मंगलवार को भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के पहले सेमीफाइनल मुकाबले में आस्ट्रेलिया को चार विकेट से हराकर फाइनल का टिकट हासिल कर लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलिया 49.3 ओवर में 264 रन बनाकर ऑल आउट हो गया। 265 रनों का पीछा करने उतरी टीम इंडिया ने 11 गेंद शेष रहते चार विकेट से मैच जीत लिया। विराट कोहली टीम इंडिया के लिए एक बार फिर संकटमोचक बने। शेष पेज 11 पर

**04** विकेट से सेमीफाइनल में आस्ट्रेलिया को हराया

चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में भारत की शानदार जीत पर बधाई। **-संजय सेठ,** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री

**09 मार्च को फाइनल**

# सीए इंटर परीक्षा में रांची सेंटर से सृष्टि बनीं टॉपर

- दीपांशी अग्रवाल ने ऑल इंडिया स्तर पर किया टॉप

**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** दी इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई), नई दिल्ली की ओर से आयोजित होने वाली सीए इंटर की परीक्षा में रांची सेंटर से सृष्टि कुमारी टॉपर रहीं। आईसीएआई की यह परीक्षा जनवरी माह में आयोजित हुई थी। इसका रिजल्ट मंगलवार को जारी किया गया है। वहीं, ऑल इंडिया स्तर पर 521 अंक प्राप्त कर हैदराबाद की दीपांशी अग्रवाल ने प्रथम, 516 अंक प्राप्त कर विजयवाड़ा के थोटा सोमनद्ध सेशाद्री नायडू ने दूसरा और हाथरस के सार्थक अग्रवाल ने 515 अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया है। रांची परीक्षा केंद्र से कुल 600 में से 460 अंक प्राप्त कर सृष्टि कुमारी ने प्रथम प्राप्त किया। वहीं, 408 अंक प्राप्त कर प्रीति अग्रवाल ने द्वितीय, 391 अंक प्राप्त कर प्रतीक कुमार सराफ ने तीसरा, 390 अंक प्राप्त कर आयुष कुमार ने चौथा और 376 अंक प्राप्त कर निहारिका शर्मा ने पांचवां स्थान प्राप्त किया है।

वहीं, सीए इंटरमीडिएट कोर्स में रांची परीक्षा केंद्र से दोनों ग्रुप में शामिल 147 परीक्षार्थियों में कुल 18 दोनों ग्रुप में, नौ पहला ग्रुप और तीन दूसरे ग्रुप में सफल हुए हैं। सीए इंटरमीडिएट के सिर्फ पहले ग्रुप में शामिल कुल 324 परीक्षार्थियों में से 26 और दूसरे ग्रुप में कुल 147 में से 50 परीक्षार्थियों ने सफलता प्राप्त की है। शेष पेज 11 पर


**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

सुझाव, शिकायत और समाचारों का स्वागत समाचार पत्र में प्रकाशित करने के लिए सप्रमाण समाचारों का स्वागत है। आप सुझाव या शिकायत भी भेज सकते हैं। संपर्क/व्हाट्सएप 82925 53444 विज्ञापन देने या अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क +91 82923 73444 कार्यकारी संपादक।


### एसीबी ने रिश्वत लेते कंप्यूटर ऑपरेटर को किया गिरफ्तार



**चतरा/हजारीबाग।** चतरा जिले के सिमरिया अनुमंडल कार्यालय से भ्रष्टाचार निरोधक दस्ते (एसीबी) की टीम ने मंगलवार को रिश्वत लेते कंप्यूटर ऑपरेटर आफताब अंसारी को गिरफ्तार किया। कंप्यूटर ऑपरेटर सिमरिया एसडीओ के गोपनीय कार्यालय में काम करता है। उसे दस हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा गया है।

## पश्चिमी सिंहभूम में नक्सलियों के विस्फोटक व हथियार बरामद

- पुलिस और सुरक्षा बलों ने नक्सली कैंप को भी किया ध्वस्त

**नवीन मेल डेस्क**

**रांची/चाईबासा (प. सिंहभूम)।** राज्य में नक्सलियों और उग्रवादियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में पश्चिमी सिंहभूम जिले की पुलिस और सुरक्षा बलों ने मंगलवार को टोंटो थाना क्षेत्र के जंगल-पहाड़ से घिरे इलाके में हथियारों का जखीरा जब्त किया। पुलिस और सुरक्षा बलों ने नक्सलियों के एक कैंप को भी ध्वस्त कर दिया। पुलिस और सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने के इरादे से लगाए गए 10-10 किलोग्राम क्षमता वाले दो आईईडी (इंप्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) भी डिफ्यूज कर दिए गए। एसपी आशुतोष शेखर के अनुसार, यह कार्रवाई जिले के टोंटो थाना क्षेत्र के हुसिपी जंगल में हुई है। यहां एक देसी पिस्टल, दो कारबाइन, एक राइफल, दस किलो के दो आईईडी बम, 58 डेटोनेटर एवं अन्य सामान बरामद किए गए हैं। शेष पेज 11 पर

### मेदिनीनगर केंद्रीय कारा में उम्रकैद की सजा काट रहे कैदी ने की खुदकुशी

**मेदिनीनगर (पलामू)।** मेदिनीनगर केंद्रीय कारा में उम्रकैद की सजा काट रहे एक कैदी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बैरक से सटे बाथरूम में कैदी का शव गमछे के सहारे फंदे पर लटका हुआ मिला है। कैदी की पहचान शाबीर अंसारी (34) के रूप में हुई है। मंगलवारकी सुबह शव को पोस्टमार्टम के लिए एमआरएमसीएच में भेज दिया गया। जेलर आशीष कुमार सिन्हा ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि पूरे मामले की जांच की जा रही है।

### सरयू राय ने सदन में उठाया प्रदूषण का मुद्दा, सरकार ने कहा

## 3 सदस्यीय कमेटी बनी, सप्ताह भर में रिपोर्ट

**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** विधानसभा के बजट सत्र के छठे दिन मंगलवार को जमशेदपुर पश्चिम के जदयू विधायक सरयू राय ने प्रदूषण का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि बोकारो पावर सप्लाई कंपनी लिमिटेड के फ्लाई ऐश से छह पौंड (तालाब) भर गए हैं। अब फ्लाई ऐश गरगा नदी से होकर दामोदर नदी में गिर रहा है। सदन की समिति बनाई जाए, जो स्थल निरीक्षण कर रिर्पोट सौंपेंगी। इस पर प्रभारी मंत्री योगेंद्र प्रताप ने कहा कि तीन सदस्यीय कमेटी बनाई गई है। कमेटी एक सप्ताह के अंदर रिपोर्ट सौंपेंगी। सरयू राय ने कहा कि जो कमेटी बनाई गई है, उस कमेटी में दोषियों को ही शामिल किया गया है। जो लोग बीपीएससीएल से 73 लाख 32,031 रुपए वसूल नहीं सके, उन्हें ही कमेटी में शामिल किया गया है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड भ्रम फैला रहा है। मंत्री सदन में गलत बयान दे रहे हैं। इस पर मंत्री ने कहा कि अगर गड़बड़ी मिलती है, तो कार्रवाई होगी। यह कार्रवाई चलते सत्र में ही की जाएगी। वहीं, विधायक भूषण बाड़ा ने सिमडेगा को पर्यटक नगरी घोषित करने की मांग की। उन्होंने कहा कि रामरेखा धाम, केला घाघ, बसंतपुर, अरगोड़ा और कुस टोंगरी को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित किया जाए। शेष पेज 11 पर




**इंडिया**

# सोशल मीडिया का अंधा जाल और...



**सुनील बादल**
कार्यकारी संपादक

कितना भी व्यस्त आदमी आज पहली सुविधा मिलते ही स्मार्टफोन लेकर अपडेट देखने लगता है क्योंकि सबसे तेजी से सूचना प्राप्त करने के माध्यम के रूप में हमारे पास यही एक विकल्प है। जो लोग दिन भर व्यस्त रहते हैं देर रात सोने से पहले अपनी पसंदीदा सोशल मीडिया साइट पर एक नजर डालते हैं और एक हेडलाइन की 'ब्रेकिंग न्यूज' ध्यान खींचती है, जिसे हम किसी कीमत पर चूकना नहीं चाहते। यह शुरुआत बड़ी मासूमियत भरी होती है, लेकिन डिजिटल सम्मोहन की तरह कब आप एक क्लिक से दूसरे पर और फिर अंतहीन अपडेट व भावनात्मक रूप से भरे सोशल मीडिया पोस्टों की तरफ चले जाते हैं, पता ही नहीं चलता। दो घंटे बाद आपके कंधों में तनाव और पेट में जकड़न होने लगती है, फिर भी आप फोन को छोड़ना नहीं चाहते।इस अंतहीन स्क्रॉलिंग, जिसे 'डूमस्क्रॉलिंग' कहते हैं, का हमारे ऊपर हावी होने लगना खतरनाक है। दुनिया में क्या घट रहा है, यह जानना महत्वपूर्ण है। जानकारी होने से बेहतर निर्णय लेने, अपने समुदायों से सार्थक रूप से जुड़ने और आसपास के लोगों को प्रभावित करने वाले परिवर्तनों पर प्रभावपूर्ण तरीके से प्रतिक्रिया देने में हमें मदद मिलती है। लेकिन स्वस्थ आहार की तरह खबरों के उपभोग को लेकर भी हमें होशियार रहने की जरूरत है, ताकि इसका सेहत पर विपरीत असर न पड़े। सोशल मीडिया के संचालक इसे मनोवैज्ञानिक रूप से इस तरह डिजाइन करते हैं कि हम उसके सम्मोहन में बंधते चले जाते हैं।स्क्रॉलिंग की यह आदत हावी न हो, इसके कई तरीके भी हैं। शोध बताते हैं कि मोबाइल के उपयोग की सीमाएं निर्धारित करने से बहुत बड़ा फर्क पैदा हो सकता है।हम



यह सोचते हैं कि खुद को अपडेट रखना है तो कहां जाएं कैसे नई जानकारी पाएं।फिर आप सही संतुलन कैसे बैठाएंगे? इस सवाल का जवाब एक दूसरा सवाल है। आप लगातार सूचनाओं को पाने के लिए खुद को बाध्य क्यों महसूस करते हैं? क्या हर जानकारी आपके लिए जरूरी है? अक्सर स्क्रॉल करते समय हम ध्यान ही नहीं रखते कि कौन-सी जानकारी कितनी महत्वपूर्ण है। शोध से पता चला है कि नकारात्मक खबरें आपकी नींद में खलल डालती हैं और चिंताएं बढ़ाती हैं। इसलिए कुछ तरीके अपनाकर सूचनाओं के इस मायाजाल से बच सकते हैं।

सोशल मीडिया के हर फालतू पोस्ट को देखने के बजाय बेहतर यह होगा कि हम कुछ विश्वसनीय मीडिया संस्थानों के चुनींदा एप चुनें, जिससे संतुलित आहार की तरह हमारा दिमाग भी सही खबरें प्राप्त करें। कई बार शरीर को स्वस्थ रखने के लिए कुछ परहेज करने होते हैं, उसी तरह कोई चिंता या भावनात्मक संकट के लक्षण दिखें, तो बेवजह की सूचनाओं से ब्रेक लेना उचित होता है। समाचार या सोशल मीडिया के लिए निश्चित समय निर्धारित करें। विशेषकर सोने से एक-दो घंटे पहले, तो इनसे बिल्कुल दूरी बना लें। इसके अलावा, अब कई स्मार्टफोन यह सुविधा भी देते हैं कि आप उस पर अपना स्क्रीन टाइम सेट कर सकते हैं। जानकारी पाने का मतलब यह नहीं है कि लगातार स्क्रीन से चिपके रहें और अंधेरे कुएं में गिरने की तरह आगे बढ़ते चले जाएं। साइबर अपराधियों से लेकर देशद्रोहियों और पड़ोसी दुश्मन देश तक अश्लील सामग्री और आकर्षक या घृणा भरे संदेशों से सजे टीजर या हैडलाइन से लालच देकर लोगों को फांसते हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि अनजान स्रोतों से प्राप्त जानकारी के अलावा ऐसे सभी संदिग्ध लोगों से दूर रहकर हम अनेक परेशानियों से बच सकते हैं।

## किसी को मियां-टियां या पाकिस्तानी कहना गलत, पर अपराध नहीं : सर्वोच्च न्यायालय

- कोर्ट ने आरोपी को किया बरी, कहा- इससे धार्मिक भावनाओं को ठेस नहीं पहुंचती

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** सर्वोच्च न्यायालय की न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना व न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की खंड पीठ ने एक सरकारी कर्मचारी को 'मियां-टियां' या 'पाकिस्तानी' कहने के आरोपी हरि नंदन सिंह के खिलाफ मामला बंद करते हुए फैसला सुनाते हुए कहा कि ये धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने जैसा अपराध नहीं बनता। हरि नंदन पर आरोप था कि उसने एक सरकारी कर्मचारी को उस समय 'पाकिस्तानी' कहा था, जब वह अपना आधिकारिक कर्तव्य निभा रहे थे। शीर्ष अदालत ने इस प्रावधान के तहत एक आरोपी को दोषमुक्त करते हुए कहा कि यह टिप्पणी, हालांकि अनुचित थी शेष पेज 11 पर

### ईडी मामले में सरकार को जवाब दाखिल करने के लिए मिला समय

- ईडी अधिकारियों को दी गई अंतरिम राहत बरकरार
- एससी-एसटी एक्ट के तहत दर्ज एफआईआर का मामला

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की ओर से दायर शिकायत पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों के खिलाफ दर्ज एफआईआर को चुनौती देने वाली ईडी के अधिकारियों कपिल राज एवं अन्य की याचिका की सुनवाई मंगलवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। इस मामले में कोर्ट ने ईडी अधिकारी को दी गई अंतरिम राहत बरकरार रखी है। राज्य सरकार को प्रतिशपथ पत्र दाखिल करने के लिए चार सप्ताह का समय कोर्ट ने दिया है। शेष पेज 11 पर

## अबुआ बजट 2025 के आय व्यय पर हुई चर्चा

# सरकार ने बजट को उपलब्धि बताया तो विपक्ष ने कहा सब हवा-हवाई है

*सोमवार को वित्तमंत्री राधाकृष्ण ने विधानसभा में 1,45,400 करोड़ रूपए का बजट पेश किया*

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** 24 फरवरी 2025 से शुरू हुआ बजट सत्र 27 मार्च 2025 तक चलेगा। सत्र 2025-26 के लिए सोमवार को वित्तमंत्री राधाकृष्ण ने विधानसभा में 1,45,400 करोड़ रूपए का बजट पेश किया। मंगलवार को पेश बजट पर चर्चा हुई। इस पर झारखंड सरकार बजट को अपनी उपलब्धि बताई तो विपक्ष ने खोखला, अव्यवहारिक और हवा-हवाई बताया। मंगलवार को बजट का छठा दिन था, बजट में आय-व्यय पर चर्चा हुई। आय व्यय पर चर्चा बुधवार को भी होगी, जिसके बाद सरकार अपनी प्रतिक्रिया देगी।

## बजट पर विधायकों ने क्या कहा

### सरकार कहती कुछ और दिखता कुछ और : नवीन जायसवाल



**रांची।** हटिया विधान सभा के विधायक नवीन जायसवाल ने कहा कि हेमंत सरकार झूठ का पुलिंदा है। सरकार कहती कुछ है और सामने दिखता कुछ और है। उन्होंने कहा कि सत्ता पक्ष के लोगों में घोर निराशा है। कभी सदन में ताली तक नहीं बजती। अपने लोगों को खुश रखने में सरकार असफल तो है ही, हर मोर्चे पर भी सरकार विफल नजर आती है।

### बजट में गंभीरता नहीं दिखाई दी : विधायक उज्जवल दास



**रांची।** सिमरिया विधायक उज्जवल दास ने कहा कि झारखंड सरकार अपनी वित्तीय हालात को लेकर बजट में गंभीरता नहीं दिखाई दी। सरकार ने नौकरी देने की घोषणा की थी किस क्षेत्र में नौकरी देंगे पता नहीं। वहीं बेरोजगारी भत्ते पर भी सरकार मौन है।

### मेडिकल कॉलेज खोलने की स्वीकृति लेने में बीते एक वर्ष : विधायक राज सिन्हा



**रांची।** सरकार को मेडिकल कॉलेज खोलने की स्वीकृति हासिल करने में एक वर्ष बीत जाते हैं। धनबाद के विधायक राज सिन्हा ने कहा कि रांची में मेडिकल कॉलेज खोलने की घोषणा झारखंड सरकार ने एक वर्ष पूर्व की थी जिसकी अभी सदन में स्वीकृति मिली है। एक वर्ष केवल योजना स्वीकृत होने में लग रही है। वहीं मंईयां योजना के भारी भरकम राशि 13,363 करोड़ रूपए को सरकार ने बजट में शामिल कर लिया है।

### बालू की कालाबाजारी रात के अंधेरे में : सत्येंद्रनाथ तिवारी



**रांची।** गढ़वा विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी ने कहा कि इस बजट का यथार्थ से कोई लेना-देना नहीं है। 1,45,400 करोड़ रुपए का बजट में पेश किया गया। बजट की राशि कहां से जुटाएंगे इसका कोई जिक्र नहीं है। युवाओं को रोजगार किस प्रकार देंगे, कोई जिक्र नहीं। उन्होंने सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि प्रदेश में बालू की त्रासदी मची हुई है।

### ब्लॉकों में बढ़ी है चोरी की घटनाएंः मंजू देवी



**रांची।** जमुआ विधानसभा के विधायक मंजू देवी ने कहा कि बजट में कुछ नहीं है। सब हवा-हवाई है। लोक लुभावने हवाई वादों से जनता का भला नहीं होगा। हेमंत सरकार के राज्य में विधि व्यवस्था चरमराई हुई है। आपराधिक घटनाएं बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि झारखंड के इतिहास में यह पहली बार हो रहा है जब ब्लॉक में चोरी होने की घटनाएं घट रही हैं।

# बजट पर लोगों ने दी प्रतिक्रिया



### बजट बहुत ही संतुलित व लोकोपयोगी : धीरज



**रांची।** हाई कोर्ट के अधिवक्ता धीरज ने कहा कि झारखंड सरकार के द्वारा पेश किया गया आम बजट बहुत ही संतुलित और लोकोपयोगी बजट है। इसमें सभी वर्गों का ध्यान रखा गया है, चाहे वो आधारभूत संरचना की बात हो, या छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति योजना का प्रावधान के साथ- महिलाओं को आर्थिक सबलता के लिए मंईयां योजना हो, अधिवक्ताओं के स्वास्थ्य बीमा व पेंशन योजना हो। सभी के लिए कुछ न कुछ बजट में व्यवस्था की गई है।

### विकसित झारखंड के लिए नया विजन : अमन



**रांची।** अमन अहमद ने कहा की बजट स्वागत योग्य है। इंडिया गठबंधन की सरकार में हर वर्ष विकसित झारखंड की ओर बजट का आकार बढ़ रहा है। झारखंड की हेमंत सरकार आगामी वित्त वर्ष 2025-26 बजट पेश की, बजट करीब डेढ़ लाख करोड़ का है। अबुआ बजट में शिक्षा, स्वास्थ्य, औद्योगिक विकास और कल्याण पर जोर दिया गया है। मंईयां सम्मान के साथ ही खाद्य सुरक्षा, रोजगार, शिक्षा, किसान कल्याण की दिशा में बजट है। बजट के माध्यम से राज्य में रोजगार सृजन को बढ़ावा देने के प्रावधानों को विशेष रूप से ध्यान दिया गया है। रोजगार के साथ स्वरोजगार उपलब्ध कराने के लिए व्यापक प्रबंध बजट में है। हेमंत सरकार स्कीम और स्थापना, स्कीम यानी की योजनाओं पर अधिक खर्च करेगी ताकि राज्य का उज्ज्वल निर्माण हो और यहां के लोग बाहर पलायन ना करे।

### इस बजट से राज्य सर्वश्रेष्ठ राज्यों में से एक बनेगा : पल्लवी कुमारी



**रांची।** गृहणी पल्लवी कुमारी ने बजट पर कहा- इस बार का झारखंड बजट 1।45 करोड़ का है जो की पिछले बार की तुलना में 15 करोड़ ज्यादा है लोक कल्याणकारी योजना और ग्रामीण योजनाओं और ग्रामीण क्षेत्र में सुधार की योजना पर ध्यान रहेगा जो की अच्छी बात है। ये हमारे झारखंड की आम जनता का बजट है। सबसे अच्छी बात है शिक्षा इनोवेशन हब बनाने की बात कही गई है। उन्होंने कहा मेडिकल कोलेज, एमबीए कोलेज और मास कम्युनिकेशन के कोलेज खोले जायेंगे इस से झारखंड राज्य तर्रक्की करेगा और झारखंड सर्वश्रेष्ठ राज्यों में से एक बन जायेगा।

### जनता के हित का बजट : भूमिका सच्चर



**रांची।** मनोवैज्ञानिक भूमिका ने राज्य के बजट पर कहा राज्य सरकार ने काफी सराहनीय कदम उठाया है। इस बजट से साबित होता है की महागठबंधन की सरकार जनता को हमेशा प्राथमिकता देती है। शिक्षा से लेकर हर क्षेत्र में बजट बहुत ही अच्छा है। इस बजट से राज्य में रोजगार और कई तरह के रास्ते खुल गए हैं। गृहणियों के लिए भी इस बजट में राहत है।

## आदिवासी, मूलवासी, किसान व ग्रामीण विरोधी सोच बजट में दिखती है : प्रतुल

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि अबुआ सरकार आदिवासी, मूलवासी, ग्रामीण और किसान विरोधी सोच वाली सरकार है। 2024 - 25 के बजट की तुलना में वर्तमान बजट में बड़ी कटौतियां की गई। वर्ष 2025 - 26 के बजट में किसानों से जुड़े कृषि विभाग के बजट में 700 करोड़ रुपयों की बड़ी कटौती की गई। इसके अतिरिक्त मत्स्य , डेयरी विभागों में भी कटौतियां की गई। गरीबों को अन्न पहुंचने वाले खाद्य आपूर्ति विभाग में और स्वास्थ्य विभाग में की गई कटौती समझ से पड़े हैं। ऐसा लगता है शिक्षा भी सरकार के फोकस में नहीं है। तभी तकनीकी, उच्च, सेकेंडरी और प्राथमिक शिक्षा के भी बजट को घटा दिया गया है। सरकार का फोकस उद्योगों पर भी नहीं है। इसलिए उद्योग विभाग के बजट में भी कटौती की गई है। प्रतुल ने कहा कि अल्पसंख्यक कल्याण का ढोंग करने वाली सरकार ने अल्पसंख्यक कल्याण के बजट को भी घटा दिया। पहले से हर घर में नल से जल योजना में पीछे चल रही सरकार ने पेयजल स्वच्छता विभाग के बजट में 800 करोड़ की बड़ी कटौती कर दी।

# बजट भाषण में अटल जी का नाम नहीं लेना कुत्सित राजनीति का परिचायक : बाबूलाल

*कहा-जनता को सच्चाई पता है कि अलग झारखंड राज्य के सपने को किसने पूरा किया*

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने मंगलवार को सदन में राज्य बजट 2025-26 में चर्चा के दौरान राज्य सरकार पर खूब निशाना साधा। अपने सधे अंदाज में उन्होंने बजट को दिशाहीन अदूरदर्शी, विकास विरोधी बताते हुए कहा कि राज्य सरकार बजट भाषण में भी राजनीति कर रही। कहा कि बजट भाषण में वित्तमंत्री राधाकृष्ण किशोर द्वारा झारखंड निर्माता अटल बिहारी वाजपेयी का नाम नहीं लिया जाना सरकार की कुत्सित मानसिकता को उजागर करता है। कहा कि राज्य की जनता को सच्चाई पता है कि अलग झारखंड राज्य के सपने को किसने पूरा किया। आज सत्ता पक्ष में वही लोग बैठे हैं जिनका इतिहास झारखंड आंदोलन को बेचने, खरीदने और बदनाम करने का रहा है। कभी अपने लाश पर अलग राज्य बनने की बात करने वाले आज झारखंड की सत्ता में बैठे हैं। उन्होंने कहा कि विधानसभा के मुख्यद्वार पर अटल जी की प्रतिमा लगी है, वे झारखंड की जनता के दिलों में बसते हैं, लेकिन वित्तमंत्री बड़े छोटे मन के निकले। उन्होंने कहा कि बजट का आकर देखने में बड़ा है लेकिन जनता तक इसकी राशि नहीं पहुंचती। सरकार का प्रबंधन विफल है। शिलान्यास के बाद भी पैसे के अभाव में संवेदक योजनाओं का काम शुरू नहीं कर पाते। पैसे का इंतजार करते करते समय निकल जाता है। कहा कि सरकार बजटीय प्रावधान के लिए कहां से पैसे लाएगी यह नहीं बता रही। गैर योजना मद में खर्च बढ़ाए गए हैं और योजना मद की राशि में भारी कटौती की गई है। अगर राज्य सरकार थोड़ी बहाली भी करती है तो गैर योजना मद में राशि और बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि चालू वित्तीय वर्ष में सरकार का राजस्व संग्रहण अबतक मात्र 58.82% है और उसमें भी केंद्रीय कर की हिस्सेदारी 28.35%है। इसी से समझा जा सकता है कि सरकार कितना विकास करना चाहती है।

## बजट का आकार बढ़ाना विकास का पैमाना नहीं : विजय



**रांची।** आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष विजय शंकर नायक ने झारखंड बजट पर प्रतिक्रिया दी है। इन्होंने कहा कि बजट की राशि का आकार बढ़ाना अच्छी बात है मगर बजट की राशि शत प्रतिशत खास कर योजनामद की राशि खर्च नही होना शुभ नही है। इसलिए सरकार इसपर विशेष फोकस करे और शत-प्रतिशत बजटीय राशि खर्च हो इसके लिए विशेष कार्य योजना तैयार करे।



# छवि रंजन को नही मिली राहत, होली जेल में बितेगी



नवीन मेल संवाददाता। रांची

बरियातू रोड स्थित सेना की कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन की अवैध खरीद-बिक्री मामले में जेल में बंद रांची के पूर्व उपायुक्त सह निलंबित आईएएस अधिकारी छवि रंजन की याचिका पर सुनवाई अब होली बाद होगी। उनकी ओर से अभियोजन स्वीकृति नहीं मिलने का हवाला देते हुए उनके खिलाफ दर्ज केस को निरस्त करने को लेकर दायर याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में ईडी की जवाब के आलोक में प्रार्थी को प्रतिउत्तर देने के लिए दो सप्ताह का समय दिया गया। जिसे कोर्ट ने स्वीकार करते हुए दिया। मामले में अब 19 मार्च को बहस होगी। इससे पूर्व प्रार्थी की ओर से कोर्ट को बताया गया कि किसी सरकारी अधिकारी के खिलाफ आपराधिक केस चलाने के लिए सीआरपीसी की धारा 197 के तहत अभियोजन स्वीकृति आदेश लेना जरूरी है लेकिन ईडी की ओर से इस केस में ऐसा नहीं किया गया है इसलिए उनके खिलाफ दर्ज केस को निरस्त किया जाए। दरअसल, बरियातू में सेना की जमीन के कागजात की हेराफेरी मामले में रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन को ईडी टीम ने 4 मई 2023 को गिरफ्तार किया था, उसी समय से वे जेल में है। बता दें कि मामले में ईडी द्वारा छवि रंजन के खिलाफ मनी लाउंड्रिंग का केस दर्ज किया है। इसमें छवि रंजन, अमित कुमार अग्रवाल सहित 10 आरोपियों के खिलाफ अदालत में चार्जशीट दाखिल किया जा चुका है। मामले में छवि रंजन एवं अन्य के खिलाफ आरोप भी गठित हो चुका है, लेकिन अभी ट्रायल शुरू नहीं हुआ है।

## साहिबगंज अपर समाहर्ता के खिलाफ अवमानना का नोटिस जारी

रांची। झारखंड हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव की अध्यक्षतावाली खंडपीठ ने फेरी सेवा के मामले में साहिबगंज के अपर समाहर्ता के खिलाफ अवमानना का नोटिस जारी किया है। अदालत ने पूछा है कि कोर्ट के आदेश की अवहेलना करने पर क्यों नहीं आपके खिलाफ अवमानना का मामला चलाया जाए। अदालत ने अगली सुनवाई की तारीख आठ अप्रैल निर्धारित की है। इस दौरान अदालत ने मौखिक टिप्पणी करते हुए कहा कि या तो संबंधित अधिकारी को कोर्ट का आदेश समझ में नहीं आता है, या फिर वह जानबूझ कर कोर्ट के आदेश को दरकिनार करते हुए फिर से वही विज्ञापन जारी कर दिया है। इसको लेकर अंकुश राजहंस की ओर से हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की गई है।सुनवाई के दौरान प्रार्थी के अधिवक्ता प्रशांत पल्लव और पार्थ जालान ने अदालत को बताया कि साहिबगंज से मनिहारी के बीच विभिन्न घाटों से होकर चलने वाली फेरी सेवा के डाक (बोली लगाकर नीलामी) प्रक्रिया पर हाई कोर्ट ने 15 जनवरी को रोक लगा दी थी। लेकिन साहिबगंज के अपर समाहर्ता फिर से पूर्व के विज्ञापन को हूबहू फिर से प्रकाशित कर दिया है। यह कोर्ट के आदेश की अवहेलना है। उनकी ओर से फेरी सेवा को लेकर नया और पुराना विज्ञापन कोर्ट में प्रस्तुत किया गया। इसको देखने के बाद अदालत साहिबगंज के अपर समाहर्ता को अवमानना नोटिस जारी किया है। दाखिल याचिका में कहा गया है कि झारखंड सरकार की ओर से जारी विज्ञापन में शामिल गरम घाट और कुरसेला वैध नहीं हैं। इन्हें सरकार की ओर से अधिसूचित नहीं किया गया है।

## पैसे गबन के आरोपी को नहीं मिली जमानत

रांची। सिविल कोर्ट रांची के अपर न्यायायुक्त विशाल श्रीवास्तव की अदालत ने आपराधिक षडयंत्र के साथ जालसाजी कर विवेकानंद विद्या मंदिर का खाता अवैध रूप से दूसरे बैंक में खोलकर करोड़ों रुपए का गबन एवं धोखाधड़ी मामले के आरोपी जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र निवासी अभय कुमार मिश्रा की अग्रिम जमानत याचिका सुनवाई पश्चात खारिज कर दी है। आरोप है कि रामकृष्ण सेवा संघ के सचिव पद से हटने के बावजूद स्वघोषित सचिव बन कर अपने सहयोगियों के साथ मिलकर अवैध तरीके से बैंक में खाता खोलवाया और रुपए का गबन किया। इस मामले को लेकर तन्मय मुखर्जी ने चुटिया थाना में 7 जून 2022 को पांच लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। इसी मामले के एक आरोपी राजेश कुमार सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है। उसकी जमानत याचिका सिविल कोर्ट से दो बार खारिज हो चुकी है।

## प्राणा और ग्रीका बार एंड रेस्टोरेंट को हाईकोर्ट से मिली राहत

रांची। राजधानी में चल रहे 32 रूफटॉप बार और रेस्टूरेंट में से दो संचालकों को झारखंड हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। हाईकोर्ट ने कांके रोड स्थित ग्रीका किचन एवं बार और हरमू रोड स्थित प्राणा बार एंड लाउंज को बंद किए जाने के रांची नगर निगम के आदेश पर रोक लगा दी है। दरअसल रांची नगर निगम की ओर से इन दोनों बार एवं रेस्टोरेंट के संचालन को बंद करने का आदेश पारित किया गया था। जिसके खिलाफ बार संचालकों ने हाईकोर्ट में गुहार लगाई गई है। सुनवाई के दौरान प्रार्थियों के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि दोनों बार एवं रेस्टोरेंट जिस बिल्डिंग में चल रहे हैं उसका मैप प्लान रांची नगर निगम से स्वीकृत है। रूफटॉप पर कुर्सी टेबल के अलावा अस्थाई स्ट्रक्चर बना है। ये रेस्टोरेंट फायर सुरक्षा के मापदंड को भी पूरा कर रहे हैं, अग्निशमन विभाग से भी इन्होंने नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट लिया है।

## तत्कालीन सदर सीओ मुंशी राम को हाईकोर्ट से मिली जमानत

रांची। झारखंड हाईकोर्ट ने रिश्वत मामले में जेल में बंद तत्कालीन रांची सदर सीओ मुंशी राम को जमानत दे दी है। उनके ओर से दाखिल जमानत याचिका पर याचिकाकर्ता के वकील अनिल कुमार सिंह महाराणा ने बहस की। सुनवाई पश्चात जस्टिस आर मुखोपाध्याय की अदालत ने जमानत की सुविधा प्रदान की। बहस के दौरान याचिकाकर्ता के वकील ने दलीलें दी कि मामले में जांच पूरी करते हुए चार्जशीट दाखिल कर दी गई है। जेल से बाहर रहकर भी ट्रायल का सामना कर सकते हैं। मुंशी राम को जमीन का सीमांकन करने के लिए प्रभात कुमार सिंह से 50 हजार रिश्वत की मांग की थी। 37 हजार रुपये घुस लेते एसीबी की टीम ने 2 जनवरी 2025 को रंगेहाथों गिरफ्तार किया गया था। आरोपी के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति मामले में पीई दर्ज करने की अनुशंसा की मांग राज्य सरकार से की गई है। बता दें कि दो जनवरी को एसीबी की टीम ने मुंशी राम को रिश्वत के साथ गिरफ्तार किया था। उसके बाद एसीबी टीम ने उनके आवास पर छापेमारी की थी।

## रमजानुल मुबारक

## रमजान देने का महीना है

रमजान का पवित्र महीना मुसलमानों के बीच बहुत महत्वपूर्ण माना जाता है और इस्लाम में इसका बहुत महत्व है। यह एक ऐसा महीना है जिसमें नेक कामों को बढ़ावा दिया जाता है, खास तौर पर गरीबों को दान देने का महीना है। मुसलमानों को इस महीने में शरणार्थी शिविरों में अपने भाइयों और बहनों की मदद करने और उनके जीवन को बेहतर बनाने में योगदान देने का अवसर लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि पिछले 40 वर्षों से मई रमजान महीने में रोजा करता आ रहा हूं और अपनी संपत्ति का सदका करता आया हूं। अपने जरुरत मंद भाइयों के बीच हर रमजान के महीने में दान करना चाहिए। रमजान उन लोगों को बिना किसी संकोच के और असीमित रूप से दान देने का महीना है जो हमसे कम सुविधा संपन्न परिस्थितियों में रह रहे हैं। वास्तव में, रमजान के महीने का एक अभिन्न अंग हमारे समुदायों और उनके बाहर के जरूरतमंद लोगों को दान देना है। इस मुबारक महीने के दौरान हमें धार्मिक कार्य करते रहना चाहिए। इसके अलावा प्रत्येक मुसलमान का यह भी कर्तव्य है कि वह जरूरतमंदों को दान देकर उनकी मदद करे। पवित्र कुरान में अल्लाह कहते है- जो लोग अल्लाह के मार्ग में अपना धन खर्च करते हैं और अपने दान के साथ अपनी उदारता की याद नहीं दिलाते या चोट नहीं पहुँचाते, उनका प्रतिफल उनके रब के पास है। उन पर न तो कोई डर होगा और न ही वे शोक करेंगे।



सिद्दीक अंसारी

## सरहुल को लेकर केंद्रीय सरना समिति के सदस्यों के साथ जिला प्रशासन ने की बैठक



नवीन मेल संवाददाता। रांची

सरहुल पर्व को लेकर केंद्रीय सरना समिति के सदस्यों के साथ पुलिस अधीक्षक राजकुमार मेहता, अनुमंडल पदाधिकारी सदर उत्कर्ष कुमार एवं अपर जिला दंडाधिकारी विधि-व्यवस्था राजेश्वर नाथ आलोक के द्वारा संयुक्त रूप बैठक आयोजित की गई।

**केंद्रीय सरना समिति के सदस्यों ने कई सुझावों को रखा :** बैठक में केंद्रीय सरना समिति के सदस्यों ने सरहुल पर्व को अच्छे से सम्पन्न कराने को लेकर कई तरह के सुझाव दिया। जिसपर सम्बंधित पदाधिकारी द्वारा उनकी हर सुझाव को क्रमवार सुनते हुए सरहुल पर्व को भव्यता पूर्वक सम्पन कराने का आश्वासन दिया।

● सरहुल पर्व के दौरान पर्याप्त संख्या में फोर्स तैनात रहेंगे

**सरहुल पर्व के दौरान पर्याप्त संख्या में फोर्स तैनात रहेंगे :** पुलिस अधीक्षक ने बैठक में केंद्रीय सरना समिति के सदस्यों को आश्वासन देते हुए कहा की इस बार सरहुल पर्व के दौरान पर्याप्त संख्या में फोर्स तैनात रहेंगे। ताकि विधि-व्यवस्था की समस्या नही हो, सरना अस्थलों में बैरिकेड्स लगाए जाएंगे ताकि भीड़ को नियंत्रित और व्यवस्थित रखा जा सकें। उन्होंने उनसे विशेष रूप से कहा की आप सभी सहयोग करते हुए सरहुल पर्व को पुरे हर्षोल्लास के साथ सम्पन कराने में अपनी सहभागिता निभाए।

## अखिल भारतीय हास्य कवि सम्मेलन 12 को, तैयारी जोरो पर

नवीन मेल संवाददाता। रांची



कवि सम्मेलन आयोजन समिति के तत्वाधान में 12 मार्च को रात्रि 9 बजे से हरमू रोड स्थित मारवाड़ी भवन में अखिल भारतीय हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया है। कवि सम्मेलन आयोजन समिति के अध्यक्ष अशोक नारसरिया एवं मुख्य संयोजक सुरेश चंद्र अग्रवाल ने बताया कि होली के अवसर पर 12 मार्च को आयोजित कवि सम्मेलन में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्टीय स्तर के ख्याति प्राप्त सुप्रसिद्ध हास्य कवि सुनील पॉल (लाफ्टर चैलेंजर), ठहाको के सरदार जानी बैरागी, हास्य व्यंग कवि रमेश मुस्कान, इटावा वीर रस के कवि गौरव चौहान, श्रृंगार रस की प्रसिद्ध कवयित्री डॉ. भुवन मोहिनी एवं हास्य-व्यंग्य के कवि शशिकांत यादव शामिल होंगे।

उन्होंने बताया कि इस बार आयोजन में समिति ने चार नए सदस्यों अंजय सरावगी, हरिशंकर कनोडिया, निर्भय शंकर हरित एवं चंद्र प्रकाश धेलिया को जोड़ा गया है। निर्वतमान अध्यक्ष विनोद कुमार जैन एवं पूर्व अध्यक्ष ललित कुमार पोद्दार ने बताया कि कवि सम्मेलन को सफल व्यवस्था के लिए कमेटी बनाई गई है। सदस्यों को विभिन्न जिम्मेवारियां जिसमें- स्वागत सत्कार-पवन शर्मा एवं विनोद जैन, अर्थ-व्यवस्था- ललित कुमार पोद्दार, सभागार व्यवस्था- अनिल कुमार अग्रवाल, सुरक्षा व्यवस्था- पवन पोद्दार एवं कमल जैन, मंच सज्जा रतन मोर एवं मनोज बजाज, प्रशासनिक कार्य किशोर मंत्री एवं कमल जैन, अल्पाहार व्यवस्था- पवन पोद्दार, तथा कार्यक्रम मीडिया प्रभारी - संजय सर्राफ को दी गई है। समिति के सचिव अनिल कुमार अग्रवाल ने कहा कि कवि सम्मेलन मे पूर्णतया प्रवेश निःशुल्क है।

## वृद्धाश्रम में संगीतमय संध्या, बुजुर्गों ने उठाया संगीत का आनंद

नवीन मेल संवाददाता। रांची

बरियातू स्थित संध्या वृद्धाश्रम,बरियातू के बुजुर्गों के लिए बेहद खास रही। जब द पैशनेट एमेच्यर्स संगीत बैंड ने अपनी प्रस्तुति दी। इस अनूठे बैंड की विशेषता यह है कि इसमें वे वरिष्ठ नागरिक शामिल हैं, जो अपने युवा दिनों में संगीत से जुड़े थे, लेकिन जीवन की व्यस्तताओं के कारण इससे दूर हो गए थे। हाल ही में, इन संगीत प्रेमियों ने एक साथ अभ्यास कर अपने पुराने जुनून को फिर से जीवंत किया और अब लगभग पेशेवर स्तर की प्रस्तुतियाँ दे रहे हैं। वृद्धाश्रम में आयोजित इस विशेष संगीतमय संध्या में लगभग 30 बुजुर्गों ने भाग लिया और संगीत का भरपूर आनंद उठाया। कार्यक्रम के दौरान, कई बुजुर्गों ने अपने पसंदीदा गीतों की फरमाइश की, जिसे बैंड ने पूरे उत्साह के साथ प्रस्तुत किया। लाइव बैंड की प्रस्तुति आज के समय में दुर्लभ हो गई है, इसलिए यह आयोजन वहाँ के निवासियों के लिए एक यादगार अनुभव बन गया।

वृद्धाश्रम प्रशासन और वहां के निवासियों ने द पैशनेट एमेच्यर्स बैंड के इस सराहनीय प्रयास की सराहना की और भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने की इच्छा जताई।

# विकृत मानसिकता को बदलने के लिए समाज के लोग आगे आएं : तनुश्री सरकार

## स्कूलों में भी चलाया जाए जागरूकता कार्यक्रम



नवीन मेल संवाददाता। रांची

दुष्कर्म, छेड़छाड़ जैसे मामले राजधानी के लिए मानों आम हो गए हैं। कभी भी, कहीं भी, किसी के साथ छेड़छाड़ या बलात्कार की घटना आम हो गई है। रांची पुलिस के लिए यह सभी घटनाएं बड़ी चुनौती बन गई है। किसी भी घटना के बाद पुलिस को गिरफ़्तारी में कामयाबी मिल जाती है लेकिन आरोपियों में खौफ का माहौल नहीं बन पाता है। ऐसे में आरोपियों के बीच खौफ पैदा करना पुलिस के लिए भी चुनौती है।

इस संबंध में खूंटी बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष तनुश्री सरकार ने कहा कि विकृत मानसिकता को बदलने के लिए समाज के लोग आगे आए। वहीं स्कूलों में भी जागरूकता कार्यक्रम चलाया जाए। हाल ही में खूंटी में पांच नाबालिग लड़कियों के साथ हुए दुष्कर्म की घटना से भी झारखंड पुलिस पर कई सवाल उठ रहें हैं। हालांकि खूंटी बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष तनुश्री सरकार ने बताया कि मामले पर पॉक्सो एक्ट की धारा 19 के तहत कानूनी प्रक्रिया की गई। साथ ही बाल कल्याण समिति ने स्वतः संज्ञान लेकर मामले की गंभीरता को समझा। उन्होंने कहा कि इस तरह की घटना काफी लज्जाजनक, दुखदायी और अफसोसजनक है। इस तरह की घटना से हमारे ऊपर भी सवाल उठते हैं। कहीं न कहीं हम सभी प्रशासनिक पदाधिकारी अपनी जिम्मेवारियों का निर्वहन करने में अक्षम साबित हो रहे हैं। इस मामले के बाद राजधानी रांची में भी दुष्कर्म के मामले सामने आए जिसमें शनिवार को 4 वर्षीय नाबालिग बच्ची की घटना भी शामिल है। इस विषय पर तनुश्री सरकार ने कहा कि ऐसी विकृत मानसिकता को सिर्फ प्रशासन की पहल से बदला नहीं जा सकता है। इसके लिए समाज के लोगों को भी आगे आना होगा। स्कूलों में जागरुकता कार्यक्रम चलाने की जरूरत है। साथ ही ग्रामीणों और अभिभावकों को भी ऐसे अपराधों के खिलाफ सजग रहने की जरूरत है।

### फिल्में व सोशल मीडिया से बच्चों पर पड़ रहा गलत प्रभाव : भूमिका



मनोवैज्ञानिक भूमिका सच्चर के अनुसार आज के समय में सोशल मीडिया को छेड़छाड़ जैसे घटनाओं को अंजाम देने के लिए जिम्मेदार समझा जा सकता है। उन्होंने कहा कई ऐसी फिल्में बनाई जा रही है या बनाई गई है जिसमें मजे ओर शौक के लिए कई सीन दिखाए जाते हैं। लेकिन वैसी चीजें वास्तविकता में करने से क्या होगा इसके लिए जागरूकता नहीं फैलाई जाती है। भूमिका सच्चर ने कहा सोशल मीडिया पर वीडियो देख कर नाबालिग बच्चे एक्सपेरिमेंट करने की चाह में दुष्कर्म जैसी घटनाओं को अंजाम देते हैं। वहीं, दूसरी तरफ मनोविज्ञान के अनुसार पारिवारिक कलह, तनाव, आर्थिक समस्या भी बड़ा कारण होता है दुष्कर्म जैसी घटना को अंजाम देने के लिए। मनोवैज्ञानिक भूमिका ने कहा कि नाबालिग लड़के बलात्कार जैसी घटना या फिर छेड़ छाड़ की घटना को अंजाम ना दे इसके लिए परिवार को जागरूक होने की जरूरत है। बच्चों के बदलते व्यवहार पर तुरंत ध्यान देकर काउंसलिंग करवाना और सही गलत की सीख देना, आपराधिक सोच से बच्चों को दूर रखने में सहयोगपूर्ण साबित होगा। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया में इस तरह के वीडियो को बंद करवाना बेहद जरूरी है। आने वाली पीढ़ी को संभालने के लिए।

## आज / कल




## मुकेश तनेजा बने रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3250 के वर्ष 2027-28 के गवर्नर

नवीन मेल संवाददाता। रांची



रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3250 (झारखंड एवं बिहार) के 111 क्लबों के लिए वर्ष 2027-28 के गवर्नर पद का चुनाव रविवार को पटना के चाणक्य होटल में संपन्न हुआ। चुनाव में कुल 107 क्लबों के अध्यक्षों या उनके अधिकृत प्रतिनिधियों ने मतदान किया। इस प्रतिष्ठित पद के लिए कुल छह उम्मीदवारों ने अपनी दावेदारी पेश की, जिनमें से दो झारखंड से और चार बिहार से थे। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बावजूद रोटरी क्लब ऑफ रांची के पूर्व अध्यक्ष मुकेश तनेजा ने सबसे अधिक वोट प्राप्त कर विजयी होने का गौरव हासिल किया। उनके चयन के बाद पूरे झारखंड और बिहार में रोटरी क्लब ऑफ रांची की प्रतिष्ठा और प्रभाव का डंका बज उठा, और उन्हें देशभर से बधाइयां मिलने लगीं।

चुनाव प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर बिपिन चाचन, चुनाव पदाधिकारी गोपाल खेमका, राजीव मोदी, संजीव ठाकुर, राजन गंडोत्रा, दीपक डोकानिया आदि की अहम भूमिका रही, जबकि राजकुमार राजगढ़िया चुनाव पर्यवेक्षक के रूप में उपस्थित रहे। निर्वाचित गवर्नर मुकेश तनेजा ने जीत के बाद रोटरी क्लब ऑफ रांची के सभी सदस्यों के साथ-साथ पूरे डिस्ट्रिक्ट के सदस्यों का आभार व्यक्त किया।




### एमएसएम का सात सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल राज्यपाल से मिला

# मूलवासी सदानों को भी ग्राम प्रधान अध्यक्ष बनाने की मांग



■ ओबीसी फर्जीवाड़ा सर्वेक्षण को रोककर सही जनसंख्या आंकड़ा संग्रहित कराने व परिसीमन कराने की मांग

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद के नेतृत्व में सात सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल राज्यपाल संतोष गंगवार से मिला और तीन सूत्री मांग पत्र सौंपा। मूलवासी सदानों को जल- जंगल व जमीन में अधिकार देने और ग्राम प्रधान अध्यक्ष बनाने, ओबीसी का फर्जीवाड़ा सर्वेक्षण को तुरंत रोक लगाते हुए सही तरीके से सर्वेक्षण कराने और झारखंड में परिसीमन संवैधानिक प्रक्रिया के तहत कराने की मुख्य मांग है। राजेन्द्र प्रसाद ने राज्यपाल को बताया कि झारखंड में 74 प्रतिशत गैर आदिवासी हैं, जिसमें 65% प्रतिशत मूलवासी सदान मूलनिवासी हैं। जिनकी भाषा, संस्कृति पूजा पद्धति जनजातियों की तरह एक जैसी है। लेकिन दुर्भाग्यवश राज्य बनने के बाद सदानों की लगातार उपेक्षा हो रही है।

प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल को साहिबगंज और पाकुड़ जिला के वैसे पंचायतों का सूची भी सौंपी जिन पंचायतों में जनजातियों की एक भी आबादी नहीं है और इसके बावजूद सदानों को वैसे पंचायतों में भी मुखिया, प्रमुख, जिला परिषद अध्यक्ष बनने से वंचित किया गया। राज्यपाल ने प्रतिनिधिमंडल का आश्वासन दिया है कि वे मूलवासी सदानों की मांगों को राज्य सरकार और केंद्र सरकार को भेज देंगें। प्रतिनिधिमंडल में झारखंड आंदोलनकारी क्षितीश कुमार राय, विशाल कुमार, धनंजय कुमार राय, विश्वनाथ गोप, नवदीप महतो, डॉ ए प्रसाद आदि शामिल थे।

## झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलनः प्रांतीय अध्यक्ष पद का चुनाव 13 अप्रैल को

**रांची।** झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के सत्र 2025-27 के लिए प्रांतीय अध्यक्ष पद का चुनाव 13 अप्रैल को होगा। इसकी जानकारी झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के महामंत्री रवि शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि इस चुनाव में करीब 5 हजार से अधिक विभिन्न श्रेणी के सदस्य अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के द्विवार्षिक चुनाव के लिए 23 जिला एवं 3 अनुमंडल में मतदान किया जायेगा जिसमें उस क्षेत्र के सदस्य अपना मताधिकार का प्रयोग कर सकेगें। श्री शर्मा ने बताया कि झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के पूर्व अध्यक्ष विनय सरावगी को मुख्य चुनाव पदाधिकारी मनोनित किया गया है। श्री सरावगी ने राज कुमार मारू, प्रदीप जैन वाकलीवाल एवं अशोक पुरोहित को चुनाव पदाधिकारी बनाया गया है। श्री शर्मा ने बताया कि प्रांतीय अध्यक्ष के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 10 मार्च 2025 एवं नामांकन पत्र वापस करने की अंतिम तिथि 15 मार्च 2025 है।

## झारखंड फामेर्सी छात्र संघ राज्यपाल से मिला



**नवीन मेल संवाददाता**
**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मंगलवार को झारखंड फामेर्सी छात्र संघ का शिष्टमंडल राज भवन में भेंट की। झारखंड राज्य फामेर्सी काउंसिल के अध्यक्ष एवं निबंधक-सह-सचिव के विरुद्ध मामला दर्ज कर कार्रवाई करने के संदर्भ में एक ज्ञापन सौंपा। शिष्टमंडल ने ज्ञापन के माध्यम से झारखंड स्टेट फामेर्सी काउंसिल के अध्यक्ष द्वारा गलत सूचना देने एवं निबंधक पद पर अनुचित नियुक्ति की ओर ध्यान आकृष्ट किया। साथ ही, विधिक एवं प्रशासनिक अनियमितताओं की ओर ध्यान आकृष्ट कराते हुए इस मामले में आवश्यक कार्रवाई किए जाने का आग्रह किया। इसके अतिरिक्त, शिष्टमंडल ने डिप्लोमा-इन-फामेर्सी (डी फार्मा) परीक्षा समिति द्वारा डी फार्मा में की गई अनियमितताओं एवं भ्रष्टाचार की उच्चस्तरीय जांच की मांग भी की।

## सीएसआईआर-एनएमएल जमशेदपुर में वन वीक वन थीम विज्ञान रथ का दौरा किया गया

**नवीन मेल संवाददाता**
**रांची।** सीएसआईआर-राष्ट्रीय धातुकर्म प्रयोगशाला, जमशेदपुर ने विज्ञान रथ को हरी झंडी दिखाई, जिसे भारत के लोगों के बीच वन वीक वन थीम अनुसंधान गतिविधियों को लोकप्रिय बनाने के लिए डिजाइन किया गया है।



भारत सरकार के डीएसआईआर सचिव डॉ एन कलैसेल्वी और महानिदेशक सीएसआईआर ने 14 फरवरी 2025 को सीएसआईआर-आईएमएमटी भुवनेश्वर से विज्ञान आधारित शिक्षा और जागरूकता को बढ़ावा देने वाली पहल, विज्ञान रथ का उद्घाटन किया। यह अभिनव परियोजना ओडिशा, झारखंड और पड़ोसी राज्यों के स्कूलों, कॉलेजों और समुदायों में जाएगी। तीन सप्ताह तक यह वैज्ञानिक ज्ञान का प्रसार करेगी और नागरिकों को भारत के विकास में योगदान देने के लिए प्रेरित करेगी। विज्ञान रथ का उद्देश्य विकसित भारत 2047 के दृष्टिकोण के अनुरूप विज्ञान और नवाचार की संस्कृति को बढ़ावा देना है। यह प्रयास व्यक्तियों को सशक्त बनाने और विशेष रूप से सीएसआईआर के माध्यम से भारत के भविष्य को आकार देने का वादा करती है। विज्ञान रथ को अनुसंधान एवं विकास, खनन, खनिज, धातु और सामग्री (4एम) विषय के अनुसार डिजाइन किया गया है।

## बहुग्रामीण पाइप जलापूर्ति से वंचित रह गया खलारी का बमने पंचायत

**नवीन मेल संवाददाता**
**खलारी।** प्रखंड के 14 पंचायतों में से 13 में बहुग्रामीण पाइप जलापूर्ति योजना के फिल्टर प्लांट से घर-घर नल से पानी मिलने लगेगा। परतु प्रखंड का एकमात्र पंचायत बमने इससे वंचित रह गया है। बताया गया कि बमने पंचायत के लिए अलग से फिल्टर प्लांट प्रस्तावित था। परंतु बमने की आबादी कम होने के कारण योजना स्थगित कर दी गई। विभाग का दावा है कि बमने में डीप बोर से घरों में नल से पानी आपूर्ति की जा रही है। परंतु सच्चाई इससे अलग है। बमने की काफी संख्या में ग्रामीण महिलाएं आज भी दूर दराज के कुएं से सिर पर पानी ढो रही हैं। गांव में पानी आपूर्ति का हाल जानने



गए नवीन मेल संवाददाता को पूर्णिमा देवी ने उस कुएं को दिखाया जिसका पानी वे लोग इस्तेमाल कर रही हैं। कुएं के तलहटी में पत्थर और एक किनारे एक गड्ढे में थोड़ा पानी दिखाई दे रहा था। उस गड्ढे से पानी खींचने के लिए एक मोटर भी लगा दिखा। कुएं से लाकर घर के ड्रम में रखा पानी हरा व दूषित लग रहा था। पूर्णिमा के पति फुलेश्वर महतो ने बताया कि उनका घर बमने पंचायत भवन के करीब है, बावजूद पानी की भारी समस्या है। बमने गांव की भौगोलिक स्थिति पठार जैसी है। गांव के कुछ घर ऊंचाई पर है तो कुछ निचले भाग में हैं। निचले भाग वाले ग्रामीणों को सोलर जलमीनार से पानी मिल रहा है। ग्रामीणों ने पंचायत प्रतिनिधियों से नाराजगी व्यक्त की।

### गुटखा पान मसाला के खिलाफ एसडीओ ने की छापेमारी

# खाद्य लाइसेंस नहीं दिखाने पर तीन दुकानों को दिया गया नोटिस

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड में निकोटिनयुक्त गुटखा और पान मसाला पर प्रतिबंध लगने के बाद से रांची जिला में अनुमंडल पदाधिकारी सदर के निदेश पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 और कोटपा 2003 के तहत जांच दल द्वारा सघन छापामारी की जा रही है। कोतवाली थाना अंतर्गत अपर बाजार, महावीर चौक,मारवाड़ी कॉलेज एवं लेक रोड इत्यादि स्थानों पर सघन जांच अभियान चलाई गई। जांच के दौरान कुल 22 प्रतिष्ठानों की जांच की गई जिसमें 7 दुकान खाद्य प्रतिष्ठान के थे जिनके खाद्य सामग्रियों जैसे मिठाई, पेड़ा लड्डू बुंदिया गाजा इत्यादि की जांच की गई एवं



दुकानों को साफ सफाई का ध्यान रखने एवं और अखाद्य रंग का इस्तेमाल न करने सख्त चेतावनी दी गई। खाद्य लाइसेंस नहीं दिखाने पर तीन दुकानों को नोटिस दिया गया है। जिन दुकानों में कोटपा अधिनियम 2003 का उल्लंघन पाया गया उन दुकानदारों पर कोटपा अधिनियम के तहत कुल 1400 रुपए का जुर्माना लगाया गया।

इसके साथ ही, सभी खाद्य सामग्री बेचने वाली दुकानों को यह सख्त हिदायत दी गई कि वे निकोटिनयुक्त गुटखा और पान मसाला न बेचें। यदि किसी दुकान में इस प्रतिबंधित पदार्थ की बिक्री पाई गई तो संबंधित दुकानदार के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

इस जांच अभियान में खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी सुबीर रंजन, टोबैको कंट्रोल सेल के डिस्ट्रिक्ट कंसल्टेंट सुशांत कुमार, खाद्य सुरक्षा कार्यालय के कर्मी शिवनंदन यादव एवं सजल श्रीवास्तव साथ ही कोतवाली थाना के पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल शामिल थे। प्रशासन की ओर से यह भी कहा गया कि इस तरह के निरीक्षण आगे भी जारी रहेंगे और होली त्यौहार को देखते हुए खाद्य सामग्रियों की जांच भी व्यापक पैमाने पर की जा रही है ताकि किसी प्रकार की मिलावट युक्त सामग्री की बिक्री ना हो।

## फरार वारंटी के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार

**मुरी।** मुरी ओपी थाना में दर्ज पॉस्को एक्ट के अप्राथमिकी अभियुक्त पारस साह, पिता स्वर्गीय मकसूदन साव, ग्राम गौरा, थाना कोचस, जिला रोहतास (बिहार) के विरुद्ध न्यायालय द्वारा पूर्व में निर्गत वारंट के आलोक में अभियुक्त के घर पर गिरफ्तारी हेतु कई बार पुलिस बल द्वारा छापेमारी किया। लेकिन अभियुक्त को फरार पाया गया। इसके बाद न्यायालय द्वारा उक्त अप्राथमिकी अभियुक्त के विरुद्ध विधि संवत कार्रवाई के लिए इश्तेहार निर्गत किया था जिसके आलोक में फरारी वारंटी अभियुक्त के घर पर मुरी ओपी थाना के अवर निरीक्षक मणि भूषण पासवान कोचस थाना पुलिस के सहयोग से विधिवत इश्तेहार अभियुक्त के दरवाजे पर चिपकाया।

## सरफराज अहमद बने विधायक प्रतिनिधि



**नवीन मेल संवाददाता**
**ठाकुरगांव।** बुढ़मू के उमेदंडा निवासी अधिवक्ता सह समाजसेवी सरफराज अहमद को बुढ़मू प्रखंड ग्रामीण कार्य विकास विभाग का विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया किया गया है। शुरू से ही समाजसेवा में तत्पर रहने वाले सरफराज अहमद उर्फ गुडडू को प्रखंड व अंचल से संबंधित कई अन्य मामलों की भी विशेष जिम्मेवारी सौपी गई है। मंगलवार को विधायक सुरेश बैठा ने उक्त आशय की जानकारी देते हुए यह जिम्मेवारी सौंपी ।साथ ही इससे संबंधित अधिसूचना जारी कर संबंधित विभाग को प्रतिलिपि कॉपी प्रेषित कर दिया है। इधर विधायक सुरेश बैठा द्वारा सरफाराज अहमद को बुढ़मू प्रखंड ग्रामीण विकास विभाग का विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किए जाने पर पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, विधायक प्रतिनिधि गोपाल तिवारी, प्रखंड अध्यक्ष बलराम साहू, कांग्रेस जिला ग्रामीण कोषाध्यक्ष तनवीर आलम, कांग्रेस रांची जिला महासचिव जाकिर हुसैन,ने हर्ष व्यक्त करते हुए उज्वल भविष्य का कामना किया है। इसके अलावे हर्ष व्यक्त करने वालो में बुढ़मू वरिष्ठ पत्रकार सुदीप सिंह, उमेदंडा पंचायत के उपमुखिया पवन राम सहित अन्य लोग शामिल हैं।

## ब्लिट्ज चेस चैंपियनशिप की मेजबानी झारखंड को मिली



**रांची।** आगामी 20 से 23 मार्च 2025 को होनेवाली नेशनल रैपिड एंड ब्लिट्ज चेस चैंपियनशिप 2024-25 की मेजबानी झारखंड को मिली है। ऑल इंडिया चेस फेडरेशन के तत्वावधान में ऑल झारखंड चेस एसोसिएशन के बैनर तले रांची डिस्ट्रिक्ट चेस एसोसिएशन द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता का आयोजन सरला बिरला विश्वविद्यालय, रांची में होगा। प्रतियोगिता में कुल 6.5 लाख रुपए की ईनामी राशि रखी गयी है। इस भव्य प्रतियोगिता में देश भर के 250 से ज्यादा प्रतिभागी शिरकत करेंगे, जिसमें 50 इंटरनेशनल मास्टर एवं ग्रैंड मास्टर भी शामिल हैं। इस प्रतियोगिता से 4 खिलाड़ियों का चयन भी किया जायेगा जो आगामी होने वाली एशियन चेस प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।उक्त जानकारी ऑल झारखंड चेस एसोसिएशन संघ के अध्यक्ष डॉ. प्रदीप कुमार वर्मा (सांसद) एवं सचिव मनीष कुमार के साथ रांची डिस्ट्रिक्ट चेस एसोसिएशन के सचिव सह आयोजन सचिव नवजोत अलंग ने दी। कोषाध्यक्ष सतीश कुमार तथा मीडिया प्रभारी संतोष द्विवेदी उपस्थित थे।

## भूजल निकासी विषय पर त्रैमासिक वार्ता का किया गया आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**
**रांची।** केंद्रीय भूमि जल बोर्ड, राज्य एकक कार्यालय ने मंगलवार को केंद्रीय भूमि जल प्राधिकरण द्वारा भूजल निकासी से सबंधित आनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत एवं भूजल निकासी विषय पर त्रैमासिक वार्ता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय जल आयोग व झारखण्ड सरकार के विभिन्न विभागों सहित कुल 25 अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। आयोजन की अध्यक्षता केंद्रीय भूमि जल बोर्ड, मध्य पूर्वी क्षेत्र पटना के , क्षेत्रीय निदेशक राजीव रंजन शुक्ला व प्रभारी



अधिकारी रोज अनीता कुजूर ने किया। कार्यक्रम में आलोक कुमार सिन्हा ने केंद्रीय भूमि जल प्राधिकरण पर भूजल निकासी से संबंधित दिशा निर्देश पर विस्तृत व्याख्यान प्रस्तुत किया। वहीं नुरोध किया कि राज्य सरकार द्वारा भूजल प्राधिकरण को अतिशीघ्र स्थापित किया जाए। केंद्रीय भूमि जल बोर्ड द्वारा वर्ष 2023-24 वार्षिक कार्य योजना के दौरान कोडरमा जनपद के तीन प्रखंडों में किए गए नैक्यूम 2.0 अध्ययन को सपना साक्षी ने विस्तृत व्याख्यान के माध्यम से प्रस्तुत किया गया तथा गहरे बोर वेल में बच्चों के गिरने से रोकथाम के लिए एक जागरूकता वीडियो को भी प्रस्तुत किया गया।

### फैलते प्रदूषण पर सेमिनार का हुआ आयोजन, कई पर्यावरण प्रेमी हुए शामिल

## प्रदूषण न सिर्फ मानव बल्कि पशु-पक्षी के लिए भी खतरनाक : मुश्ताक अहमद

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
ग्राम उत्थान सेवा समिति की ओर से फैलते प्रदूषण पर सेमिनार का आयोजन रांची प्रेस क्लब में सोमवार को किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला अध्यक्ष मुश्ताक अहमद शामिल हुए। सेमिनार की सराहना करते हुए मुश्ताक अहमद ने कहा कि आज के समय में प्रदूषण का स्तर काफी ज्यादा बढ़ गया है। यह चिंता का विषय है। इसे नियंत्रित करने में सभी को आगे आने की जरूरत है। बढ़ते प्रदूषण न सिर्फ मानव के लिए बल्कि पशु-पक्षी, पेड़-पौधे सभी के लिए खतरनाक हैं। आज जिस गति से जनसंख्या में वृद्धि हो रही है, प्रदूषण बढ़ने का यह



एक बड़ा कारण है। हम सभी मिलकर यदि इसे नियंत्रित करने की दिशा में काम करेंगे तो सफलता जरूर मिलेगी। वहीं पर्यावरण के क्षेत्र में लगातार काम कर रहे पर्यावरण विद् नीतीश प्रियदर्शी ने कहा कि आज दनादन पेड़ काटे जा रहे हैं।

## कल से 13 मार्च तक जिलों में अटल विरासत सम्मेलन : आदित्य साहू

**नवीन मेल संवाददाता**
**रांची।** प्रदेश भाजपा द्वारा अटल जन्म शताब्दी के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आगामी 6 से 13 मार्च तक सभी सांगठनिक जिलों में अटल विरासत सम्मेलन का आयोजन होगा। यह जानकारी अटल जन्मशताब्दी समारोह के प्रदेश संयोजक सांसद आदित्य साहू ने दी। श्री साहू ने बताया कि सम्मेलन में बतौर मुख्य वक्ता प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी सहित विभिन्न सांगठनिक जिलों में प्रदेश के नेतागण शामिल होंगे। सम्मेलन में झारखंड निमार्ता अटल बिहारी वाजपेयी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर संबोधन होगा ।साथ ही अटल जी के साथ जनसंघ एवं भाजपा में कार्य करने वाले वरिष्ठ कार्यकताओं,उनके परिवारजन



**प्रदेश अध्यक्ष सहित प्रदेश के प्रमुख नेता विभिन्न जिलों में होंगे शामिल**

,आपातकाल में संघर्ष करने वाले कार्यकताओं का सम्मान भी किया जाएगा। बताया कि प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी 09 मार्च को कोडरमा में, कार्यकारी अध्यक्ष डॉक्टर रविंद्र कुमार राय देवघर में केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ 08मार्च को गोड्डा में,पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा 13 मार्च को सरायकेला खरसावां में, पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन 08 मार्च को रांची महानगर में,पूर्व मुख्यमंत्री मधुकोड़ा 07 मार्च को सिमडेगा मे पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिनेशानंद गोस्वामी 10 मार्च को रांची ग्रामीण जिला में,पूर्व प्रदेश अध्यक्ष यदुनाथ पांडेय 06 मार्च को लोहरदगा में, अभयकांत प्रसाद 08 मार्च को पाकुड़ में,पूर्व सांसद सुनील सिंह 08मार्च को पलामू में, पूर्व नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी 08मार्च को दुमका में सम्मेलन को संबोधित करेंगे। बताया कि 06 मार्च को पूर्व सांसद अजय मारू खूंटी में, 08मार्च को सांसद कालीचरण सिंह गढ़वा में,09 मार्च को बालमुकुंद सहाय धनबाद ग्रामीण जिला,श्याम नारायण दुबे लातेहार में,सुदर्शन भगत रामगढ़ में, बिरांची नारायण पूर्वी सिंहभूम में, नारायण दास साहेबगंज में सम्मेलन को संबोधित करेंगे।

## न्यूज बॉक्स

### बजट आर्थिक विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम : संजय सर्राफ

**रांची।** झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन के प्रांतीय प्रवक्ता सह रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के संयुक्त महामंत्री संजय सर्राफ ने कहा है कि झारखंड सरकार द्वारा पेश की गई आम बजट अगर बजट की सारी अनुशंसाएं पूर्ण रूप से लागू हो जाती है तो यह बजट आर्थिक विकास और सामाजिक कल्याण के संतुलन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। बजट में शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यटन में बढ़ावा देना, महिलाओं की उन्नति के लिए कई योजनाएं, तथा इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट, टूरिज्म डेवलपमेंट, झारखंड स्टूडेंट रिसर्च इनोवेशन पॉलिसी के प्रस्ताव को लागू करने से युवाओं को शोध एवं नवाचार के क्षेत्र में अवसर मिलेंगे। स्टेट टेक्नोलॉजी पार्क की अनुसंधान, नवाचार नीति व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विश्वविद्यालय तीन जिलों में तकनीकी यूनिवर्सिटी, 7 जिलों में मेडिकल कॉलेज खोलने, तथा वाल्मीकि छात्रवृत्ति योजना एक अच्छा पहल है। बजट में नए निवेश और औद्योगिक क्षेत्र में इंफ्रा डेवलपमेंट का प्रावधान करना, राज्य में नए निवेश, रोजगार सृजन, पर्यटन विकास की दिशा में योजनाओं को क्रियान्वित कराने का उद्देश्य स्वागतयोग्य है। तथा आगामी वर्ष में 20 हजार करोड रुपए के निवेश की बात कहीं गई है।



### झांसा देकर नाबालिग को लेकर फरार आरोपी उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार



**रांची।** चान्हो थाना में 05 अगस्त 2024 को गोपी राम के खिलाफ शिकायत दर्ज की गई थी जिसकी गिरफ्तारी पुलिस ने सोमवार को उत्तर प्रदेश से की। दरअसल, गोपी राम के खिलाफ नाबालिग को झांसा देकर अपने साथ लेकर फरार होने की शिकायत दर्ज की गई थी। नाबालिग के परिजनों के द्वारा 5 अगस्त को शिकायत की गई थी जिसकी गिरफ्तारी गुप्त सूचना के आधार पर गाजीपुर, भटौरा उत्तर प्रदेश से की गई। गिरफ्तार अभियुक्त को मंगलवार को न्यायिक हिरासत में भेजा गया। नाबालिग को अभियुक्त के पास से बरामद किया गया है।

### केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री ने छह योजनाओं का किया शिलान्यास



**रांची।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने अपने सांसद मद से 54 लाख की लागत से बनने वाली 6 योजनाओं का शिलान्यास किया। वार्ड नंबर 34 गंगानगर साई सिटी में पीसीसी पथ, वार्ड नंबर 50 हेथु में शमशान सेड का निर्माण ,सरई टोला टाटी सिल्वे सामुदायिक भवन का निर्माण, वार्ड संख्या 53 ब्रिज फोर्ड स्कूल के पास अटल कॉलोनी में पीसीसी पथ का शिलान्यास, होटवासी शिवपुरी रोड नंबर 7 में पीसीसी पथ का शिलान्यास, होंटवासी रोड नंबर 4 में पीसीसी पथ का शिलान्यास किया गया। इस अवसर पर सांसद संजय सेठ ने कहा कि प्राथमिकता के आधार पर हर क्षेत्र का विकास किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रेरणा से हम लोग सभी कार्य करते हैं और आगे भी निरंतर क्षेत्र का विकास किया जाएगा। मौके पर आरती कुजूर विनोद सिंह अरुण झा राजू सिंह मनोज झा कमल किशोर झा गुड्डू साहू राजेंद्र महतो प्रमोद सिंह उमेश यादव रामजी प्रसाद अशोक मुंडा संजय सिंह राजू नायक अंकित सिंह विशेष रूप से सम्मिलित थे।

### आस्था उरांव को प्राचार्य ने दी बधाई

**रांची।** राम लखन सिंह यादव महाविद्यालय के छात्र आस्था उरांव को ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी वूशु (पुरुष/महिला) चैंपियनशिप में तीन स्वर्ण एक रजत पदक प्राप्त किया। यह खेल पंजाब के चंडीगढ़ में 22 से 27 फरवरी तक आयोजित किया गया था। इस उपलब्धि के लिए राम लखन सिंह यादव कॉलेज के प्राचार्य डॉ. विष्णु चरण महतो ने खिलाड़ी को शुभकामनाएं और उज्जवल भविष्य कामना की। साथ ही बर्सर नीतू कुमारी, परीक्षा नियंत्रक डॉ. शशि शेखर, खेल प्रभारी डॉ. दीपक प्रमाणिक, खेल प्रशिक्षक राम प्रसाद एवं कॉलेज के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं एवं शिक्षा कर्मचारी ने बधाई दिया।

### उच्च शिक्षा में सुधार को लेकर राज्यपाल को सौंपा प्रतिवेदन

**रांची।** राज्यपाल-सह-झारखंड राज्य के विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार से झारखंड यूनिवर्सिटी टीचर्स एसोसिएशन (जेयूटीएएन) का एक शिष्टमंडल राजभवन में भेंट की। राज्यपाल द्वारा पूर्व में उच्च शिक्षा में सुधार के लिए मांगे गए सुझाव पर प्रतिवेदन समर्पित किया गया। इसमें कहा गया है कि सीयूईटी के मूल्यांकन के आधार पर ही विद्यार्थियों को डिग्री में प्रवेश दिया जाए। स्नातक डिग्रीधारी विद्यार्थियों को अपनी भाषा समृद्ध करनी होगी, केवल सकल नामांकन अनुपात में वृद्धि पर जोर न देकर गुणात्मक शिक्षा की ओर ध्यान देना होगा। पुस्तकालयों को समृद्ध एवं वाचनालय से युक्त होना आवश्यक है। शिष्टमंडल ने शिक्षकों की नियुक्ति एवं प्रोन्नति की दिशा में भी ध्यान आकृष्ट कराया।

### सेवानिवृत्त मेकॉन डायरेक्टर के निधन पर शोक व्यक्त किया



**रांची।** सेवानिवृत्त मेकॉन डायरेक्टर व स्नेह ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन्स के अध्यक्ष शशि भूषण प्रसाद का आकस्मिक निधन 28 फरवरी को हुआ। स्नेह ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन्स के अंतर्गत संचालित सेंटर फॉर बायोइनफॉर्मेटिक्स (पॉलिटेक्निक कॉलेज), संतोष कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग एंड एजुकेशन, संतोष कॉलेज ऑफ नर्सिंग एवं स्नेहकुल पब्लिक हाई स्कूल के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और कर्मचारियों ने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। शशि भूषण प्रसाद ने शिक्षा के क्षेत्र में अनुकरणीय योगदान दिया है। वे संस्थान की डायरेक्टर, डॉ. रश्मि के पति थे। इस शोक की घड़ी में संस्थान का प्रत्येक सदस्य शोकाकुल परिवार के साथ खड़ा है और उनकी आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना करता है।

### शासी निकाय की हुई बैठक

**सिल्ली।** बालिका उच्च विद्यालय सिल्ली के पतराहातु स्कूल में शासी निकाय की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता परिषद सदस्य डॉक्टर राधा रमन साहू ने किया। मौके पर शिक्षाविद् सदस्य के रूप में विद्यालय के संस्थापक सचिव तथा सेवानिवृत प्रधानाध्यापक भजोहरि महतो का चयन किया। साथ ही भजोहरि महतो ने दानदाता के रूप में सदस्य रासबिहारी महतो को अध्यक्ष रूप में चयन किया।

# डीवीसी को बेचना चाहती है केंद्र सरकार : अभिजीत राय



**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** डीवीसी श्रमिक यूनियन (सी आई टी यू ) के हजारीबाग यूनिट का 12 वां सम्मेलन संपन्न। सम्मेलन की अध्यक्षता हरेंद्र सरकार ने किया। सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए यूनियन के अखिल भारतीय महासचिव अभिजीत राय ने कहा कि डीवीसी को ट्रांसमिशन, डिस्ट्रीब्यूशन और जनरेशन के नाम पर तीन भागों में बांट कर केंद्र सरकार इसे नीजि हाथों में देना चाहती है ताकि डीवीसी अपने लक्ष्य से भटक जाए। डीवीसी की स्थापना के पीछे यह उद्देश्य था कि इस इलाके में बाढ़ को नियंत्रित करना, सिंचाई व्यवस्था किसानों को देना और दामोदर नदी के इलाके के आसपास रहने वाले लोगों का आर्थिक, शैक्षणिक और सामाजिक स्थिति में सूधार करना था। इसके लिए डीवीसी ने "सोशल इंटीग्रेशन प्रोग्राम "बनाया था लेकिन यह सब भूलकर डीवीसी अब सिर्फ बिजली बेचकर व्यापार कर रही है। डीवीसी में काम करने वाले मजदूर को अपने क्वार्टर में स्मार्ट मीटर लगाना अनिवार्य कर दिया है ,जिससे डीवीसी मजदूरों को काफी नुकसान होगा। 2013 के बाद से लेकर आज तक एक भी कर्मचारियों की बहाली नहीं हुई है, लेकिन समय-समय पर अधिकारियों की बहाली होते रही है।

उपायुक्त का लगा जनता दरबार, शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे फरियादी

# आमजनों की समस्याओं के त्वरित समाधान के दिए गए निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** समाहरणालय सभागार में मंगलवार को साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया। उपायुक्त नैन्सी सहाय ने आमजनों की समस्याओं को सुना तथा इसके त्वरित समाधान के निदेश संबंधित अधिकारियों को दिया। इस अवसर पर लगभग एक दर्जन फरियादियों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन समर्पित किये। इस अवसर पर शहरी सहित विभिन्न प्रखंड से आये आवेदकों ने एलपीसी निर्गत, भूमि विवाद, पीडीएस दुकान, दाखिल खारिज, अनुकम्पा पर नौकरी, दिव्यांग लाभ, जबरन गुमटी हटाने आदि से संबंधित आवेदन देकर समाधान की मांग की। वहीं दारू प्रखण्ड की जरीना खातुन ने एलपीसी निर्गत करने, चेतलाल यादव विष्णुगढ़ ने भूमि अतिक्रमण, मार्खम कॉलेज हनुमान नगर के सीता राम गुप्ता ने पीडीएस दुकान पुत्र के नाम करने, नेहा कुमारी ने अनुकम्पा के आधार पर नौकरी, चौपारण के कैलाश प्रसाद दाखिल खारिज, सरैया पदमा की रिंकी देवी ने कस्तुरबा गांधी स्कूल पदमा में रसाईया के पद में योगदान देने, परसी ईचाक के सुनिल बैध ने बंदोबस्त कार्यालय से भूमि संबंधी दस्तावेज दिखाने इत्यादि से संबंधित आवेदन देकर इसके समाधान का अनुरोध किया। मौके पर आये सभी आवेदनों को संबंधित अधिकारियों को भेजते हुए जांचोपरांत त्वरित करने का निर्देश दिया गया।



### गाली-गलौज एवं धमकी से राहत दिलाने की मांग

बरही धाबी टोला के सिकन्दर साव ने कुछ लोगों के द्वारा जबरन गुमटी हटाने गाली-गलौज एवं धमकी देने के संबंध में आवेदन देकर राहत की मांग की जिसपर उपायुक्त ने तत्काल संबंधित पदाधिकारी को प्रेषित करते हुए जांच एवं कार्रवाई का निर्देश दिया।

## न्यूज बॉक्स

### आठ को श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का होगा शुभारंभ




**रामगढ़।** भुरकुंडा रिवर साइड स्थित शास्त्री पार्क दुर्गा मंडप प्रांगण में आगामी 8 मार्च से पांच दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शंखनाद होगा। 8 से 12 मार्च तक चलने वाले श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में श्रीधाम वृन्दावन के आचार्य पंडित कुंज बिहारी शुक्ल के द्वारा प्रत्येक दिन संध्या 5 बजे से रात्रि 8 बजे तक भगवान श्री कृष्ण के अलौकिक और अद्भुत लीलाओं का आनंदमयी वर्णन किया जाएगा। श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का 8 मार्च को सुबह 7 बजे से कलश यात्रा के साथ आगाज होगा। इसके बाद कई धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया जायेगा। जबकि 12 मार्च को पूर्णाहुति एवं प्रसाद वितरण के साथ ज्ञान यज्ञ का समापन होगा।

### सांसद ने राज्यपाल से मिलकर विनोबा भावे विवि में स्थायी कुलपति नियुक्ति की उठाई मांग



**हजारीबाग।** सांसद मनीष जायसवाल झारखंड प्रदेश के बीजेपी अध्यक्ष सह झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी से मिलकर झारखंड के मौजूदा राजनीतिक हालात पर भी चर्चा- परिचर्चा की । इस दौरान यहां सांसद मनीष जायसवाल का विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो, झारखंड के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर सहित पक्ष विपक्ष के विधायकों ने पुरजोर स्वागत किया। तत्पश्चात सांसद मनीष जायसवाल ने झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार से औपचारिक मुलाकात की और हजारीबाग स्थित विनोबा भावे विश्विद्यालय में जल्द से जल्द स्थायी कुलपति की नियुक्ति मांग की ।

### पुलिस व्यवस्था को लेकर विधायक ममता देवी ने विधानसभा में उठाए प्रश्न



**रामगढ़।** रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र की विधायक ममता देवी ने झारखंड विधानसभा के सत्र में दुलमी प्रखंड में थाना निर्माण एवं पुलिस व्यवस्था को लेकर सरकार से जवाब मांगा। उन्होंने तारांकित प्रश्न के माध्यम से सरकार का ध्यान इस गंभीर विषय की ओर आकृष्ट किया।

**विधायक ममता देवी ने सदन में तीन प्रमुख बिंदुओं पर सरकार से जवाब मांगा:**

1. क्या यह सत्य है कि रामगढ़ जिला के दुलमी प्रखंड में अब तक कोई थाना स्थापित नहीं हुआ है?
2. क्या यह सही है कि दुलमी प्रखंड के निवासियों को थाना संबंधी मामलों के लिए 15 से 20 किलोमीटर दूर जाना पड़ता है?
3. क्या यह सच है कि अप्रिय घटनाओं के बाद पुलिस को घटनास्थल तक पहुंचने में 1 से 2 घंटे तक का समय लग जाता है?

विधायक ममता देवी ने कहा कि दुलमी प्रखंड के लाखों निवासियों को थाना न होने की वजह से कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। सुरक्षा की दृष्टि से यह बेहद आवश्यक है कि इस क्षेत्र में जल्द से जल्द थाना स्थापित किया जाए ताकि अपराध नियंत्रण और पुलिस सहायता की पहुँच बेहतर हो सके। उन्होंने सरकार से दुलमी प्रखंड में शीघ्र थाना निर्माण की मांग की और आशा जताई कि इस विषय पर सकारात्मक निर्णय लिया जाएगा। इसकी जानकारी दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने दी ।

विधायक ने वकीलों की समस्याओं को लेकर सरकार से की ठोस कदम उठाने की मांग

# वकीलों को बुनियादी सुविधाएं और सामाजिक सुरक्षा मिले : प्रदीप प्रसाद



**हजारीबाग।** सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने झारखंड विधानसभा के सत्र के दौरान राज्यभर के वकीलों की समस्याओं को गंभीरता से उठाया। उन्होंने कहा कि झारखंड में 36 बार एसोसिएशन कार्यरत हैं, जिनमें लगभग 35,000 से अधिक वकील न्यायिक प्रक्रिया में अपनी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इन वकीलों का योगदान प्रशासनिक व न्यायिक तंत्र को सुचारू रूप से चलाने में अतुलनीय है, लेकिन इनके कार्यस्थलों पर मूलभूत सुविधाओं का भारी अभाव है। विधायक प्रदीप प्रसाद ने सदन में इस ओर ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि झारखंड राज्य के अधिकांश बार एसोसिएशन परिसरों में आधारभूत संरचना और आधुनिक सुविधाओं की भारी कमी है। उन्होंने कहा कि न्याय प्रक्रिया में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले वकीलों को अपने कार्यस्थल पर बुनियादी सुविधाएँ तक उपलब्ध नहीं हैं, जिससे उनके कार्य में बाधा उत्पन्न होती है। उ न्होंने बताया कि कई बार एसोसिएशन परिसरों में पेयजल, शौचालय, वाई-फाई, पुस्तकालय, वातानुकूलित सुविधाएं बैठने की उचित व्यवस्था, सुरक्षा एवं पार्किंग जैसी जरूरी सुविधाएं नहीं हैं। इसके अलावा, कई बार एसोसिएशनों में वकीलों के लिए चैंबर तक की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है, जिससे उन्हें असुविधाओं का सामना करना पड़ता है। प्रदीप प्रसाद ने सदन में यह भी माँग की वकीलों के सामाजिक एवं आर्थिक सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाए जाएं उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट को राज्य में शीघ्र लागू किया जाए ताकि वकीलों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। इसके साथ ही, उन्होंने सरकार से माँग की झारखंड के वकीलों को भी जीवन बीमा, स्वास्थ्य बीमा और आकस्मिक दुर्घटना बीमा जैसी योजनाओं का लाभ दिया जाए। उन्होंने कहा कि वकील पूरे जीवन जनता को न्याय दिलाने के लिए संघर्ष करते हैं, लेकिन उनके स्वयं के हितों की रक्षा के लिए कोई ठोस योजना नहीं है। विधायक प्रदीप प्रसाद ने सरकार से आग्रह किया कि राज्य के सभी बार एसोसिएशन परिसरों को आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जाए और इसके लिए एक निश्चित बजट आवंटित किया जाए। उन्होंने कहा कि जब तक वकीलों को बेहतर कार्य वातावरण नहीं मिलेगा, तब तक वे न्यायिक प्रक्रिया में प्रभावी योगदान नहीं दे पाएँगे। उन्होंने सरकार से माँग की बार एसोसिएशनों के विकास के लिए एक विशेष अनुदान योजना बनाई जाए, जिससे वकीलों को आधारभूत संरचना और आधुनिक सुविधाएँ उपलब्ध कराई जा सकें। प्रदीप प्रसाद ने सरकार से अपील की वह इस विषय को गंभीरता से लेते हुए तत्काल आवश्यक कदम उठाए। उन्होंने कहा कि यदि सरकार इस दिशा में शीघ्र निर्णय लेती है तो इससे राज्य के 35,000 से अधिक वकीलों को न केवल सुविधा मिलेगी, बल्कि न्यायिक प्रक्रिया भी अधिक प्रभावी होगी।

# अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मजदूर की हुई मौत



- **मुआवजे की मांग को लेकर ग्रामीणों ने किया सड़क जाम**

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़ ।** कुजू ओपी क्षेत्र अंतर्गत सरना स्थल बोंगावार फोरलेन सड़क पर मंगलवार की दोपहर अज्ञात वाहन की चपेट में आकर साइकिल पर सवार होकर कोयला लाने जा रहे मजदूर की मौत घटना स्थल पर हो हो गयी। घटना की खबर जैसे ही परिजन व ग्रामीणों को नीली वैसे ही सभी लोग घटना स्थल पहुंचकर सड़क को करीब 1 घटे के लिए जाम कर दिया। जिससे सड़क के दोनों छोर पर वाहनों की जाम लग गयी। घटना के सम्बन्ध में बताया जाता है की बंधिया बोंगावार निवासी अशोक मुंडा (35 वर्ष) पिता स्व नारायण मुंडा दोपहर में साइकिल पर सवार होकर कोयला लाने के लिए कुजू ओर जा आ रहा था। इसी बीच सरना स्थल बोंगावार फोरलेन सड़क पर पीछे से अज्ञात वाहन ने अपनी चपेट में ले लिया। जिससे उसकी मौत घटना स्थल पर ही हो गयी। इधर घटना की सूचना पाकर पहुंचे परिजन व ग्रामीणों ने मुआवजा की मांग को लेकर सड़क को जाम कर दिया। जिससे सड़क के दोनों छोर पर वाहनों की लंबी कतारे लग गयी। घटनास्थल पहुंचे मांडू थाना प्रभारी रामप्रवेश पासवान, कुजू ओपी प्रभारी मो नौशाद ने ग्रामीणों को काफी समझाने का प्रयास किया, लेकिन ग्रामीण मुआवजा की मांग को लेकर अड़े रहे। बाद में मांडू सीआई (प्रभारी) रामरतन पांडेय घटना स्थल पहुंचकर परिजनों को जल्द ही मुआवजा राशि व सरकारी सुविधा उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया।

### पांच दिवसीय श्री श्री राम नाम प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ के दूसरे दिन हुए कई धार्मिक अनुष्ठान

**रामगढ़ ।** मनमोहन नगर सांडी में चल रहे पांच दिवसीय श्री श्री राम नाम प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ के दूसरे दिन मंगलवार को कई धार्मिक अनुष्ठान कार्य हुआ। इस दौरान लखनऊ से आए यज्ञाचार्य शशिकांत मिश्रा तथा उनके सहयोगी पंडित आलोक शुक्ला, देवेंद्र द्विवेदी, प्रांजुल शुक्ला, दीपक द्विवेदी ने यजमान बने अरुण तिवारी, भास्कर सिंह, राहुल सिंह, रूपेश कुमार सिंह, भोला साव, राकेश सिंह सपत्नीक के हाथों विधिवत पूजा अर्चना कराया। इससे पूर्व सोमवार की देर रात्रि नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी मनीष कुमार यज्ञ स्थल पहुंचे। जहां पर समिति सदस्यों ने उनका स्वागत कथा पंडाल में वृन्दावन से आए कथा वाचक पूज्य रुद्र कृष्ण जी महाराज द्वारा अंगवस्त्र देकर किया गया। इधर कथा वाचक द्वारा विभिन्न वेद पुराणों से किए जा कथा की रसपान और उनके टीम के कलाकारों द्वारा प्रस्तुत झांकी देख भाव विभोर हो गये।



### अबुआ नहीं, यह ठगुवा बजट है : रौशन चौधरी



**रामगढ़ ।** बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी ने झारखंड में पेश हुए बजट को लेकर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि यह बजट पूरी तरह से फ्लॉप है। इस बजट में ना ही आदिवासी ना मूलवासी ना युवा और ना ही किसान वर्ग का ख्याल रखा गया है। इसमें पूरी तरह से इन सभी वर्गों को बजट से वंचित रखा गया है। उन्होंने कहा कि सरकार को ध्यान देना चाहिए कि मैया सम्मान निधि योजना के चक्कर में झारखंड सरकार जनता पर और अतिरिक्त बोझ न डाल दे। पूर्व से ही झारखंड के कई योजनाओं का सही समय पर संचालन नहीं हो पा रहा है। उसपर भी ध्यान रखना चाहिए, क्योंकि झारखंड का आम जनमानस इस बजट से काफी उम्मीद रखता था परंतु यह बजट पेश होने के बाद झारखंड का आम जनमानस पूरी तरह से निराश हो गया है।

## पुलिस अधीक्षक ने रामगढ़ थाना के लंबित कांडों की समीक्षा की

**नवीन मेल संवाददाता**



**रामगढ़।** 4 मार्च को पुलिस अधीक्षक अजय कुमार द्वारा रामगढ़ थाना के लंबित कांडों की समीक्षा अनुसंधानकर्तावार की गई। समीक्षा के क्रम में मुख्य रूप से महिला से संबंधित लंबित कांडों जैसे- बलात्कार, पोक्सो, छेड़खानी एवं 02 वर्ष से अधिक समय से लंबित अपहरण, गृहभेदन, चोरी, लूट, डकैती, हत्या के काण्डों की समीक्षा किया गया। 6 मार्च को महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक, झारखण्ड, रांची द्वारा महिला से संबंधित लंबित कांडों का शीर्षवार समीक्षा किया जाना निर्धारित है के संबंध में सभी अनुसंधानकर्ता को जानकारी देते हुए लंबित कांडों में अविलम्ब गिरफ्तारी करने, फरार रहने की स्थिति में वारंट, इश्तेहार, कुर्की की कार्रवाई करने तथा कांडों के निष्पादन के संबंध में अन्य आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया । 6 माह से अधिक समय से लंबित कांडों की संख्या शून्य करने हेतु निर्देश दिया गया। साथ ही थाना में प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारियो को सख्त निर्देश दिया गया कि ओडी के दौरान थाना में आने वाले आम जनता के शिकायतों को गंभीरता से सुने तथा शीघ्रता शीघ्र उसका निष्पादन करें तथा आम जनता के साथ अच्छा व्यवहार करें। किसी भी तरह के दुर्व्यवहार की सूचना प्राप्त होने पर संबंधित पदाधिकारी के विरूद्ध कड़ी अनुशासनिक कार्रवाई की जाएगी। मुख्य रूप से निम्नांकित पुलिस पदाधिकारियों के पास जो कांड लंबित थे उन सभी कांडों की समीक्षा की गईः पुनि कृष्णा कुमार पुनि-सह-थाना प्रभारी रामगढ़, पुअनि उपेन्द्र कुमार, सअनि अनिल कुमार, सअनि सुजीत कुमार सिंह सभी रामगढ़ थाना।

# थाना प्रभारी पर रैयती भूमि के लिए एनओसी पर हस्ताक्षर करवाने का लगा आरोप

**थाना प्रभारी ने कहा आरोप बेबुनियाद**

**पीड़ित ने पीएमओ को लिखा खत, कहा न्याय नहीं मिला तो करेंगे आत्मदाह**

**नवीन मेल संवाददाता**



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के बेलकपी पंचायत अंतर्गत बंडासिंघा गांव में रैयती भूमि के लिए पुलिस के द्वारा जबरन एनओसी पर हस्ताक्षर करवाने का मामला सामने आया है। इसको लेकर रैयत ग्राम बंडासिंघा निवासी देव कुमार मोदी पिता गोविंद मोदी ने इंसाफ़ नहीं मिलने पर आत्मदाह करने की बात कही है। इस संबध में पीड़ित ने पीएमओ कार्यालय, झारखंड के मुख्यमंत्री, राज्यपाल, पुलिस महानिदेशक, हजारीबाग उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक को एक त्राहिमाम संदेश भेजकर इंसाफ का गुहार लगाया है। बताया है कि मेरी जमीन बांग्ला टांड़ (सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरकट्ठा) के पीछे खाता नंबर 71 प्लॉट नंबर 3142 अवस्थित है। मेरे जमीन पर एल एण्ड टी, जेयूएसएएल कंपनी के द्वारा हाई टेंशन बिजली तार ले जाने के लिए जबरन पोल लगाया जा रहा है। रोक टोक करने लगे तो कंपनी के इंजीनियर ने कार्य बंद कर दिया। जिसके पश्चात कंपनी के सहायक अभियंता सोमन मंडल दूसरी बार जेसीबी मशीन लगाकर बल पूर्वक काम करने का प्रयास कर रहे हैं। मेरे द्वारा पुनः काम रोका गया तो गोरहर थाना प्रभारी सोनू कुमार के द्वारा मुझे फोनकर थाना बुलाया गया। वहां मुझसे जबरन थाना प्रभारी के द्वारा एनओसी पेपर में हस्ताक्षर करवा लिया गया। कहा कि जमीन पर कंपनी के कार्य को रोकेंगे तो काम में बाधा उत्पन्न करने के आरोप में हम तुम्हें सीधे जेल भेज देंगे। उनके द्वारा मुझे कहा गया कि कृषि जमीन का 10 हजार मुआवजा मिलता है जिसका कुल 40 हजार रुपया होता है। जिसका हम तुमको एक लाख 50 हजार रुपया दिला दे रहे हैं। रैयत ने बताया कि इस संबध में मुझे भूमि अधिग्रहण संबंधी कोई नोटिस और ना ही मुझसे कोई मुआवजा राशि के लिए बात हुआ है। रैयत ने आरोप लगाया कि गोरहर थाना प्रभारी कार्य एजेंसी के साथ मिलकर बिना मेरी सहमति के एनओसी पर डरा धमकाकर हस्ताक्षर करवा लिया है. भूमि पर पुलिस और कार्य एजेंसी बलपूर्वक काम करवाने का दबाव दे रहे हैं। रैयत ने मामले की निष्पक्ष जांच कर इंसाफ़ दिलाने की गुहार लगाई है। कहा है कि अगर मुझे इंसाफ नहीं मिलता है तो मजबूरन आत्मदाह कर लेने को बाध्य हो जाएंगे।

## डीसी की अध्यक्षता में हुई कोतरे बसंतपुर पंचमों कोल परियोजना से संबंधित बैठक



**रामगढ़।** उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक अजय कुमार की उपस्थिति में मंगलवार को रामगढ़ जिला अंतर्गत मांडू प्रखंड में कोतरे बसंतपुर पंचमों कोल परियोजना से संबंधित बैठक का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम कोतरे बसंतपुर पंचमो कोल परियोजना पदाधिकारी के द्वारा पीपीटी प्रस्तुति के माध्यम परियोजना की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई गई। जिसमें इनके द्वारा प्लॉट संख्या 31 से भूमि पूजन कर उत्खनन का कार्य प्रारम्भ करने की बात कही गई। अभी तक कुल 84.92 एकड़ भूमि का स्टेटमेंट VI निर्गत कर दिया गया है। जिस पर उपायुक्त के द्वारा वर्षवार गैरमजरूआ खास जंगल झाड़ी एवं अन्य पर स्टेटमेंट VI निर्गत किये जाने की संख्या एवं रकवा पृच्छा की गई। उक्त के आलोक में केबीपी के द्वारा कोतरे बसंतपुर पंचमो कोल परियोजना हेतु पांच वर्षों का माइन ऑपरेशन **तालिका पर वर्षवार समीक्षा किया गया, जो निम्नवत है-**

**1.** वर्ष 2025-26 वर्ष 2025-26 के लिए कुल रकवा 116.13 एकड़ गैरमजरूआ जंगल-झाड़ी में से 51.92 एकड़ भूमि का स्टेटमेंट VI निर्गत है, शेष 64.21 एकड़ का स्टेटमेंट -VI का आवेदन अंचल अधिकारी, माण्डू के पास लंबित है, जिसे दस्तावेजों के जाँच कर दस्तावेज सही होने पर एक सप्ताह के अन्दर निर्गत करने का निदेश दिया गया।

**2.** वर्ष 2026-27 वर्ष 2026-27 के लिए कुल रकवा 23.20 एकड़ गैरमजरूआ जंगल-झाड़ी

**3.** वर्ष 2027-28 वर्ष 2027-28 के लिए कुल रकवा 33.26 एकड़ गैरमजरूआ जंगल-झाडी 4. वर्ष 2028-29 वर्ष 2028-29 के लिए कुल रकवा 40.03 एकड़ गैरमजरूआ जंगल झाड़ी

**4.** वर्ष 2029-30: वर्ष 2029-30 के लिए कुल रकवा 18.29 एकड़ गैरमजरूआ जंगल-झाड़ी

पूर्व में ही 33.00 एकड़ भूमि का स्टेटमेंट -VI वर्ष 2026-27 से 2029-30 तक उल्लेखित तालिका हेतु निर्गत है। इस पर उपायुक्त के द्वारा निर्देश दिया गया कि अगले एक माह के अन्तराल पर सभी चार वर्षों में एक-एक वर्ष कर शतप्रतिशत स्टेटमेंट VI निर्गत करने की कार्रवाई करे। अगले, अन्तिम व छठे वर्ष का प्लान सीसीएल से मंतव्य के अनुसार किया जाना आपेक्षित है। उपस्थित सीसीएल एवं उनके एमडीओ को निदेश दिया गया कि ग्रामीणों को प्राप्त स्टेटमेंट VI के अनुसार नौकरी एवं मुआवजा के लिए प्रेरित करे एवं विशेष कैम्प लगाकर ग्रामीणों से आवेदन लेते हुए अग्रेत्तर कार्रवाई करे। साथ ही सीसीएल कोतरे बंसतपुर पचमो परियोजना के अन्तर्गत मौजा कोतरे, बंसतपुर एवं पचंडा के तहत कुल रकवा 59.91 एकड़ रैयती भूमि में 11.105 एकड़ भूमि का स्टेटमेंट-VI निर्गत है।

हजारीबाग यूथ विंग ने रचा इतिहास

# रक्तदान शिविर में बना नया जिला रिकॉर्ड, 221 यूनिट रक्त संग्रह

**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** हजारीबाग यूथ विंग द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में एक नया इतिहास रचा गया। इस शिविर में कुल 221 यूनिट रक्त संग्रह कर जिले का अब तक का सबसे बड़ा रिकॉर्ड बनाया गया। यह आयोजन जिले में रक्तदान के प्रति जागरूकता और मानवता की भावना को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ। यह विशाल रक्तदान शिविर सोमवार को लक्ष्मी सिनेमा हॉल के सभागार में आयोजित किया गया, जो सुबह 10:00 बजे से शाम 5:30 बजे तक चला। इस दौरान बड़ी संख्या में युवाओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं, महिलाएं,छात्रों और गणमान्य नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और रक्तदान के पवित्र कार्य में अपना योगदान दिया। सांसद मनीष जायसवाल, उपायुक्त नैंसी सहाय, डीडीसी इश्तियाक अहमद, सदर एसडीओ लोकेश बारंगे,रांची के एसडीओ उत्कर्ष कुमार,रांची के वरिष्ठ पत्रकार और शिक्षक प्रकाश सहाय,रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव तनवीर सिंह समेत कई सम्मानित व्यक्तियों ने संस्था को शुभकामनाएं दीं और भविष्य में भी इसी तरह के सफल आयोजनों की कामना की।

सांसद मनीष जायसवाल ने कहा की इस तरह के आयोजन समाज में जागरूकता और सेवा की भावना को बढ़ावा देते हैं। हजारीबाग यूथ विंग ने जो मिसाल पेश की है, वह पूरे जिले के लिए गर्व की बात है।

उपायुक्त नैंसी सहाय ने फोन के माध्यम से रक्तदाताओं और संस्था का उत्साहवर्धन करते हुए कहा की रक्तदान महादान है,और हजारीबाग ने इस कहावत को चरितार्थ कर दिखाया है। मैं इस अद्भुत प्रयास के लिए संस्था और सभी रक्तदाताओं को दिल से बधाई देती हूँ। हजारीबाग यूथ विंग ने इस सफलता के लिए सभी रक्तदाताओं, सहयोगियों और समर्थकों का हार्दिक आभार प्रकट किया है,इस रक्तदान शिविर ने न केवल जिले में एक नया रिकॉर्ड बनाया, बल्कि युवाओं और समाज को यह संदेश भी दिया कि रक्तदान जीवनदान है और हर स्वस्थ व्यक्ति को इस पुनीत कार्य में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। इस आयोजन की ऐतिहासिक सफलता ने हजारीबाग को रक्तदान के क्षेत्र में नई पहचान दी है और यह संदेश दिया है कि जब समाज संगठित होकर आगे बढ़ता है, तो हर लक्ष्य संभव हो जाता है।

संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने कहा की यह रक्तदान शिविर मानवता की सच्ची सेवा का उदाहरण है। सभी रक्तदाताओं और सहयोगियों का हार्दिक आभार।

कार्यक्रम को सफल बनाने में संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन,अध्यक्ष करण जायसवाल,सचिव संजय कुमार, सहसचिव डॉक्टर बी वेंकटेश, उपाध्यक्ष जयप्रकाश खंडेलवाल, विकाश केशरी, कोषाध्यक्ष रितेश खण्डेलवाल, रक्तदान कार्यक्रम सहसंयोजक रोहित बजाज, कार्यकारिणी सदस्य प्रमोद खण्डेलवाल,अभिषेक पांडे, विकास तिवारी, गुंजन मद्धेशिया, मोहम्मद ताजुद्दीन, प्रणीत जैन, विवेक तिवारी,उदित तिवारी,प्रवेक जैन, कुश पांडे, प्रिंस कसेरा,अभय जी सहित कई लोगों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान दिया।



### रमजान महीने में मुस्लिम समुदाय ने रक्तदान कर मानवता का दिया परिचय

रमजान महीने में मुस्लिम समुदाय के लोग अपनी आस्था में समर्पित नजर आते हैं परंतु शिविर के दौरान कुछ अलग दृश्य देखने को मिला मुस्लिम समुदाय के लोग भारी संख्या में रक्तदान शिविर का हिस्सा बने, रक्तदान कर मानवता के प्रति अपनी मिसाल पेश की, उन्होंने बताया है कि हमारी आस्था भी हमारे लिए बड़ी चीज है और रक्तदान भी हमारे लिए उतना ही महत्वपूर्ण है, इसलिए हमने आज रक्तदान को चुना है और कल से फिर हम अपनी आस्था धर्म की ओर समर्पित हो जाएंगे।

# जिला कल्याण पदाधिकारी बच्चों के डायट प्लान मेन्यू का करें निरीक्षण : डीसी



नवीन मेलस संवाददाता

सिमडेगाः उपायुक्त अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला बाल संरक्षण इकाई अंतर्गत बालक/बालिका गृह,सहयोग विलेज,ऑब्जेर्वेशन होम,सुरक्षा के संबंध में समीक्षा बैठक की गई।बैठक में उपायुक्त ने ऑब्जेर्वेशन होम में रह रहे बच्चों को जे जे एक्ट के प्रावधान अनुसार सुविधा मिले, यह सुनिशित करें। बच्चों को पीने की पानी की शुद्धता पर ध्यान रखी जाए। बच्चों को पिलाये जाने वाले पानी की जांच समय पर कराएं एवं जांच रिपोर्ट रखें।पानी टंकी की सफाई,टी वी,वाई फाई , सदर स्पताल के डॉ द्वारा नियमित जांच,नर्स की उपलब्धता, शिक्षकों की गतिविधि,योग शिक्षक, आदि के संबंध में जानकारी ली व आवश्यक निर्देश दिया गया।बच्चों के भोजन में मेन्यू / डायट प्लान के संबंध में उपायुक्त ने निर्देश दिया कि जिला समाज कल्याण पदाधिकारी स्वयं निरीक्षण करें। छः माह से ऊपर रह रहे बच्चों के संबंध में बाल कल्याण समिति से निर्णय हेतु लिखित पत्राचार की जाय,कि उन्हें फोस्टर केअर या एडॉप्शन में रखना है,और इस संबंध में बाल कल्याण समिति ने क्या कार्रवाई की ताकि जे जे एक्ट के प्रावधानों का अनुपालन सुनिश्चित हो सके। वर्तमान में लगभगआधे बच्चे समयावधि से अधिक दिनों तक रह रहे हैं ।उपायुक्त ने निर्देश दिया कि आवंटन के अभाव में राशन आदि में किसी प्रकार की दिक्कत न हो। रेस्क्यु किए गए बालिकाओ को सतत निरक्षण करते रहें।चाइल्ड हेल्पलाइन के कार्यों की जानकारी ली गई तथा आवश्यक निर्देश दिए गए।चाइल्ड हेल्पलाइन द्वारा बाल कल्याण को सुपुर्द किये गए बालकों की जानकारी समन्वयक से लिखित देने का निर्देश दिया गया।बैठक में पुलिस अधीक्षक सौरभ,अपर समाहर्ता ज्ञानेंद्र,जिला समाज कल्याण पदाधिकारी,बाल संरक्षण पदाधिकारी व अन्य कर्मी उपस्थित थे।

## डीसी ने शहरी क्षेत्र के विभिन्न स्थानों की भूमि की समीक्षा की




सिमडेगा। उपायुक्त अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में शहरी क्षेत्र के विभिन्न स्थानों की भूमि के संबंध में समीक्षा बैठक की गई। बैठक में उपायुक्त को अंचलाधिकारी सदर द्वारा बताया गया कि कैसर ए हिन्द की जमीनों को लीज में उपभोग हेतु क्षेत्र के लोगों को दिया गया था। उनके वारिश या अन्य के द्वारा कुछ दुकान बनाकर प्रयोग किया जा रहा है वही कुछ जगह खाली पड़ी हुई है।उपायुक्त ने खाली पड़ी भूमि पर तत्काल बोर्ड लगाने का निर्देश अंचलाधिकारी को दिया गया एवं स्थानीय थाना को सूचित की जाय।वैसे लीजधारक जिनका लीज अवधि समाप्त हो चुकी है,उन्हें नोटिस करने हेतु अपर समाहर्ता को निर्देश दिया गया कि अंचलाधिकारी को लिखित निर्देश दें ताकि उन्हें नोटिस निर्गत किया जा सके। बैठक में पुलिस अधीक्षक सौरभ,अपर समाहर्ता ज्ञानेंद्र,अंचल अधिकारी सदर उपस्थित थे।

## उत्पाद अधीक्षक वाणिज्यिक वाहनों की सतत करें जांच : उपायुक्त




सिमडेगा। उपायुक्त अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में उत्पाद विभाग की समीक्षा बैठक की गई।बैठक में विभाग द्वारा हाल ही में जब्त किए गए सामग्री की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने उत्पाद अधीक्षक को निर्देश दिया कि जब्त सामग्री के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई सख्ती से की जाय ताकि लोगों को नियमानुसार उचित दंड दिया जा सके। आगे सतत जांच हेतु अपने स्तर से बैठक कर रणनीति के तहत सभी अंतरराज्यीय चेकपोस्ट में जांच हो सके,इसके लिए योजना बनाकर बांसजोर,कुतरा जैसे चेकपोस्ट में सतत विशेष ध्यान देने की जरूरत बताया। महाराष्ट्र,की गाड़ियों पर विशेष निगरानी रखी जाय।बैठक में पुलिस अधीक्षक सौरभ,अपर समाहर्ता ज्ञानेंद्र व उत्पाद अधीक्षक उपस्थित थे।

## मोटापा दिवस के अवसर पर सदर अस्पताल में विचार गोष्ठी का हुआ आयोजन

नवीन मेल संवाददाता




सिमडेगा। मंगलवार को मोटापा दिवस के अवसर पर सदर अस्पताल, सिमडेगा में सिविल सर्जन की अध्यक्षता में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। मंच का संचालन जेवियर एक्का, जिला कार्यक्रम समन्वयक, सिमडेगा द्वारा किया गया । कार्यक्रम को सफल बनाने में राहुल कुमार, एफएलसी एनसीडी का महत्वपूर्ण योगदान रहा।मौके पर सदर अस्पताल के चिकित्सक एवं कर्मी, डीयूएचएम टीबी, मलेरिया, कुष्ठ, एन सी डी के कर्मी एवं एएनएम प्रशिक्षण विद्यालय की प्रशिक्षु एएनएम उपस्थित थी।कार्यक्रम में विभिन्न वक्ताओं ने मोटापा के संदर्भ में अपने विचार रखे।सिविल सर्जन, सिमडेगा ने मोटापे के संदर्भ में अपने विचार रखते हुए कहा कि मोटापा एक गंभीर स्वास्थ्य समस्या है जिसमें व्यक्ति का वजन सामान्य से अधिक होता है। यह समस्या तब उत्पन्न होती है जब व्यक्ति का कैलोरी सेवन उसके शरीर की आवश्यकता से अधिक होता है, जिससे अतिरिक्त ऊर्जा वसा के रूप में जमा हो जाती है।

## परिवहन विभाग के नाम पर उगाही करने वाले युवक पर होगी प्राथमिकी दर्ज

- डीटीओ ने कहा, आरोपी युवक परिवहन विभाग को लगातार बदनाम करने की रच रहा है साजिश



नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। डीटीओ संजय कुमार बाखला ने प्रेस वार्ता कर बताया कि जिले का एक युवक जिस पर पूर्व में भी अवैध वसूली का आरोप लगा था, उस युवक के द्वारा लगातार उगाही का प्रयास किया जा रहा था। डीटीओ ने कहा कि सरकार के निर्देशानुसार राजस्व वसूली को लेकर सोमवार की रात्रि में वाहन जांच अभियान चला रहे थे। इसी क्रम में उक्त युवक वहां पहुंचा और परिवहन विभाग के कर्मियों को धमकाते हुए गलत मानसा से वीडियो बनाया। युवक ने वीडियो बनाकर उसे सोशल मीडिया में अपलोड करते हुए परिवहन विभाग को बदनाम करने की साजिश की है। विदित है कि आरोपी युवक तत्कालीन डीटीओ के चालक के रूप में कार्य कर चुका है। और झामुमो नेता ने उसे अवैध वसूली करते हुए रंगे हाथ पकड़ा था। जिसके बाद उसे कार्य मुक्त कर दिया था।डीटीओ ने बताया कि कार्य मुक्त होने के बाद भी आरोपी लगातार कुछ कार्यालय के कर्मियों के साथ मिलकर अवैध वसूली का धंधा चला रहा था। सूचना के आलोक में युवक को पकड़ने का प्रयास किया जा रहा था।डीटीओ ने बताया कि सोमवार की रात भी जिस वाहन चालक का वीडियो बनाकर परिवहन विभाग पर आरोप लगाया जा रहा है, उस वाहन से जुर्माना काटा गया था, जिसका रसीद भी काटा गया है।डीटीओ ने कहा कि अगर कहीं भी परिवहन विभाग के नाम पर अवैध वसूली या गलत कार्य की शिकायत मिलती है तो उसकी शिकायत उन्हें दे, ताकि उस पर कार्रवाई की जा सके।

## मदर टेरेसा कॉलेज ऑफ नर्सिंग में लैंप लाइटिंग कैपिंग 8 को

बानो। मदर टेरेसा कॉलेज ऑफ नर्सिंग, बानो में ए.एन.एम एवं जी.एन.एम नर्सिंग छात्राओं का लैंप लाइटिंग कैपिंग समारोह मनाया जाएगा। इस समारोह में प्रशिक्षु नर्सिंग छात्राओं को निष्ठा पूर्ण प्रशिक्षण के लिए शपथ दिलाई जाएगी। यह समारोह नर्सिंग छात्राओं के भविष्य के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर होगा। कैंपिंग समारोह नर्सिंग के क्षेत्र में प्रवेश का द्वार है जिससे समुदाय के साथ जुड़ाव का एक अवसर प्रदान करता है, जहां नर्सिंग छात्राएं शैक्षणिक के साथ साथ क्लिनिकल अभ्यास सीख कर अपनी सेवा प्रदान करती है। कॉलेज के निदेशक डॉ प्रह्लाद मिश्रा ने बताया कि यह समारोह नर्सिंग छात्राओं के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर होगा।,

## बानो प्रखंड की सघन आबादी को देखते हुए बैंक ऑफ इंडिया को स्थानांतरित किया जाए : तोरपा विधायक

नवीन मेल संवाददाता



बानो। तोरपा विधायक सुदीप गुड़िया ने विधानसभा सत्र के शून्य काल में बानो प्रखंड क्षेत्र की बहु प्रतीक्षित समस्या बानो बैंक ऑफ़ इंडिया को लेकर सदन के माध्यम से मांग करते हुए कहा कि बैंक ऑफ़ इंडिया शाखा अन्यत्र उचित स्थान में स्थानांतरित किया जाए।साथ ही क्षेत्र की जनता की मांग के अनुरूप बानो प्रखंड के जमताई पंचायत के हुरदा में भी एक बैंक शाखा उपलब्ध कराया जाए। विधायक सुदीप गुड़िया ने सदन को अवगत कराते हुए कहा कि सिमडेगा जिला अंतर्गत बानो प्रखंड मुख्यालय में स्थित बैंक ऑफ इंडिया शाखा में 50 कि0 मी० के दायरे के लगभग 01 लाख 50 हजार से अधिक खाताधारक सैलरी,पेंशन, छात्रवृति इत्यादि सुविधाएँ हेतु निर्भर हैं।बैंक ऑफ इंडिया बानो की शाखा एक छोटे भवन के उपर तल्ले पर अवस्थित है।लोगों को विशेषकर बुजुर्गों एवं दिव्यांगों को संकीर्ण सीढ़ी से उतरने चढ़ने में दिक्कत होती है। कार्यक्षमता से अधिक भीड़ होने के कारण लोगों को भारी समस्या हो रही है।पूर्व में अत्यधिक भीड़ से चोटिल होकर एक महिला की अंगुली भी कट चुकी है।सुबह 6 बजे से लाईन लगने के बाद भी कई लोग काउंटर तक नहीं पहुँच पाते हैं।उन्होंने सदन के माध्यम से मांग करते हुए बैंक शाखा अन्यत्र उचित स्थान में स्थानांतरित करने साथ ही क्षेत्र की जनता की मांग अनुरूप बानो प्रखण्ड के जमतई पंचायत के हुरदा में भी एक बैंक शाखा उपलब्ध कराने को कहा।मालूम हो प्रखंड क्षेत्र के दूर दराज अति सुदूरवर्ती इलाकों से बूढ़े-बुजुर्ग पैदल साइकिल और ऑटो के सहारे बैंक आते हैं।बैंक शाखा के नीचे सुबह से ही लंबी लाइन लग जाती हैं। लोग भूखे प्यासे कतार में खड़े हो जाते हैं और अपनी पारी का इंतजार करते हैं। जिन खाता धारकों का काम नहीं बनता उन्हें दोबारा अगले दिन फिर से आना पड़ता है।बैंक शाखा में काफी संख्या में खाता धारक हैं जिससे आम ग्रामीणों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

## कुम्हार समाज की हुई बैठक,होली मिलन समारोह मनाने का हुआ निर्णय

सिमडेगा। जिला कुम्हार समाज का बैठक जिला अध्यक्ष रमेश महतो की अध्यक्षता में सिमडेगा बाजारटांड़ में किया गया। इस बैठक में मुख्य रूप से 9 मार्च 2025 दिन रविवार को समय 10 बजे से सिमडेगा केलाघाघ परिसर में होली मिलन सह वनभोज का आयोजन किया गया है।इस कार्यक्रम में सिमडेगा जिला के सभी शहरी क्षेत्र के प्रत्येक कुम्हार सदस्यों को शामिल होने का आग्रह किया गया है और साथ में सभी प्रखण्ड के सदस्यों एवं मातृ शक्ति को भी कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया गया है। साथ में राज्य स्तर के सामाजिक के शुभ चिंतकों का आगमन भी इस कार्यक्रम में हो रहा है।समाज के सभी लोगों को इस एतिहासिक सामाजिक होली मिलन समारोह सह वनभोज कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया है।

## पर्यटक नगरी घोषित करते हुए सिमडेगा के पर्यटक स्थलों का करें विकास : विधायक

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। विधायक भूषण बाड़ा ने विधानसभा सत्र में सिमडेगा जिला को पर्यटक नगरी घोषित करते हुए पर्यटक स्थलों का विकास कराने की जोरदार तरीके से मांग की है। विधायक ने अल्प सूचित प्रश्न के माध्यम से सरकार से पूछते हुए कहा कि सिमडेगा जिले में पर्यटक स्थलों की कमी नहीं है। तीन राज्य झारखंड, ओडिशा, छत्तीसगढ़ के मुहाने पर स्थित होने के कारण पर्यटको को सिमडेगा जिले में खींच लाने की अपार संभावना है। विधायक के इस सवाल को सरकार ने भी स्वीकारा है। वहीं विधायक ने आज तक राज्य के पर्यटक एवं टूरिज्म विभाग द्वारा जिले के पर्यटक स्थल के विकास किए जाने के संबंध में भी जानकारी मांगी। साथ ही जिले को कब तक पर्यटक नगरी घोषित कर पर्यटक स्थलों का विकास कराने के संबंध में भी सवाल पूछा है। विधायक के सवाल पर सरकार ने बताया कि रामरेखाधाम को श्रेणी ए, केलाघाघ को श्रेणी बी, बसतपुर को श्रेणी डी एवं क्रुसटोंगरी को श्रेणी डी पर्यटक स्थल के रुप में अधिसूचित की गई है।

- विधानसभा सत्र में विधायक भूषण बाड़ा ने पर्यटक स्थलों का विकास कराने की सरकार से रखी है मांग

### स्वदेश दर्शन 2.0 के तहत 18 करोड़ की राशि से होगा रामरेखाधाम का विकास

सरकार द्वारा बताया गया कि रामरेखाधाम को पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार के स्वदेश दर्शन 2.0 के चैलेंजड बेसड डेस्टीनेशन डेवलोपमेंट के अंतगर्त पर्यटकीय विकास योजना हेतु 18 करोड़ की राशि स्वीकृत की गई है। योजना का डीपीआर तैयार कर स्वीकृत हेतु केन्द्र सरकार को भेजा गया है। जबकि केलाघाघ को पर्यटकीय विकास हेतु विभाग को प्रास्ताव भेजा गया है। विधायक ने सोनपहाड़ी, बगईटोंगरी, नानेसेरा टोंगरी सहित पालकोट के श्रीमुख पर्वत और तपकरा डैम को पर्यटक स्थल घोषित करते हुए विकास कराने की जोरदार तरीके से मांग की है।सरकार ने बताया कि सिमडेगा जिला को पर्यटक नगरी घोषित करने के संबंध में कोई प्रावधान नहीं है।

### सरकार के जवाब पर विधायक ने जताया असंतोष

सरकार के जवाब पर विधायक भूषण बाड़ा ने असंतोष व्यक्त किया है। उन्होंने असंतोष व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार श्रेणी ए और बी के पर्यटक स्थलों का विकास करने की बात कहती है। तो अब तक इन पर्यटक स्थलों का विकास क्यों नहीं किया गया। विधायक ने कहा कि जिले में पर्यटक स्थल की कमी नहीं है, तो सिमडेगा का भी प्राथमिकता के आधार पर विकास करें। ताकि पर्यटकों को जिले में ही सभी सुविधाएं मिल सके।

## बानो प्रखंड के हाटिंगहोड़े में विशेष निक्षय शिविर का आयोजन



नवीन मेल संवाददाता

बानो। बानो प्रखंड के हाटिंगहोड़े में विशेष निक्षय शिविर का आयोजन किया गया।इस चल रहे 100 दिवसीय टीबी उन्मूलन अभियान के तहत आयुष्मान आरोग्य मंदिर हाटिंगहोड़े में एक विशेष निक्षय शिविर का आयोजन किया गया है। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य टीबी का शीघ्र पता लगाना और उपचार की सुविधा प्रदान करना था।सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बानो के अधिकारियों और कर्मचारियों ने शिविर में सक्रिय रूप से भाग लिया। एक्स-रे मशीन द्वारा 202 लोगों का परीक्षण किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बानो के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ मनोरंजन कुमार ने बताया कि यह अभियान सामुदायिक जागरूकता बढ़ाने, प्रारंभिक निदान सुनिश्चित करने और त्वरित उपचार प्रदान करने के लिए बनाया गया है। इस शिविर में वरीय चिकित्सा पर्यवेक्षक सोनू कुमार, सीएचओ, एएनएम, और अन्य कर्मी उपस्थित थे। लोगों तक पहुँच बढ़ाने के लिए, सूचना, शिक्षा और संचार (आईईसी) सामग्री का पर्याप्त मात्रा में प्रदर्शन और वितरण किया गया।यह पहल समय पर हस्तक्षेप और बेहतर स्वास्थ्य सेवा पहुँच सुनिश्चित करके टीबी को खत्म करने के व्यापक लक्ष्य के साथ संरेखित है। यह पूरे क्षेत्र में टीबी उन्मूलन प्रयासों को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## न्यूज बॉक्स

### बोलबा प्रखंड प्रमुख ने मालसाडा पंचायत में विकास कार्यों का किया निरिक्षण

बोलबा। बोलबा प्रखंड प्रमुख ने मालसाडा पंचायत में चल रहे विकास कार्यों के विभिन्न योजनाओं का किया।इस मौक़े पर मनरेगा के कार्य, आँगन बाड़ी भवन निर्माण कार्य, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा बन पानी टंकी का निरिक्षण किया। उन्होंने बताया की पानी टंकी निर्माण कार्य अभी बंद है। उसका निर्माण कार्य जल्द पूर्ण करने क़ी मांग किया है।वही खराब पड़े चापाकल क़ी मरम्मती जल्द कराने क़ी बात कही है।

### ट्रेलर और मालवाहक ट्रक की टक्कर में कोलेबिरा घाटी में लगा लंबा जाम

सिमडेगा। ट्रेलर और मालवाहक आपस में भिड़ी।सिमडेगा कोलेबिरा मार्ग स्थित एनएच 143 पर लगा लंबा जाम। पुलिस दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को हटवाने में जुटी। घटना कोलेबिरा थाना क्षेत्र के कोलेबिरा घाटी की है दुर्घटना लगभग शाम के 4:00 हुई। मिली जानकारी के अनुसार रड लदा ट्रेलर ने चावल लगा मालवाहक गाड़ी को मारी टक्कर जिससे वाहन हुई दुर्घटनाग्रस्त।दुर्घटना के उपरांत सड़क के दोनों और लंबी जाम लग गई सूचना मिलते ही कोलेबिरा थाना प्रभारी,एस आई अरविंद सिंह पुलिस दलबल के साथ घटनास्थल पहुंचे और जाम को खुलवाने का प्रयास किया।

### दिशाहीन है यह बजट, सिमडेगा जिले को कुछ नहीं मिला : रवि गुप्ता

सिमडेगा। रविवार को झारखंड सरकार द्वारा पेश किए गए बजट पर भाजपा मीडिया प्रभारी रवि गुप्ता ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह बजट दिशाहीन बजट है। बजट में रोजगार पर्यटन और मइया योजना को छोड़ दें तो महिलाओं के लिये निराशाजनक बजट है।झारखंड वासियों को उम्मीद थी कि यह अबुवा बजट से लोगो का भला होगा पर लोगो को निराशा हाथ लगी।झारखंड मुक्ति मोर्चा एवं कांग्रेस द्वारा अपने चुनावी घोषणा पत्र और वादों कभी जिक्र इस बजट में नहीं है। बजट में आदिवासी मूलवासी का उत्थान कैसे हो इस पर कोई चर्चा नहीं की गई। सिर्फ गोल-गोल घुमाया गया है, विधानसभा चुनाव में महिलाओं ने जमकर वोट किए थे पर मैया सम्मान योजना को छोड़ दिया जाए तो महिलाओं की आर्थिक स्वालंबन के लिए कुछ नहीं किया गया है। इससे महिलाएं काफी निराश हैं,सिमडेगा जिला खेल की नगरी है एवं पर्यटन के अपार संभावनाएं रहने के बाबजूद सिमडेगा जिला को कुछ नही मिला। सिमडेगा को मेडिकल कॉलेज इंजीनियरिंग कॉलेज की उम्मीद थी पर नही मिली, जबकि सिमडेगा जिला में सांसद विधायक सभी सत्ताधारी पक्ष के हैं, कुल मिलाकर यह दिशाहीन बजट है।

### बिजली समस्या को लेकर कार्यपालक अभियंता से मिले भाजपा नेता श्रद्धानंद

सिमडेगा। कुरडेग प्रखंड के हेठमा पंचायत के चापाबारी बारहखोईर के ग्रामीणों निवासीयों के सुचना पर भाजपा नेता पुर्व प्रत्याशी सह समाजसेवी श्रद्धानंद बेसरा उनके बस्ती बारहखोईर पहुंचे एवं उनकी समस्याओं से रूबरू हुए।उन्होंने श्री बेसरा को बताया कि हमारे घरों में सौभाग्य योजना के तहत विगत 3 वर्ष पूर्व विद्युतीकरण के क्रम में विद्युत सह कर्मियों के द्वारा आधार कार्ड लेकर के विद्युत मीटर लगाए गए थे। काफी दिन गुजर जाने के पश्चात जब हमारे नाम से बिजली बिल नहीं आया तब विद्युत मीटर का नंबर लेकर हम लोग विद्युत ऑफिस में बिल निर्गत करवाने के लिए गए तब आफिस में बैठे विद्युत कर्मियों के द्वारा हमें बताया गया की वह विद्युत मीटर का नंबर किसी दूसरे व्यक्ति के नाम पर आवंटित है साथ ही उन्होंने जानकारी दी की उन्हें नया मीटर लगाने के लिए सात-सात हजार रुपए देने होंगे।श्री बेसरा ने उपरोक्त संबंध में विद्युत कार्यपालक अभियंता सिमडेगा से मुलाकात कर समस्या से रूबरू कराया एवं आवेदन सौंपा और कहा कि ऐसे गैर जिम्मेदारान विद्युत सहकर्मियों के विरूद्ध जांच पड़ताल कर उनपर कार्रवाई की जाए एवं आग्रह किया कि गांव वालों की समस्या को दुरुस्त किया जाए।

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर लचरागढ़ में नवीन नामांकन प्रारंभ




कोलेबिरा। श्रीहरि वनवासी विकास समिति झारखण्ड द्वारा संचालित - विवेकानन्द शिशु / विद्या मंदिर उच्च विद्यालय लचरागढ़ का स्थान जिले में शिक्षा जगत के लिए एक विशिष्ट स्थान रखता है । यह विद्यालय आधुनिक शिक्षा पद्धतियों के साथ बच्चों में उच्चस्तरीय नैतिकता, सदाचारिता, संस्कार, स्वावलम्बन के बीजारोपण सहित आध्यात्मिक, साहित्यिक, बौद्धिक तथा नेतृत्वक्षमता के व्यापक उन्नयन के सभी अवसर प्रदान करने वाला सूबे में एक मात्र शिक्षण संस्थान है। विद्यालय में भैया /बहनों के अंतःक्रिया एवं उत्तम प्रवृत्तियों के विकास हेतु विभिन्न सहपाठ्य क्रियाकलापों एवं प्रयोगकार्यों पर विशेष बल दिया जाता है जिससे बच्चों में शारीरिक, मानसिक का व्यवसायिक शिक्षा के साथ मानव समाज के प्रति समर्पण, सर्वोच्च त्याग, अनुशासन , शिष्टाचार तथा सुगम नैतिक आदर्शों को जागृत कर उन्हें आत्मसात करने का अवसर प्राप्त होता है । विद्यालय का उद्देश्य आधुनिक शिक्षा पद्धतियों के संवर्धन के साथ बच्चों को पारिवारिक, सामाजिक और राष्ट्रीय चेतना के केन्द्रबिन्दु के रूप में तैयार करना है जिससे एक समृद्ध समाज के निर्माण और राष्ट्रीय विकास में उनका योगदान हो सके।विवेकानन्द शिशु / विद्या मंदिर उच्च विद्यालय लचरागढ़ में कक्षा - अरुण से कक्षा - दशम तक की कक्षाएं संचालित होती हैं । वर्तमान में विद्यालय के विभिन्न कक्षाओं में नवीन नामांकन प्रारंभ है, नामांकन के इच्छुक भैया - बहनें अभिभावक कार्यालय अवधि प्रातः 09:00 बजे से अपराह्न 03:00 बजे तक कार्यालय में सम्पर्क कर सकते हैं।

### गांगुटोली कैथोलिक चर्च में तीन दिवसीय आत्मिक साधना कार्यक्रम का आयोजन

जलडेगा। प्रखंड के गांगुटोली काथलिक चर्च में आयोजित तीन दिवसीय आत्मिक साधना के दूसरे दिन उपदेशक फा इग्नेश डुंगडुंग ने मसीह विश्वासियों को सात संस्कार से अवगत कराया। फा इग्नेश ने अपने उपदेश में कहा कि कैथोलिक में सात संस्कार हैं जिसमें बपतिस्मा,पाप स्वीकार, परम प्रसाद, दृढ़ीकारण, विवाह, पुरोहिताई एवं तेल मलंन शामिल हैं। वर्तमान में लोग नशापान, ईर्ष्या, लोभ, लड़ाई झगड़े, चोरी आदि कई विसंगति से पीड़ित हैं ऐसे में सातों संस्कारो को जीवन में अपनाकर उनको आचरण में लाकर ईश्वर कि कृपा प्राप्त कर सकते हैं। वहीं फा अभय कुल्लू ने अपने उपदेश में कहा कि प्रभु के वचनों को सुनकर उनके आध्यात्मिक साधना द्वारा प्रभु कि कृपा प्राप्त करते हुए अपने विश्वास का नवीनीकरण किया जा सकता है। फा अभय ने मौजूद लोगों को कलीसिया के बारे में विस्तार से बताया एवं कलीसिया के सच्चे अर्थ,सेवा भाव,सहयोग कि भावना एवं समाज के कल्याण के बारे में अवगत कराया। फा अभय ने कलीसिया को प्रार्थना एवं आराधना का केंद्र बताया। मौक़े कार्यक्रम में काथलिक सभा, महिला संघ एवं युवा संघ के लोग उपस्थित थे।

### कोलेबिरा घाटी के जंगल में लगी आग

रांची। कोलेबिराः-सिमडेगा से कोलेबिरा घाटी के जंगलों में आग लगी हुई है। जिससे कई पौधे जल गए। हालांकि वन विभाग को जब आग लगने की सूचना मिली तो उसके बाद वन विभाग के कर्मी वहां पहुंचकर आग बुझाने का प्रयास शुरू कर दिए हैं। बताया गया कि महुआ चुनने के लिए ग्रामीणों के द्वारा जंगल में आग लगाया गया था।

# जनता दरबार में फ्लैट ऑनर्स ने की बिल्डर की शिकायत

नवीन मेल संवाददाता

**धनबाद।** एडीएम लॉ एंड ऑर्डर पीयूष सिन्हा ने मंगलवार को आयोजित जनता दरबार में जिले के विभिन्न क्षेत्र से आए लोगों की शिकायतें सुनी।



इसमें धैया के एक मल्टीस्टोरी अपार्टमेंट के फ्लैट ओनर्स ने बिल्डर की शिकायत करते हुए एडीएम को बताया कि आज सुबह बिल्डिंग के बेसमेंट में बिजली मीटर क्षेत्र में आग लग गई थी। इस कारण वहां के 20 फ्लैट में रहने वाले लगभग 70 लोग आग और धुआं में फंस गए। इसके कारण एक महिला बेहोश हो गई। एक व्यक्ति चोटिल भी हुआ।

फ्लैट ओनर्स ने बताया कि बिल्डिंग में फायर फाइटिंग सिस्टम नहीं है। आसपास के लोगों ने रेत फेंक कर आग पर काबू पाया। मीटर क्षेत्र में आग लगने के कारण बिजली कट गई है। बिल्डिंग के निवासी बिना बिजली और पानी के रह रहे हैं। जबकि कोमन एरिया का बिजली कनेक्शन बिल्डर के नाम पर है। जब बिल्डर को घटना की जानकारी देकर बिजली कनेक्शन रिस्टोर करने का अनुरोध किया तो उसने हाथ खड़े कर दिए और फोन भी रिसीव करना बंद कर दिया। मामले पर संज्ञान लेकर एडीएम ने नगर निगम को इसकी जांच करने का निर्देश दिया।

निरसा की एक महिला ने बताया कि उनके पिता की मृत्यु दस वर्ष पहले हो गई है। तब से उनके चाचा परिवार को प्रताड़ित करते आ रहे हैं। उनके घर की तरफ सीसीटीवी कैमरा लगाकर निजता का हनन कर रहे हैं। उनकी जमीन पर एक मोबाइल टावर भी है। जिसका एग्रीमेंट 30 सितंबर 2024 को समाप्त हो चुका है। महिला ने सीसीटीवी कैमरा एवं मोबाइल टावर हटवाने की गुहार लगाई।

वहीं बाघमारा से आए व्यक्ति ने बताया कि उनकी खतियानी जमीन पर कोयला माफिया द्वारा कोयला का अवैध खनन किया जा रहा है।

एक महिला ने बताया कि भेलाटांड़ बरवाअड्डा में जमीन दलाल ने उसके पिता से डेढ़ लाख रुपया लेकर सीएनटी की जमीन दिल दी। इसके अलावा जनता दरबार में अबुआ आवास, ऑनलाइन रसीद नहीं काटने, मानसिक रूप से विक्षिप्त पति को रांची भेज कर इलाज कराने, कृषि भूमि पर कॉल डिपो खोलकर जबरन बाउंड्री वॉल बनाने, ऑनलाइन पंजी 2 में अंचल कार्यालय द्वारा गलत एंट्री कर देने, 11 फीट चौड़ी आम सड़क पर दिवाल बनाकर पीडीएस दुकान का मार्ग अवरूद्ध कर देने सहित अन्य शिकायतें प्राप्त हुई। जनता दरबार में सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा नियाज अहमद, जनशिकायत कोषांग के प्रधान लिपिक नंदकिशोर कुशवाहा भी मौजूद थे।

# झामुमो के स्थापना दिवस में शामिल हुए हजारों कार्यकर्ता

**गांडेय,गिरिडीह।** गिरिडीह के झंडा मैदान में मंगलवार की शाम को झामुमो के 52 वां स्थापना दिवस में भाग लेंने के लिए गांडेय से विभिन्न क्षेत्रों से सैकड़ों कार्यकर्ता गिरिडीह रवाना हुए। बता दें कि गांडेय से कार्यकताओं का गिरिडीह जाने का सिलसिला दोपहर 12 बजे से ही शुरू हो गया था। बुधुडीह, जामजोरी , घाट कुल , फुलजोरी , अहिल्यापुर , पर्वतपुर सहित विभिन्न क्षेत्रों से सैकड़ों कार्यकर्ता बस, मैजिक टैम्पो से गिरिडीह के लिए रवाना हुए। गिरिडीह जाने के क्रम में कार्यकताओं ने ढोल - नगाड़े सहित अन्य वाद्य यंत्र बजाए , कार्यकताओं ने झामुमो , शिबू सोरेन , हेमंत सोरेन के पक्ष में नारेबाजी किया। मौके पर भैरव प्रसाद वर्मा , वैजनाथ राणा, धुव्रदेव पंडित, भागवत सिंह , अरुण पाठक सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे ।

# छिनतई की घटना को अंजाम दे रहे दो युवकों को पुलिस ने दबोचा

**डुमरी।** निमियाघाट पुलिस ने मंगलवार को एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया है कि 3 मार्च की दोपहर में रांगामाटी के पास रेलवे गेट के नजदीक अन्डरपास से बैंक ऑफ इंडिया इसरी बाजार शाखा से अपना पेंशन का रूपया निकाल कर घर वापस लौट रहे रेलवे से सेवानिवृत हुए एक व्यक्ति से 20,000 रूपया को दो व्यक्तियों के द्वारा छिनतई कर भागा जा रहा था, पीड़ित के द्वारा शोर मचाने एवं हल्ला करने पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई और उसी समय थाना गश्ती दल भी वहां पहुंच गया।जिसके सहयोग से छिनतई करने वाला एक व्यक्ति को पीड़ित से छीनतई की गई राशि के साथ पकड़ लिया गया।पकड़ाये व्यक्ति ने अपना नाम तालिब अंसारी पिता मुस्लिम अंसारी ग्राम श्यामडीह थाना कतरास बताया।उसके साथ आये हुए उसके सहयोगी पास के जंगल का लाभ उठाकर भाग गया।पकड़ाये व्यक्ति से पूछताछ करने पर उसने बताया कि वह टेम्पु (जेएच-10सीडब्लू-5397) लेकर आया है।टेम्पू को जब्त किया गया है।पकड़ाये व्यक्ति ने पूछताछ के क्रम में बताया कि इस क्षेत्र में पूर्व में भी चेन छिनतई एवं पैसा छिनतई की घटना को अंजाम दे चुका है।इस घटना में संलिप्त अन्य एवं सहयोगियों की तलाश की जा रही है।पकड़ाये व्यक्ति को जेल भेज दिया गया है।

# सामाजिक सेवा में उत्कृष्ट योगदान के लिए रोटी बैंक यूथ क्लब को मिला सम्मान

नवीन मेल संवाददाता

**धनबाद।** रोटी बैंक युथ क्लब को नेक कार्य और सामाजिक सेवा में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। यह सम्मान रोटी बैंक पुरुलिया के सातवें स्थापना दिवस के पर दिया गया।



रोटी बैंक पर अपने काम के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। संस्था प्रत्येक दिन जरूरतमंद लोगों के बीच निःशुल्क भोजन वितरण करती है और समाज के विभिन्न वर्गों के लिए सेवाएं प्रदान की हैं। इस सम्मान के अवसर पर रोटी बैंक अध्यक्ष रवि शेखर ने कहा कि यह एक बड़ा सम्मान है। यह सम्मान मिलने से हमें और भी प्रेरित किया गया है कि हम अपने सामाजिक कार्यों को और भी विस्तारित करें और समाज के लिए और भी अधिक सेवाएं प्रदान करें। इस सम्मान के लिए रोटी बैंक पुरुलिया के संस्थापक ने कहा कि उनके नेक कार्यों के लिए पहचान मिली है और उन्हें आगे भी समाज के लिए काम करने के लिए प्रेरित किया गया है।

# जगरनाथ हॉस्पिटल के अल्ट्रा स्कैन सेन्टर में की गई छापेमारी



नवीन मेल संवाददाता

**धनबाद।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा के निदेर्शानुसार गठित जिला स्तरीय पीसी एंड पीएनडीटी जांच टीम द्वारा धनबाद जिला अंतर्गत स्टील गेट स्तिथ जगरनाथ हॉस्पिटल के अल्ट्रा स्कैन सेन्टर में औचक निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान

## यूएसजी मशीन को किया गया सील

पीसी एंड पीएनडीटी टीम द्वारा जगरनाथ हॉस्पिटल के अल्ट्रा स्कैन सेन्टर में अनाधिकृत व्यक्ति द्वारा अल्ट्रासाउंड करते पकड़ा गया, जो कि पीसी एंड पीएनडीटी के नियम का उलंघन है। जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए सिविल सर्जन एवं उपायुक्त द्वारा गठित पीसी एंड पीएनडीटी टीम द्वारा उस सेंटर और यूएसजी मशीन को सील कर दिया गया। उपायुक्त द्वारा गठित टीम में कार्यपालक दंडाधिकारी रविन्द्र नाथ ठाकुर, सहायक नोडल पीसी एंड पीएनडीटी डॉ विकास कुमार राणा, डॉ सुनील कुमार, डॉ राकेश ईन्दर सिंह, डॉ सैम्स तबरेज आलम एवं एनजीओ से पूजा रतनाकर मौजूद थें।

# उपायुक्त ने की मुख्यमंत्री उज्जवल झारखंड योजना की समीक्षा



**धनबाद ।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा ने मंगलवार को मुख्यमंत्री उज्जवल झारखंड योजना की समीक्षा की। इस क्रम में विद्युत अधीक्षण अभियंता एस.के. कश्यप ने बताया कि योजना के तहत विद्युत वितरण क्षेत्र के नवीनीकरण ( आर.डी.एस.एस. ) को लेकर पहले 152 गांव और टोले में विद्युत सुदृढ़ीकरण करना था। सर्वे करने के बाद अतिरिक्त 331 स्थलों को विद्युत सुदृढ़ीकरण करने के लिए शामिल किया गया है। समीक्षा के बाद उपायुक्त ने प्रत्येक स्थल का भौतिक सत्यापन करने, कार्य में तेजी लाने तथा योजना के संबंध में माननीय जनप्रतिनिधियों के सुझाव प्राप्त करने का निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त माधवी मिश्रा, विद्युत अधीक्षण अभियंता एस.के. कश्यप, मुख्यालय के कार्यपालक अभियंता प्रदीप विश्वकर्मा,भास्कर लकड़ा के अलावा निरसा, गोविंदपुर व झरिया के कार्यपालक अभियंता मौजूद थे।

बीडीओ ने की समीक्षा बैठक

# मनरेगा योजना में तेजी लाने व मजदूरों को समय पर भुगतान करने का दिया निर्देश

**गावां गिरिडीह।** प्रखंड सभागार में मंगलवार को बीडीओ महेंद्र रविदास ने समीक्षा बैठक की। बैठक में मनरेगा, आवास, 15वीं वित्त, वृद्धा पेंशन, मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना, अबुआ आवास सहित अन्य योजना की विस्तार से समीक्षा किया। बैठक में उपस्थित कर्मियों को निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने का निर्देश दिया। मनरेगा योजना में तेजी लाने व मजदूरों को समय पर भुगतान करने का भी निर्देश दिया। प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास, अबुआ आवास, अंबेडकर आवास के लाभुको को कार्य के अनुसार प्रथम, द्वितीय व तृतीय किस्त की राशि भुगतान करते हुए आवास को जल्द पूर्ण करने को कहा। कार्य में कोताही बरतने पर कार्रवाई के लिए तैयार रहने की भी चेतावनी दी। 15 वीं वित्त आयोग की योजना को समय पर पूरा करने को कहा गया। बैठक में बीपीओ भिखदेव पासवान, बीपीआरओ संजय कुमार, एमओ प्रदीप राम, राकेश कुमार, कार्तिक विश्वकर्मा, पन्नालाल, महादेव कुशवाहा, मो रिजवान, मुकेश कुमार व रविन्द्र बरनवाल उपस्थित थे।




# किराना की दुकान में आगलगी से लाखों का नुकसान



**गांडेय, गिरिडीह।** गांडेय प्रखंड के रसनजोरी पंचायत अंतर्गत भादवा खुर्द गांव में स्थित जितेंद्र साह की किराना की दुकान में आग लग जाने से दुकान में रखे खाद्यान्न सामग्री जलकर राख हो गई जिससे दुकान संचालक की लाखों का नुकसान हो गया। घटना बीते रात्रि लगभग तीन बजे की है । जब गांव के एक व्यक्ति ने दुकान के अंदर से धुआं निकलते देखा। तो उसने सूचना दुकान संचालक जितेंद्र साह को दी तब उसने दुकान का ताला खोला तो देखा कि दुकान में रखे खाद्यान्न सामग्री लगभग पाँच लाख रुपये के करीब सहित नगद तीस हजार रुपये जल चुके थे। भुक्तभोगी जितेंद्र साह का कहना है कि आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट हो सकता है। उन्होंने प्रशासन से मुआवजे की मांग की है। घटना की जानकारी मिलने पर स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि भगीरथ मंडल दुकान पर पहुंचे और आगलगी की मामले की जानकारी ली तथा भुक्तभोगी को हर संभव मदद करने की आश्वाशन दिया

# गावां में सब्जी लदे पिकअप वैन पलटी बाल बाल बचे ड्राइवर व खलासी

**गावां गिरिडीह।** गावां ब्लॉक मोड़ के पास सब्जी लदे पिकअप वैन पलट गई। बताया जा रहा है कि सब्जी लेकर जा रही पिकअप वैन के ड्राइवर को नींद आ गई थी। जिससे संतुलन बिगड़ गया, जिससे गाड़ी अनियंत्रित हो गई। इसके बाद गाड़ी प्रखंड मुख्यालय के बोन्ड्रीवाल से टक्करा गई। हालांकि, इस घटना में ड्राइवर व खलासी बाल-बाल बच गया है। वहीं, घटना की सूचना मिलने के बाद गावां थाना की पुलिस घटनास्थल पहुंचकर मामले की जांच में जुट गई थी। थाना प्रभारी अभिषेक कुमार सिंह ने बताया कि मंगलवार की अहले सुबह यह घटना हुई है। पिकअप सब्जी लेकर बिहार जा रहा था। इस दौरान ब्लॉक मोड़ के समीप पलट गई। इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि सब्जी को दूसरे वाहन में लोड कर भेज दिया गया हैं।



## चार मई को खूंटी के दो केंद्रों में होगी नीट की परीक्षा

**खूंटी।** खूंटी जिले में पहली बार एनइइटी(नीट) परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। परीक्षा की सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए मंगलवार को समाहरणालय के कार्यालय कक्ष में उपायुक्त लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी ने जानकारी दी कि खूंटी जिले में लगभग 140 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। परीक्षा का आयोजन चार मई को किया जाएगा, जिसके लिए उसुर्लाइन कॉन्वेंट गर्ल्स स्कूल और केंद्रीय विद्यालय, खूंटी को परीक्षा केंद्र के रूप में चयनित किया गया है। बैठक में परीक्षा केंद्रों पर सभी आवश्यक तैयारियों को सुनिश्चित करने एवं परीक्षा को कदाचार मुक्त वातावरण में संपन्न कराने को लेकर उपायुक्त ने महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करने एवं समुचित प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी, डीएसपी मुख्यालय, डीआइओ सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## उपायुक्त ने की मुख्यमंत्री ट्रैक्टर वितरण योजना की समीक्षा

**खूंटी।** मुख्यमंत्री ट्रैक्टर वितरण योजना के तहत सब्सिडी पर ट्रैक्टर सहित खेती के अन्य उपकरण मुहैया कराने के उद्देश्य से मंगलवार को समाहरणालय सभागार में उपायुक्त लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री ट्रैक्टर वितरण योजना से संबंधित बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में समिति ने उक्त योजना के लिए प्राप्त लाभुकों की सूची पर चर्चा कर सर्वसम्मति से अनुमोदित किया । योजना के लिए खूंटी जिले को विभाग की ओर से 30 लाभुकों का लक्ष्य प्राप्त था, जिसके तहत जिले में शत प्रतिशत लाभुकों का चयन कर अनुमोदित किया गया है, जिन्हें सब्सिडी दर पर ट्रैक्टर समेत खेती के अन्य उपकरण मुहैया कराये जाएंगे। उपायुक्त ने बैंको को चयनित लाभुकों को ऋण देने में सहयोग करने को कहा, ताकि किसान योजना का लाभ ले सके। बैठक में उप विकास आयुक्त, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

## लंबित मामलों का त्वरित और पारदर्शी तरीके से निपटारा करें: उपायुक्त

**खूंटी।** उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने मंगलवार को अंचल कार्यालय कर्रा का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यालय में कर्मियों की उपस्थिति, उनके कार्यों की प्रगति, भूमि जमाबंदी, दाखिल खारिज, सर्टिफिकेट से जुड़े मामलों के निष्पादन और अंचल से जुड़े विभिन्न कार्यों की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को निर्देश दिया कि वे कार्यालय में शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करें तथा अंचल में लंबित मामलों का त्वरित एवं पारदर्शी तरीके से निपटारा करें। उपायुक्त ने हल्कावार समीक्षा करते हुए लंबित दाखिल खारिज के मामले, जाति, आवासीय एवं आय सर्टिफिकेट से संबंधित मामलों का निष्पादन निर्धारित समय पर करने का निर्देश दिया।

# झारखंड का बजट उम्मीदों को तोड़ने वाला व किसान विरोधी : पवन साहू

**रांची।** झारखंड बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष पवन साहू ने कहा कि यह उम्मीदों को तोड़ने वाला व किसान विरोधी बजट है। इस बजट में किसानों के लिए समर्थन मूल्य जैसे चुनावी मुद्दों पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया गया। किसानों को उम्मीदे थी कि सरकार उनकी आय बढ़ाने और कृषि क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए कुछ ठोस कदम उठाएगी? लेकिन बजट में किसानों के लिए कोई विशेष प्रावधान नहीं होने से राज्य के किसान हताश व निराश हुए हैं। यहां तक की 2024झ 25 की कृषि बजट में जहां 2407.95 करोड़ था जो 2526 में घटकर 1760 करोड़ कर दिया गया। वहीं मत्स्य पालन में 182.52 करोड़ था जो अब 132.00 करोड़ का और डायरी में 400 करोड़ था जो अब 398 करोड़ का बजट पेश किया गया। जिससे राज्य के किसानों में घोर असंतोष व्याप्त हुआ है।



# पड़रिया गांव में साढ़े तीन लाख नकद और जेवरात की हुई चोरी

नवीन मेल संवाददाता

**बिरनी।** बिरनी थाना क्षेत्र के पड़रिया गाँव के घर मे अज्ञात चोरो ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है।घटना रात्रि ग्यारह बजे का बताया जा रहा है।पड़रिया गाँव के रहने वाला अमृत साव के अज्ञात चोरो नर घटना का अंजाम दिया। पीड़ित परिवार अमृत साव ने जानकारी देते हुए बताया कि मेरा घर मे चोरी की घटना चोरो ने दिया। जिसमें साढ़े तीन लगभग नगदी समेत जेवरात कि चोरी हुई है।उन्होंने ने बताया कि गाँव के समीप रिस्तेदार के विवाह समारोह में शामिल होने के सभी घर के परिवार गए हुए थे।घर को पूरी तरह से बन्द करके विवाह घर गए थे।तभी अज्ञात चोरो ने रात्रि को घटना को अंजाम देकर नगदी समेत जेवरात पर हाथ साफ किया है।



घटना की सूचना बिरनी पुलिस को दिया,बिरनी थाना प्रभारी आकाश भारद्वाज पुलिस जवानों दलबल के साथ घटना स्थल पर पहुंचा। जांच पड़ताल शुरू कर दिया है।

**11 मार्च की होने वाली थी बेटी की शादी**

इस चोरी की घटना ने पीड़ित परिवार वाले सहमे हुए हैं। गृहस्वामी अमृत साव ने ये भी बताया कि बेटी की शादी आगामी 11 मार्च होना तय है,और बेटी की विवाह शादी के लिए नगड़ी समेत जेवरात खरीदकर रखा था। जिसके बाद शादी से पहले इस तरह का घटना अज्ञात चोरों ने दिया।

**क्या कहते हैं थाना प्रभारी**

इस मामले में बिरनी थाना प्रभारी आकाश भारद्वाज ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही स्वयं मैं पड़रिया गाँव पीड़ित के घर पहुँचा।पीड़ित परिवार वाला ने थाना मे आवेदन दिया है। आवेदन के आधार पर जानकारी इकट्ठा कर रहे हैं। बहुत जल्द गिरफ्त में होगा।


## कार्यालय नगर परिषद्, रामगढ़

**बन्दोबस्ती हेतु आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की नगर परिषद रामगढ़ द्वारा निम्नांकित तालिका में क्रमांक सं0 01 से 07 तक का वित्तीय वर्ष 2025–26 (माह अप्रैल 2025 से माह मार्च 2026 तक ) की वार्षिक बन्दोबस्ती के लिए बन्दोबस्ती हेतु खुला डाक का आयोजन कंडीकावार दिए गए तिथि तथा समय के अनुसार किया जा रहा है –

| क्रम0 | सैरात का नाम | अवधी | बन्दोवस्ती हेतु न्युनतम डाल बोली की राशि | जमानत की राशि | तिथि | समय (अपराह्न) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | सदर अस्पताल के सामने में चार चक्का वाहन एवं दो चक्का वाहनों की पार्किंग | वित्तीय वर्ष 2025–2026 (माह अप्रैल 2025 से माह मार्च 2026) तक | 79,200 | 7,920 | 11.03.2025 | 1:00 |
| 02 | घुटूवा शुक्रवार बाजार की बन्दोबस्ती। | | 55,880 | 5,588 | 11.03.2025 | 1:30 |
| 03 | राँची रोड सेवटा सब्जी बाजार की बन्दोबस्ती। | | 1,38,600 | 13,860 | 11.03.2025 | 2:00 |
| 04 | शनिचरा बाजार हाट सैरात की बन्दोबस्ती | | 9,85,600 | 98,560 | 12.03.2025 | 1:00 |
| 05 | टुटी झरना विवाह भवन की बन्दोबस्ती | | 6,06,100 | 60,610 | 12.03.2025 | 1:30 |
| 06 | Community Park Near D.C office Chhattar Mandu | | 6,71,550 | 67,155 | 12.03.2025 | 2:00 |
| 07 | सिध्धू कान्हू मैदान की बन्दोबस्ती। | | 38,500 | 3,850 | 11.03.2025 | 2:30 |

1. डाक में भाग लेने वाले इच्छुक डाकवक्ता के द्वारा जमानत की राशि बैंक ड्राफ्ट जो कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद रामगढ़ के पदनाम से कैंनरा बैंक रामगढ़ के मुख्य शाखा रामगढ़ में भुगतेय हो, डाक की तिथि से एक दिन पूर्व जमा करना होगा।
2. किसी भी डाक को अस्वीकृत या बिना कारण बताये रद्द करने का अधिकार नगर परिषद रामगढ़ को सुरक्षित रहेगा एवं किसी प्रकार का दावा मान नही होगा।
3. सफल डाक वक्ता द्वारा बिना उचित कारण के डाक की राशि निर्धारण समय सीमा के अन्तर्गत जमा नहीं करने पर उन्हें काली सूची में डाल दी जायेगी।
4. पूर्व बन्दोबस्तधारी नगर परिशद् के पूर्व बकाया भुगतान हेतु कार्यालय से NOC लेकर ही डाक में भाग ले सकेंगे।
5. डाक की राशि नियम एवं शर्तों की विस्तृत जानकारी नगर परिषद रामगढ़ कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

प्रशासक
नगर परिषद्, रामगढ़

PR 347754 (District)24-25*D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय भवन निर्माण विभाग

**भवन प्रमंडल संख्या–1, राँची**

**अति अल्पकालीन निविदा / कोटेशन आमंत्रण सूचना–107 / 2024–25**

1. विज्ञापनदाता का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल सँख्या–1,राँची।
2. परिमाण विपत्र बिक्री करने की तिथि एवं समय : दिनांक 17.03.2025 को 1.00 (एक) बजे अपराहन् तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 18.03.2025 को 3.00(तीन) बजे अपराहन् तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 18.03.2025 को 3.30(साढ़े तीन) बजे अपराहन।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, छोटानागपुर भवन अंचल–1, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष, राँची एवं कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या–1, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष, राँची।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : नगर नियंत्रण कक्ष राँची।
7. निविदा खोलने का स्थान : अधोहस्ताक्षरी का कार्यालय।
8. कार्यों का विवरण :

| क्र0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Plantation and Maintenance of Garden in the Campus of CM Secretariate at Kanke Road, Ranchi for the Year 2025-26 (Period 01-04-2025 to 31-03 2026). | 2663700.00 | 53300.00 | 5000.00 | 12 Months |
| 2 | Plantation and Maintenance of Garden for the Campus of Old SDO & RDC Residence in Residential & Office Area (Occupied by Present CM) at Mayer's Road, Ranchi for the Year 2025-26 (Period 01-04-2025 to 31-03 2026). | 4565200.00 | 91400.00 | 5000.00 | 12 Months |
| 3 | Supply of Flower Guchchha and Flower Bouquet at CM Residence and Residential Office at Mayer's Road, Ranchi for the Year 2025-26 (Period 01-04-2025 to 31-03 2026). | 4530200.00 | 90700.00 | 5000.00 | 12 Months |
| 4 | Day to Day Maintenance of Combined Office Building B.C.D. & C.N.C. Ranchi for the Year 2025-26 (Period 01-04-2025 to 31-03 2026). | 4354800.00 | 87100.00 | 5000.00 | 12 Months |
| 5 | Plantation and Maintenance of Garden for Hon'ble Chief Justice Residence at Kanke Road, Ranchi for the Year 2025-26 (Period 01-04-2025 to 31-03 2026). | 3308000.00 | 66200.00 | 5000.00 | 12 Months |
| 6 | Day to Day Maintenance of Collectorate Building Block-A Ranchi for the Year 2025-26 (Period 01-04-2025 to 31-03 2026). | 4803000.00 | 96100.00 | 5000.00 | 12 Months |
| 7 | Day to Day Maintenance of Collectorate Building Block-B Ranchi for the Year 2025-26 (Period 01-04-2025 to 31-03 2026). | 4797900.00 | 96000.00 | 5000.00 | 12 Months |
| 8 | Day to Day Maintenance of Garden, Lawn and Gamla and Sanitary Installation works for State Guest House at Circular Road, Ranchi for the Year 2025-26 (Period 01-04-2025 to 31-03 2026). | 2678700.00 | 53600.00 | 5000.00 | 12 Months |
| 9 | Day to Day Maintenance of Garden and Gamla with Lawn for Hon'ble Judge's Bungalow No.-2 (Old) & 6 (Old) at Doranda Ranchi for the Year 2025-26 (High Court Pool) (Period 01-04-2025 to 31-03 2026). | 4561600.00 | 91300.00 | 5000.00 | 12 Months |
| 10 | Day to Day Maintenance of Garden, Lawn and Gamla for Hon'ble Judges Bungalow (Staff Quarter) No.-12 and Hon'ble Judges Bungalow (Staff Quarter) No.-19 at Doranda Ranchi for the Year 2025-26 (High Court Pool) (Period 01-04-2025 to 31-03 2026). | 3743500.00 | 74900.00 | 5000.00 | 12 Months |
| 11 | Day to Day Maintenance of Garden, Lawn and Gamla for Hon'ble Judges Bungalow No.-119 and Rajendra Chowk Bungalow No.-3 at Doranda Ranchi for the Year 2025-26 (High Court Pool) (Period 01-04-2025 to 31-03 2026). | 4873500.00 | 97500.00 | 5000.00 | 12 Months |
| 12 | Day to Day maintenance and small repair of High Court Building, Judges Guest House (Bungalow-132) and Jhalsa Building at Doranda, Ranchi For the year of 2025-26 (High Court Pool) (Period: 01.04.2025 to 31.03.2026) | 738000.00 | 14800.00 | 1250.00 | 12 Months |
| 13 | Day to Day Maintenance of Small Repair of Hon'ble Judges Bunglow and High Court Staff Quarter (High Court Pool) at Doranda, Ranchi for the year 2025-26 (High Court Pool) (Period 01-04-2025 to 31-03-2026) | 2059300.00 | 41200.00 | 5000.00 | 12 Months |

नोट :– निविदा की शर्तें www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता भवन निर्माण विभाग
भवन प्रमण्ल संख्या–1, राँची।

PR 347760 Building(24-25)D

सुप्रभात

विचार प्रवाह

मैं सब रोगों को स्वास्थ्य नियमों के मेरे उल्लंघन का परिणाम मानूँगा और इस दोष को मैं उचित आहार, कम आहार, उपवास, अधिक व्यायाम, एवं उचित विचारों के द्वारा दूर करने का प्रयत्न करूँगा। - **श्री श्री परमहंस योगानंद**

## संपादकीय

# नोबेल विजेता के नेतृत्व से निराश हैं बांग्लादेश

यूनुस सरकार भारत से हसीना के प्रत्यर्पण की बेशक मांग कर रही है, लेकिन यह संदिग्ध लगता है कि बांग्लादेश के सेना प्रमुख उन्हें वापस लाने का जोखिम उठाएंगे। बांग्लादेश के सेना प्रमुख जनरल वकार-उज-जमां ने मीडिया से कहा कि वह देश में तेजी से बिगड़ती कानून व्यवस्था की स्थिति को नियंत्रित करने में नोबेल पुरस्कार विजेता मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार की 'विफलता' से निराश हैं। उन्होंने कथित तौर पर इस बात पर 'गंभीर संदेह' जताया कि क्या यूनुस प्रशासन वास्तव में निकट भविष्य में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव करा सकता है। जनरल वकार एक रूढ़िवादी और सुरक्षित ढंग से चलने वाले सैन्य नेता हैं, जिन्होंने पिछले साल अगस्त में शेख हसीना सरकार के हटने के बाद देश में मार्शल लॉ लागू करके सीधे नियंत्रण लेने के सैन्य एवं बाहरी, दोनों उकसावे का विरोध किया। उन्होंने अपने कुछ करीबी दोस्तों से जो कहा, उनमें से कुछ ने इस लेखक को बताया कि बांग्लादेश में सैन्य शासन कभी भी लोकप्रिय नहीं रहा है और जियाउर रहमान और एचएम इरशाद जैसे जनरलों को शीघ्र ही जनता की नाराजगी झेलनी पड़ी। तत्कालीन सेना प्रमुख मोईन यू अहमद के नेतृत्व में सेना समर्थित कार्यवाहक सरकार (2006-08) भी नए चुनावों की मांग बढ़ने के कारण अलोकप्रिय हो गई। इसलिए यह जानते हुए कि प्रत्यक्ष सैन्य शासन दुनिया भर में तेजी से अलोकप्रिय हो रहा है, वकार ने सेना को सीधे प्रभार संभालने से दूर रखने का फैसला किया। उनके करीबी लोगों से मिली जानकारी के अनुसार, सैन्य प्रमुख जल्द से जल्द चुनाव कराने के इच्छुक हैं और उसके बाद निर्वाचित सरकार को कार्यभार संभालने देना चाहते हैं।

*जनरल वकार एक रूढ़िवादी और सुरक्षित ढंग से चलने वाले सैन्य नेता हैं, जिन्होंने पिछले साल अगस्त में शेख हसीना सरकार के हटने के बाद देश में मार्शल लॉ लागू करके सीधे नियंत्रण लेने के सैन्य एवं बाहरी, दोनों उकसावे का विरोध किया।*

अंतरिम सरकार जितनी लंबी चलेगी और कानून-व्यवस्था के साथ-साथ अर्थव्यवस्था को नियंत्रित करने में विफल रहेगी, सेना को ही दोषी ठहराया जाएगा। जब छात्रों और कट्टरपंथियों की उग्र भीड़ ने बांग्लादेश के संस्थापक शेख मुजीबुर रहमान के घर में स्थित संग्रहालय को ध्वस्त किया, तो सैनिकों के मूकदर्शक बने रहने से सेना की छवि खराब ही हुई। पिछले साल जुलाई-अगस्त में जनरल वकार द्वारा आंदोलनरत छात्रों पर गोली न चलाने और खून-खराबा न करने के फैसले का पूरे मुल्क में स्वागत किया गया था। लेकिन, हर तरफ फैली अराजकता के बीच मूकदर्शक सेना की छवि उन लोगों को रास नहीं आ रही है, जो स्थिरता और सुरक्षा चाहते हैं। कुछ लोग पहले से ही सवाल उठा रहे हैं कि मुल्क में कानून-व्यवस्था बहाल करने में असमर्थ सेना को संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना की जिम्मेदारी कैसे दी जा सकती है।

# वेव्स : नई छलांग लगाने का अवसर




अभिनेत्री विद्या बालन की एक चर्चित फिल्म थी, डर्टी पिक्चर। इसका एक डायलॉग काफी चर्चित हुआ था-'फिल्में केवल तीन चीजों से चलती हैं, एंटरटेनमेंट, एंटरटेनमेंट और एंटरटेनमेंट।' अगर गहराई से इस पर सोचें, तो यह हकीकत भी है, लोग मनोरंजन के लिए ही तीन घंटे फिल्म देखने जाते हैं। फिल्म की बात हो या फिर एनीमेटेड फिल्म की, टीवी सीरियल की बात हो या फिर वेब सीरीज की, खेल के मैदान की बात हो या फिर ऑनलान गेमिंग की, ये सभी एंटरटेनमेंट यानी मनोरंजन के ही अलग-अलग रूप हैं।

भारत में मनोरंजन का बाजार दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। यह एक ऐसा बाजार है, जो प्रधानमंत्री मोदी के भारत को तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के सपने को साकार करने में मददगार साबित होगी। ऐसा नहीं है कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार इस बात से अनभिज्ञ है। उसे भी पता है कि ऑडियो, वीडियो और एटरटेनमेंट का बाजार इतना बड़ा है कि इसमें बहुत कुछ किये जाने की संभावना है। इसलिए सरकार के स्तर पर इसके लिए प्रयास भी किये जा रहे हैं। केंद्र सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा लगातार इस दिशा में कदम उठाया जा रहा है। मंत्रालय द्वारा आगामी 1 से 4 मई तक मुंबई के जियो वर्ल्ड सेंटर में वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट (वेव्स, WAVES), यानी विश्व दृश्य-श्रव्य और मनोरंजन शिखर सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। जहां दुनिया के बड़े-बड़े दिग्गज जुटेंगे। विचारों का आदान-प्रदान होगा। यह आयोजन एंटरटेनमेंट की बहुरंगी दुनिया में एक नयी छलांग लगाने का अवसर होगा।

मीडिया और मनोरंजन (एमएंडई) क्षेत्र के लिए वेब्स एक मील का पत्थर सबित होगा, चाहे आप एक उद्योग पेशेवर, निवेशक, निर्माता या नवप्रवर्तक हों, क्योंकि सम्मेलन एमएंडई परिदृश्य से जुड़ने, सहयोग करने, नवाचार करने और योगदान करने के लिए अंतिम वैश्विक मंच प्रदान करेगा। वेव्स भारत की रचनात्मक शक्ति को बढ़ाने के लिए तैयार है, जो कंटेंट निर्माण, बौद्धिक संपदा और तकनीकी नवाचार के केंद्र के रूप में इसकी स्थिति को बढ़ायेगा। प्रसारण, प्रिंट मीडिया, टेलीविजन, रेडियो, फिल्म, एनीमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग, कॉमिक्स, ध्वनि और संगीत, विज्ञापन, डिजिटल मीडिया, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, जनरेटिव एआई, ऑगमेंटेड रियलिटी (एआर), वर्चुअल रियलिटी (वीआर) और एक्सटेंडेड रियलिटी (एक्सआर) आदि को बढ़ावा मिलेगा।

आज की बात



**प्रशांत झा**

वाणिज्य मंत्रालय के एक शीर्ष अधिकारी ने पिछले दिनों कहा था कि मीडिया एवं मनोरंजन क्षेत्र के निर्यात में अगले पांच वर्ष में दस अरब डॉलर तक पहुंचने की संभावनाएं हैं। भारत सरकार द्वारा समर्थित प्रमुख क्षेत्रों में से एक भारतीय मीडिया और मनोरंजन उद्योग में वृद्धि की बहुत अधिक संभावनाएं हैं। हमें यह देखना होगा कि हम अपने दृश्य एवं श्रव्य क्षेत्र से निर्यात कारोबार को अगले कुछ सालों के दौरान किस प्रकार मौजूदा एक अरब डालर से 10 अरब डालर तक पहुंचा सकते हैं। इस क्षेत्र के निर्यात में वर्तमान में भारत का चौथा स्थान है। इसके लिए ठोस योजना बनाने की जरूरत है, जो सम्मेलन के जरिये विचारों के आदान-प्रदान से इस दिशा में एक सार्थक पहल होगी।

एक स्लोगन 'कर लो दुनिया मुट्ठी में' शायद ही किसी ने भूला हो। यह स्लोगन 23 साल पहले आया था। रिलायंस ग्रुप ने 2002 में अपना मोबाइल फोन लांच करने समय यह स्लोगन दिया था। आज सचमूच पूरी दुनिया हमारे-आपके मुट्ठी में है। भारतीय टेलीकॉम बाजार दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ने वाला बाजार बन गया है। लोकसभा के वर्तमान बजट सत्र के दौरान सरकार ने एक प्रश्न के जवाब में देश में मोबाइल उपयोक्ताओं और इंटरनेट कनेक्टिविटी के बारे में जानकारी दी थी। इसके अनुसार इस समय भारत में मोबाइल उपयोक्ताओं की संख्यां 117 करोड़ हो गयी है, जो आज से 10 साल पहले 90 करोड़ थी। इनमें से ज्यादातर उपयोक्ता स्मार्टफोन का इस्तेमाल कर रहे हैं। स्मार्टफोन के आने की वजह से इंटरनेट उपयोक्ताओं की संख्यां में भी इजाफा हुआ है। वहीं, देश के कोने-कोने में ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी पहुंचायी जा रही है।

इंटरनेट उपयोर्क्ताओं की संख्या भी छह करोड़ से बढ़कर 95 करोड़ तक पहुंच गयी है। भारत के कुल 6,40,131 गांवों में से 6,23,622 गांव मोबाइल कवरेज के दायरे में आ चुके हैं। जिन गांवों तक अभी मोबाइल कवरेज नहीं पहुंचा है, वहां पर भी जल्द ही पहुंचाने की योजना पर काम चल रहा है। इस वक्त देश की आबादी लगभग 140 करोड़ की है और आधी से अधिक आबादी के हाथों तक मोबाइल पहुंच चुका है। पिछले दिनों लक्षद्वीप जाने का मौका मिला। यहां न बिजली है और पानी। जेनरेटर से पूरे द्वीप पर बिजली आपूर्ति होती है और समंदर के खारे पानी को फिल्टर कर पीने लायक बनाने की व्यवस्था है। सिनेमा हॉल, मॉल आदि का तो नामो-निशान नहीं है। यहां तक कि टीवी भी कम ही लोगों के पास दिखा। हर व्यक्ति के हाथ में मोबइल फोन जरूर दिखा, जिसमें इंटरनेट कनेक्शन भी था। यह मोबाइल ही उनके मनोरंजन का साधन है। लक्षद्वीप की चर्चा इसलिए कर रहा है क भारत का यह हिस्सा आज भी अलग-थलग है। यहां के सभी द्वीपों को मला कर आबादी केवल 86 हजारप के लगभग है। यहां शहरों की तरह न तड़क-भड़क है और न गांव की तरह खेती बाड़ी। जह लक्षद्वीप की यह स्थिति है, तो देश के अन्य हिस्सों का इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है। सभी जगह मोबाइल लोगों के लिए मनोरंजन का जरिया बन गया है। मनोरंजन से जुड़ी हर चीज एक क्लिक के साथ लोगों के हाथों में मौजूद है। पूरा ओवर-द-टॉप (ओटीटी) प्लेटफॉर्म इस पर मौजूद है, जिस पर ऑडियो और वीडियो से संबंधित मनोरंजन की हर सामग्री मौजूद है। साथ ही क्रिकेट, लूडो, ताश, फुटबॉल जैसे खेल के संसाधन भी मोबाइल पर सिमट गये हैं। यही वजह है कि देश में ओटीटी प्लेटफॉर्म तेजी से बढ़ रहे हैं। रिपोर्ट बताती है कि महामारी के बाद भारत में ओटीटी प्लेटफॉर्म की तरफ लोगों के बढ़ते रुझान ने वीडियो बाजार में क्रांति ला दी है।

घर बैठे मनचाहे कंटेंट मिलने से भारत का ओटीटी स्ट्रीमिंग उद्योग अप्रत्याशित रूप से आगे बढ़ रहा है। भारत के ओटीटी वीडियो बाजार का राजस्व 2025 के अंत तक 4.49 बिलियन डॉलर पहुंचने का अनुमान है। देश में ओटीटी वीडियो के राजस्व में 7.18 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर 2025-2029) की उम्मीद जतायी जा रही है, जिसके चलते 2029 तक इसका अनुमानित बाजार 5.92 बिलियन डॉलर पर पहुंच सकता है। भारत में ओटीटी का सबसे बड़ा बाजार वीडियो स्ट्रीमिंग (एसवीओडी) का है, जिसके 2025 में 2.30 बिलियन डॉलर पर पहुंचने की उम्मीद है। वहीं, देश में इस समय कुल ओटीटी उपयोक्ताओं की संख्या 547 मिलियन से अधिक है। वर्ष 2029 तक देश के ओटीटी वीडियो बाजार में उपयोक्ताओं की संख्या 634.3 मिलियन तक पहुंचने की उम्मीद है। जहां 2025 में देश के 35.8 प्रतिशत लोगों तक ओटीटी वीडियो की पहुंच रहेगी, वहीं 2029 तक इस आंकड़े के 42.2 प्रतिशत पर पहुंचने का अनुमान है। भारत में ऑनलाइन गेमिंग की बात की जाये, तो यह विश्व का सबसे बड़ा बाजार बन गया है।

साल 2023 में भारत में कुल 9.5 अरब बार गेमिंग ऐप डाउनलोड किये गये थे। वैश्विक स्तर पर कुल डाउनलोड में भारत का योगदान 20 फ़ीसदी रहा था। भारत में ऑनलाइन गेमिंग का बाजार साल-दर-साल 20 फ़ीसदी बढ़ रहा है। यहां गेमिंग उद्योग ने पिछले पांच सालों में घरेलू और वैश्विक निवेशकों से 2.8 अरब डॉलर का निवेश हासिल किया है। इस वर्ष के अंत तक गेमिंग उद्योग में 50 करोड़ उपयोक्ता होने का अनुमान है। भारतीय में ऑडियो- वीडियो और इंटरटेनमेंट का बाजार कितना बड़ा है, इसका अंदाजा मोबाइल, इंटरनेट, ओटीटी, ऑनलाइन गेम आदि के उपयोक्ताओं की संख्या से लगाया जा सकता है। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## अलग बात

# मार्च की दो महान महासमाधियां



**नेहा प्रकाश**

एक दिव्य गुरु को गुरु होने के लिए अपने शरीर की आवश्यकता नहीं होती है। आध्यात्मिक गौरव ग्रन्थ, "योगी कथामृत" के लेखक श्री श्री परमहंस योगानन्द और अबाधित पुस्तक, "कैवल्य दर्शनम्" के लेखक श्री श्री स्वामी श्रीयुक्तेश्वर गिरि आज भी अपने करोड़ों भक्तों के लिए इस कथन को चरितार्थ करते हैं। मार्च का महीना इन दोनों गुरुओं की गौरवपूर्ण महासमाधि (मृत्यु के समय एक योगी का अपने शरीर से अभिज्ञ अन्तिम प्रस्थान) का प्रतीक है। स्वामी श्रीयुक्तेश्वर गिरि ने 9 मार्च, 1936 को और उनके विश्व प्रसिद्ध शिष्य परमहंस योगानन्द ने 7 मार्च, 1952 को महासमाधि में प्रवेश किया। क्रियायोग परम्परा के इन दोनों गुरुओं ने अपने शरीरों का एक पहचान योग्य वस्त्र की भाँति परित्याग कर दिया और मोक्ष प्राप्ति हेतु अपने भक्तों का मार्गदर्शन करते हुए विराट् क्रिया श्वास के माध्यम से जीवित रहे।

जैसा कि "योगी कथामृत" में वर्णित है, क्रियायोग एक ऐसी प्रविधि है जो प्रत्येक श्वास के साथ रक्त को कार्बन डाइऑक्साइड से मुक्त करती है और अन्ततः शरीर के क्षय को कम करती है और रोकती है। ऑक्सीजन के अतिरिक्त परमाणु कोशिकाओं को शुद्ध ऊर्जा में रूपान्तरित कर देते हैं। इस प्रकार 30 सेकंड की एक क्रिया श्वास के द्वारा उतना ही आध्यात्मिक विकास होता है जितना प्राकृतिक विकास के माध्यम से एक वर्ष में होता है। क्रियायोग एक प्राचीन विज्ञान है जिसे श्रीकृष्ण ने अर्जुन को प्रदान किया था और बाद में पतंजलि और अन्य शिष्यों को इसका ज्ञान था। वर्तमान युग में महावतार बाबाजी ने इसे लाहिड़ी महाशय को प्रदान किया था, जिन्होंने इसे योगानन्दजी के गुरु स्वामी श्रीयुक्तेश्वर गिरि को प्रदान किया था। संन्यास के पूर्व योगानन्दजी का नाम मुकुन्द था। सन 1910 में, जब वे 17 वर्ष के थे, उनकी भेंट अपने गुरु स्वामी श्रीयुक्तेश्वर गिरि से हुई थी। अपने गुरु के कठोर मार्गदर्शन-जिसके कारण आश्रम के अन्य शिष्य मधुर शब्दों की खोज में आश्रम छोड़ कर चले जाते थे-में मुकन्द की आत्मा ने अपने गुरु के निर्देश ग्रहण किए। युवा मुकुन्द को तो उनके गुरु द्वारा एक गुरु बनने के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा था। क्योंकि महावतार बाबाजी ने अनेक वर्ष पूर्व स्वामी श्रीयुक्तेश्वर गिरि से स्पष्ट रूप से यह कहा था कि पाश्चात्य जगत् में क्रियायोग का प्रचार करने के लिए योगानन्दजी ही चुनाव किया गया है। प्रारम्भ में तो योगानन्दजी पूर्व में भी किसी संस्था की स्थापना करने के इच्छुक नहीं थे, परन्तु उन्होंने अपने गुरु के आगे सिर झुकाकर समर्पण कर दिया।

# नशे के खिलाफ महत्वाकांक्षी युद्ध कारगर साबित हो

पंजाब में आतंकवाद की ही तरह नशे एवं ड्रग्स के धंधे ने व्यापक स्तर पर अपनी पहुंच बनाई है, जिसके दुष्परिणाम पंजाब के साथ-साथ समूचे देश को भोगने को विवश होना पड़ रहा है। पंजाब नशे की अंधी गलियों में धंसता जा रहा है, सीमा पार से शुरू किए गए इस छद्म युद्ध की कीमत पंजाब की जनता को चुकानी पड रही है, देर आये दुरस्त आये की भांति लगातार चुनौती बने नशीली दवाओं एवं ड्रग्स के धंधे के खिलाफ आप सरकार ने एक महत्वाकांक्षी यद्ध एवं अभियान शुरू किया है। तीन महीने के भीतर इस समस्या का खात्मा करने का सरकार दावा खोखला साबित न होकर सकारात्मक एवं प्रभावी परिणाम लाये, यह अपेक्षित है। इसी क्रम में विभिन्न सरकारी विभागों ने सैकड़ों छापे डाले, तीन सौ के करीब गिरफ्तारियां और बड़े पैमाने पर नशीले पदार्थों की बरामदगी हुई। निस्संदेह, यह कार्रवाई अभियान उग्र, आक्रामक व तेज है, लेकिन ऐसे अभियान चलाने के दावे विगत की भांति कोरा दिखावा न साबित हो, यह देखना जरूरी है। दरअसल, सबसे बड़ा संकट यह है कि पाकिस्तान, अफगानिस्तान और ईरान में हेरोइन उत्पादन के केंद्र-गोल्डन क्रिसेंट के निकट होने के कारण पंजाब लंबे समय से मादक पदार्थों की तस्करी से जूझ रहा है। जरूरत है मान सरकार का नशा एवं नशे के कारोबार के खिलाफ जारी अभियान कामयाबी की नई इबारत लिखे। ताकि नशे के जाल में फंसे युवाओं एवं आमजन को बचाया जा सके।

देश की बात



**ललित गर्ग**

ड्रग्स उपभोग के मामले में पंजाब की स्थिति अत्यंत चिंताजनक बन गई है। पंजाब के 26 प्रतिशत युवा चरस, अफीम तथा कोकीन व हेरोइन जैसे सिंथेटिक ड्रग्स लेने में लिप्त हैं। इसमें शराब आदि का डाटा शामिल नहीं है। पंजाब देश में ड्रग्स में सर्वाधिक संलिप्त राज्यों में आता है। यह डाटा गतदिनों गृहमंत्री अमित शाह की उपस्थिति में 'मादक



पदार्थों की तस्करी एवं राष्ट्रीय सुरक्षा' पर आयोजित क्षेत्रीय सम्मेलन में सामने आया। पंजाब के बॉर्डर एरिया के गांवों व कस्बों में ही ड्रग्स की मार देखने को मिलती थी। सरकार नशे को खत्म करने के बड़े-बड़े दावे कर रही है, जबकि जमीनी हकीकत कुछ और देखने को मिलती है। युवाओं की रगों में नशे का जहर घोला जा रहा है। बड़े शहर नशे के हॉट-स्पॉट बनते जा रहे हैं। बठिंडा, पटियाला, होशियारपुर, अमृतसर और लुधियाना जैसे बड़े शहरों में हालात चिंताजनक हैं। इसका असर प्रदेश की मौजूदा पीढ़ी पर ही नहीं, बल्कि आने वाली पुश्तों पर भी पड़ने लगा है। इस अभियान की सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि क्या हम इस समस्या की जड़ पर प्रहार करने का कोई प्रभावी उपक्रम कर रहे हैं? दरअसल, इस संकट के मूल में जहां राजनीतिक जटिलताएं, सीमा से जुड़ी समस्याएं, पाकिस्तान के षडयंत्र हैं, वहीं युवाओं के लिये रोजगार से जुड़े विकल्पों की भी कमी है।

पंजाब में नशे की समस्या पर सुप्रीम कोर्ट भी चिन्ता व्यक्त करता रहा है, अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए उसने पंजाब सरकार को फटकार भी समय-समय पर लगाई है। अगर कोई पडोसी देश चाहे तो नशे के आतंक से देश को खत्म कर सकता है। अगर बॉर्डर क्षेत्र सुरक्षित नहीं है तो कैसे सीमाओं की सुरक्षा होगी? नशा माफिया के आगे बेबस क्यों है पंजाब सरकार?' सुप्रीम कोर्ट की चिन्ता पंजाब में नशे की गंभीर चुनौती को देखते हुए वाजिब है। प्रधानमंत्री ने भी पूर्व में 'ड्रग्स-फ्री इंडिया' अभियान चलाने की बात कहकर इस राष्ट्र की सबसे घातक बुराई की ओर जागृति का शंखनाद किया है। विशेषतः पंजाब के युवा नशे की अंधी गलियों में धंसते जा रहे हैं, वे अपनी अमूल्य देह में बीमार फेफड़े और जिगर सहित अनेक जानलेवा बीमारियां लिए एक जिन्दा लाश बने जी रहे हैं पौरुषहीन भीड़ का अंग बन कर। ड्रग्स के सेवन से महिलाएं बांझपन का शिकार हो रही हैं। पुरुषों पर भी इसका प्रभाव पड़ रहा है। पंजाब में औसत हर रोज एक व्यक्ति की ड्रग्स की ओवरडोज के कारण मौत हो रही है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

क्यों बैठे हो 'राम जी' , कलि में आंखें मींच।
युग तो बदले हैं, मगर ना बदले मारीच।।
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# सरकारी दफ्तर की गहरी चाय

सुबह के नौ बजे थे। सरकारी दफ्तर में हलचल शुरू हो चुकी थी, या कहें कि आलस्य ने अंगड़ाई ले ली थी। बाबूजी अपनी कुर्सी पर ऐसे विराजमान थे जैसे सम्राट अपने सिंहासन पर। पान चबाते हुए उन्होंने घड़ी पर नजर डाली और निश्चिंत होकर एक लंबी अंगड़ाई ली। "साहब अभी नहीं आए हैं, आप थोड़ी देर प्रतीक्षा करें," यह संवाद सरकारी कार्यालयों की शाश्वत आत्मा है। फाइलों की मोटाई देखकर अनुमान लगाया जा सकता था कि वे वर्षों से सो रही हैं और आज भी उठने के मूड में नहीं हैं। बाहर बैठे रामलाल जी, जो पिछले तीन सालों से अपनी पेंशन के लिए चक्कर काट रहे थे, खंखार कर बोले, "बेटा, एक चाय तो पिला दो, तब तक सरकार जाग जाए।"

सरकारी दफ्तरों में चाय महज एक पेय नहीं, बल्कि एक प्रक्रिया है। यह निर्णय लेने, टालने, और फाइलें दबाने का प्रमुख अनुष्ठान है। चाय वाले गुप्ता जी की दुकान पर सजीव बहस चल रही थी-"देश बदल रहा है!" "लेकिन बाबूजी नहीं बदल रहे!" चाय का कप उठाते ही बहस और तीखी हो जाती, जैसे इसमें अदरक के साथ-साथ क्रांति भी पड़ी हो। उधर अंदर, बाबूजी की टेबल पर एक अर्जी धरी थी, जिस पर धूल इतनी मोटी थी कि अगर उसे झाड़ दिया जाए तो उसमें से इतिहास की धारा निकल आए।

"सर, यह फाइल चार महीने से पड़ी है।" क्लर्क ने साहब से कहा। साहब ने अपनी मूंछों पर ताव देते हुए उत्तर दिया, "इतिहास बनते समय जल्दबाजी नहीं करनी चाहिए। लोकतंत्र में हर चीज़ अपनी गति से चलती है, बस यह मत पूछो कि किसकी गति से।" पीछे खड़े चपरासी ने धीरे से कान में कहा, "सर, फाइल के साथ मिठाई भी आई है।" साहब ने चश्मा ऊपर किया और बोले, "अब समझ आया कि यह फाइल इतनी तेजी से क्यों दौड़ रही है!"

रामलाल जी की उम्मीदें सरकारी मशीनरी से भिड़ रही थीं। वह बोले, "बेटा, मैं तीन साल से इस पेंशन के लिए चक्कर काट रहा हूँ। मेरी उम्र अब दौड़ने की नहीं रही।" बाबूजी ने दार्शनिक अंदाज में कहा, "संयम रखिए काका, पेंशन मिलनी तय है, लेकिन कौन-सी पीढ़ी को मिलेगी, यह कहना मुश्किल है।" फिर अचानक मुस्कुराए, "चलिए, चाय पीते हैं, सोचते हैं।" चाय आई, और चाय के साथ एक नई बहस, "यह जो सरकार है न..."सरकारी दफ्तरों की फाइलें कभी रिटायर नहीं होतीं, केवल कर्मचारियों की आत्मा ही हार मानती है। जैसे ही रामलाल जी ने फिर से निवेदन किया, बाबूजी ने कान खुजलाते हुए कहा, "देखिए, चीजें अपने समय पर होती हैं। आपने सुना नहीं, 'सावधानी हटी, दुर्घटना घटी!'" रामलाल जी निराश होकर बोले, "और मैं कहता हूँ, 'चाय हटी, काम अटका!'" पूरे दफ्तर में ठहाके गूंज गए। बाबूजी बोले, "बिल्कुल सही! चलो, एक और चाय मंगाते हैं।"

इसी बीच, एक युवक आया, चेहरे पर जोश था। उसने ऊँची आवाज़ में कहा, "सर, मेरे आवेदन का क्या हुआ?" बाबूजी ने उसे ऊपर से नीचे तक देखा और बोले, "नौजवान, धैर्य रखो! सब्र का फल मीठा होता है। और वैसे भी, सरकारी काम का फल जितना देर से मिलता है, उतना ही लजीज लगता है!" युवक भडकते हए बोला. "लेकिन सर, मैं तीन महीने से आ रहा हूँ!" बाबूजी हंसे, "बस! तीन महीने? अरे, रामलाल जी तीन साल से चक्कर लगा रहे हैं, और देखो कितने स्वस्थ हैं!"युवक ने गहरी सांस ली और फाइल पर जमी धूल को झाड़ते हुए कहा, "सर, क्या यह अर्जी मेरे जीते-जी पूरी होगी?" बाबूजी ने गंभीरता से कहा, "युवक, जीवन एक संघर्ष है, और सरकारी प्रक्रिया एक तपस्या। जो इसे समझ गया, वह निर्वाण को प्राप्त कर सकता है।" पास बैठे चपरासी ने हंसते हुए कहा, "सर, इसका मतलब यह हुआ कि यहाँ नौकरी करना भी एक योग साधना है?" बाबूजी बोले, "बिल्कुल! और चाय इसका प्रसाद है!"

आपकी बात



**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'**

रामलाल जी के चेहरे पर एक अजीब-सी हँसी थी। उन्होंने बाबूजी की तरफ देखा और बोले, "सर, आप सही कह रहे हैं। यह सरकारी दफ्तर नहीं, धैर्य की पाठशाला है।" बाबूजी मुस्कुराए और बोले, "बिल्कुल सही पकड़े हैं! अब अगली बार आएं तो मिठाई लेते आएं, ताकि फाइल और तेजी से सरके।" रामलाल जी हंसे, "फिर तो मेरा पोता ही आएगा, क्योंकि मेरा समय चाय पीने में ही निकल जाएगा!" पूरे दफ्तर में ठहाके गूंज उठे, और चाय का एक और दौर शुरू हो गया।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाइं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# दिलीप जायसवाल बने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष खट्टर ने की घोषणा



**पटना (आईएएनएस)**

बिहार प्रदेश परिषद की बैठक में मंगलवार को भाजपा के नए प्रदेश अध्यक्ष के रूप में दिलीप जायसवाल के नाम की घोषणा की गई। केंद्रीय मंत्री, परिषद के प्रभारी और पर्यवेक्षक बनकर पटना पहुंचे मनोहर लाल ने उनकी ताजपोशी की घोषणा की। पटना के बापू सभागार में आयोजित प्रदेश परिषद की बैठक में इसकी घोषणा करते हुए खट्टर ने कहा कि पार्टी की परंपरा रही है कि तीन साल में संगठन का नए सिरे से गठन किया जाता है। यह एक संवैधानिक प्रक्रिया है। पार्टी का राष्ट्रीय पर्व चल रहा है। इसमें मंडल, जिला, प्रदेश समिति होती है। उन्होंने कहा कि बिहार में सांगठनिक रूप से 52 जिले हैं, जिनमें से 40 जिलों में इसकी प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। उन्होंने बताया कि पार्टी के चुनाव प्रभारी राजेश वर्मा के सामने सोमवार को ही दिलीप जायसवाल ने नामांकन पत्र भरा था। इनकी प्रस्तावना सम्राट चौधरी, विजय सिन्हा, मंगल पांडेय, रामप्रीत पासवान, ब्रज किशोर बांध, ज्ञानचंद मांझी, केदार गुप्ता, रणधीर सिंह, रामसूरत राय और जगदीश राम ने की है। उन्होंने आगे दिलीप जायसवाल को नए प्रदेश अध्यक्ष के रूप में नाम घोषित किया और उन्हें प्रमाण पत्र सौंपा।

उन्होंने विश्वास जताया कि वे संगठन का कार्य सुचारू रूप से करेंगे। दरअसल, इस साल बिहार में विधानसभा चुनाव होने वाला है और सभी दलों ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। प्रदेश भाजपा संगठन के इस बड़े फैसले के साथ ही पार्टी ने आगामी चुनावी रणनीति को और धार देने का संकेत दिया है। इस बैठक में प्रदेश प्रभारी विनोद तावड़े, सह प्रभारी दीपक प्रकाश, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा, केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह, नित्यानंद राय, सांसद राधा मोहन सिंह, रविशंकर प्रसाद और संजय जायसवाल समेत पार्टी के तमाम बड़े चेहरे शामिल हुए। साथ ही, प्रदेश से लेकर मंडल स्तर तक के करीब 15,000 कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# औषधीय गुणों की खान 'गुड़मार', शुगर के मरीजों के लिए रामबाण

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

'जिस तन लागे, सो तन जाने...' शुगर या डायबिटीज ऐसी बीमारी है, जिसकी जकड़ में मरीज का न केवल मनपसंद खाना छूट जाता है, बल्कि आए दिन नई-नई शारीरिक पीड़ा से भी गुजरना पड़ता है। ऐसे में आयुर्वेद के पास गुड़मार या मधुनाशिनी के रूप में ऐसी जड़ी-बूटी है, जो उनके लिए अमृत के समान है। 'गुड़मार' का पौधा मध्य भारत, दक्षिण भारत और श्रीलंका में पाया जाता है। यह बेल (लता) के रूप में होता है। इसकी पत्ती को खा लेने पर किसी भी मीठी चीज का स्वाद लगभग एक घंटे तक के लिए समाप्त हो जाता है। इसे खाने के बाद गुड़ या चीनी की मिठास खत्म हो जाती है। इसकी पत्तियां खाने के बाद रेत के समान लगती हैं। दरअसल, 'गुड़मार' एक आयुर्वेदिक जड़ी-बूटी है, जिसे 'मधुनाशिनी' भी कहा जाता है। 'गुड़मार' को मधुमेह यानी डायबिटीज के इलाज के लिए बहुत ही प्रभावी माना जाता है। कहा जाता है कि 'गुड़मार' शरीर में ब्लड शुगर लेवल को नियंत्रित करने और इंसुलिन उत्पादन बढ़ाने में मदद करता है।



## 'गुड़मार' वजन घटाने में भी मददगार होता है

जानकारी के अनुसार, 'गुड़मार' ब्लड शुगर को नियंत्रित करता है। इसमें मौजूद जिम्नेमिक एसिड शरीर में ग्लूकोज के अवशोषण को कम करता है, जिससे ब्लड शुगर का स्तर नियंत्रित रहता है। इसके अलावा, यह इंसुलिन हार्मोन के उत्पादन को बढ़ाने में मदद करता है, जिससे टाइप 2 डायबिटीज के मरीजों को फायदा होता है। साथ ही, 'गुड़मार' का पत्ता चबाने से मुंह में मीठे का स्वाद भी महसूस नहीं होता, जिससे मीठा खाने की लत भी कम हो जाती है। इसके साथ ही, यह वजन घटाने में भी मददगार होता है। यह मेटाबॉलिज्म को तेज करता है, जिससे शरीर से फैट (चर्बी) कम होता है। यही नहीं, 'गुड़मार' को कोलेस्ट्रॉल और हृदय रोग से बचाव के लिए भी कारगर माना गया है। यह कोलेस्ट्रॉल और ट्राइग्लिसराइड्स को नियंत्रित करता है, जिससे हृदय रोग का खतरा कम होता है। गुड़मार का सेवन करने के लिए इसके पाउडर का भी इस्तेमाल किया जा सकता है।

# डाटा-संचालित प्रणालियां मानव की जगह नहीं ले सकतीं : राष्ट्रपति

## राष्ट्रपति से मिले आईआरएस के 78वें बैच के प्रशिक्षु अधिकारी

**नई दिल्ली (हि.स.)**



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने मंगलवार को भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) के अधिकारियों को यह याद रखने की सलाह दी कि तकनीक सिर्फ एक उपकरण है और यह मानवीय मूल्यों का विकल्प नहीं है। डेटा-संचालित प्रणालियां दक्षता बढ़ा सकती हैं, लेकिन वे कभी भी सहानुभूति और अखंडता की जगह नहीं ले सकतीं। आईआरएस के 78वें बैच के प्रशिक्षु अधिकारियों ने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से भेंट की। इनमें रॉयल भूटान सेवा के दो अधिकारी प्रशिक्षु भी शामिल हैं, वे राष्ट्रीय प्रत्यक्ष कर अकादमी (एनएडीटी), नागपुर में प्रारंभिक प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।

अधिकारियों को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि बदलते समय, बढ़ती अपेक्षाओं और सरकारी पहलों ने अधिक दक्षता, पारदर्शिता और सुविधा के एक नए युग की शुरुआत की है। डिजिटल तकनीक इस बदलाव के मूल में है। उन्हें यह जानकर खुशी हुई कि आयकर विभाग उल्लेखनीय सटीकता के साथ विसंगतियों का पता लगाने के लिए उन्नत डेटा एनालिटिक्स का उपयोग करता है और यह सुनिश्चित करता है कि ईमानदार करदाताओं को असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि उनकी नीतियों और कार्यों का उद्देश्य सभी का विकास होना चाहिए, खासकर वंचितों और कमजोर वर्गों का। राष्ट्रपति ने कहा कि भारतीय राजस्व सेवा के अधिकारियों का काम शासन और कल्याण के लिए सबसे महत्वपूर्ण कार्यों में से एक है। उन्होंने जीवंत अर्थव्यवस्था के लिए करों के महत्व पर प्रकाश डाला। भारतीय राजस्व सेवा के अधिकारियों के रूप में वे यह सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे कि इस आवश्यक संसाधन को निष्पक्ष, प्रभावी और पारदर्शी तरीके से एकत्र किया जाए।

राष्ट्रपति ने कहा कि हमारा बुनियादी ढांचा बढ़ रहा है, डिजिटल कनेक्टिविटी अंतर को पाट रही है और आर्थिक अवसर पहले से कहीं अधिक सुलभ हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि विकास को टिकाऊ और समावेशी बनाने के लिए संसाधनों का प्रबंधन दक्षता और निष्पक्षता के साथ किया जाना चाहिए और नागरिकों को सिस्टम पर भरोसा करना चाहिए। उन्होंने कहा कि उनकी भूमिका महत्वपूर्ण है क्योंकि वे इस प्रक्रिया की देखरेख करेंगे ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि हर कोई अपनी वैध क्षमता के अनुसार योगदान दे और उसके साथ सम्मान और गरिमा के साथ व्यवहार किया जाए।

# बिहार के शिक्षकों को आगामी दो माह के भीतर मनचाही पोस्टिंग मिलेगी : शिक्षा मंत्री

**पटना (हि.स.)**

बिहार विधानसभा में बजट सत्र के दौरान प्रदेश के शिक्षकों के ट्रांसफर-पोस्टिंग को लेकर सरकार ने कहा कि आगामी दो माह के भीतर उन्हें मनचाही जगह पोस्टिंग मिल जायेगी। विपक्ष के सवालों का जवाब देते हुए शिक्षा मंत्री सुनील सिंह ने सदन में कहा है कि अगले दो महीनों के भीतर शिक्षकों को मनचाही पोस्टिंग मिल जाएगी। शिक्षकों को मनचाही पोस्टिंग के लिए 10 चॉइस देने होंगे। पोस्टिंग के लिए सॉफ्टवेयर तैयार है। शिक्षकों की पोस्टिंग बीमारी, पति पत्नी, और चॉइस के आधार पर होगी लेकिन पोस्टिंग वेकेंसी के आधार पर ही होगी।

उन्होंने कहा कि अगर किसी शिक्षक को मनचाही पोस्टिंग नहीं मिलती है तो वह जिलाधिकारी, आयुक्त या फिर विभागीय स्तर बनी कमिटी में अपील कर सकते हैं। 40 की उम्र से ऊपर गंभीर बीमारी से जूझ रहे शिक्षकों की मनचाही पोस्टिंग की जा चुकी है। सीपीआई विधायक सूर्यकान्त पासवान के सवाल के जवाब देते हुए शिक्षा मंत्री ने विधानसभा में यह जानकारी दी।

# मप्र के सतना में 5 बड़े कारोबारियों के ठिकानों पर आयकर विभाग का छापा

**सतना (हि.स.)**

मध्य प्रदेश के सतना जिले में आयकर विभाग के अधिकारियों ने एक साथ 5 बड़े व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर छापा मारा है। आयकर विभाग की टीम मंगलवार सुबह करीब 6 बजे 50 गाड़ियों से इनके ठिकानों पर पहुंची। अफसर रामा ग्रुप के रामकुमार, सुरेश कुमार और नरेश गोयल, सेनानी ग्रुप के सुनील सेनानी, सिविल कॉन्ट्रेक्टर अतुल मेहरोत्रा, फ्लोर मिल मालिक संतोष गुप्ता और हुंडी कारोबारी व रिसॉर्ट मालिक सीताराम अग्रवाल उर्फ रामू के यहां सर्चिंग में जुटे हैं। अधिकारिक सूत्रों ने बताया कि ये कार्रवाई शहर के बिरला रोड स्थित फर्म और सेमरिया चौक स्थित घर पर की जा रही है। सिर्फ सतना ही नहीं, बल्कि एमपी के जबलपुर, छत्तीसगढ़ के रायपुर और दिल्ली में भी स्थित रामा ग्रुप के ठिकानों पर इनकम टैक्स डिपार्टमेंट की टीम एक साथ छापामारी करने पहुंची है। इस छापेमारी के बाद सतना के व्यापारियों में हड़कंप मच गया है। शहर के अन्य कारोबारी भी अब अपने खातों और टैक्स रिकॉर्ड को लेकर सतर्क हैं।

# विकसित बिहार' के लिए समर्पित बजट को पचा नहीं पा रहा है विपक्षः उमेश सिंह

**पटना।** बिहार जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने मंगलवार को बयान जारी कर विपक्ष को जमकर लताड़ लगाई। उन्होंने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि लूट-खसोट की मानसिकता से ग्रसित विपक्ष 'विकसित बिहार' के लिए समर्पित सर्व-समावेशी बजट को पचा नहीं पा रहा है। 15 वर्षों तक सत्ता में रहते हुए बिहार को बेहाल, बदहाल और बीमारू बनाने वाले को बजट पर सवाल उठाने का नैतिक अधिकार नहीं है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि वर्तमान बजट पर बेतुके और अनर्गल प्रश्नचिन्ह खड़े करने के बजाए राजद को अपने 15 वर्षों के बजट का लेखा-जोखा भी जनता के समक्ष प्रस्तुत करना चाहिए, जिससे सबकुछ दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा।

# वैधानिक ढांचे के भीतर मुद्दों को हल किया जाए : सीईसी

**नई दिल्ली ।** मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार ने मंगलवार को देशभर के सभी सीईओ, डीईओ, ईआरओ, बीएलओ सहित सभी अधिकारियों से पारदर्शी तरीके से काम करने और सभी वैधानिक दायित्वों को पूरी लगन से पूरा करने का निर्देश दिया। वे नई दिल्ली के आईआईआईडीईएम में सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के सीईओ के दो दिवसीय सम्मेलन के उद्गघाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने अपने संबोधन में मौजूदा कानूनी ढांचे यानी जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 और 1951; मतदाता पंजीकरण नियम 1960, चुनाव संचालन नियम 1961 और समय-समय पर ईसीआई द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार काम करने का आह्वान किया।

# आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे। सुख-आनंद कारक समय है।

# महिला समृद्धि योजना के पूरा न होने का आरोप, 'आप' ने किया प्रदर्शन




**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

आम आदमी पार्टी (आप) ने भारतीय जनता पार्टी की महिला समृद्धि योजना के तहत महिलाओं को 2,500 रुपये देने के वादे को पूरा न करने को लेकर जमकर विरोध प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन दिल्ली के मंडी हाउस पर आयोजित किया गया, जहां 'आप' के नेता हाथों में बैनर और पोस्टर लेकर सड़कों पर उतरे और भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। आम आदमी पार्टी के नेताओं ने आरोप लगाया कि भाजपा ने जो वादा दिल्ली की महिलाओं से किया था, वह अब तक पूरा नहीं हुआ है। पार्टी की नेता आतिशी ने कहा कि भाजपा ने घोषणा की थी कि 8 मार्च तक महिलाओं के खातों में 2500 आ जाएंगे, लेकिन अब तक इस योजना को मंजूरी नहीं दी गई है। उन्होंने यह सवाल उठाया कि बिना कैबिनेट की मंजूरी के यह योजना कैसे लागू हो सकती है। नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने कहा कि केवल चार दिन बाकी हैं, लेकिन भाजपा ने अपना पहला वादा पूरा नहीं किया है, जो उनके द्वारा किया गया था। उन्होंने यह आरोप भी लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा की सरकार केवल जुमलेबाजी करती है और दिल्ली की जनता के साथ किए गए वादे को नकारा जा रहा है।

आम आदमी पार्टी ने यह भी कहा कि महिला समृद्धि योजना को पहले कैबिनेट में मंजूरी दी जानी चाहिए थी, लेकिन भाजपा ने इसे मंजूरी नहीं दी। पार्टी का कहना है कि भाजपा दिल्लीवालों से किए गए वादों को पूरा करने में नाकाम रही है, और अब वह सरकार से इस मुद्दे पर जवाब मांग रही है। प्रदर्शनकारियों ने 'बस चार दिन बाकी है' के नारे के साथ भाजपा से सवाल किया कि आखिरकार महिलाओं को 2500 कब मिलेंगे।

# धनंजय ने सोशल मीडिया पर बताई अपने इस्तीफे की वजह

**मुंबई (आईएएनए)**

महाराष्ट्र फडणवीस सरकार में मंत्री धनंजय मुंडे ने अपने पद से इस्तीफा देने के बाद सोशल मीडिया पर पोस्ट कर अपने इस्तीफे की वजह बताई है।



उनका नाम संतोष देशमुख हत्याकांड से जुड़ने के बाद विपक्ष लगातार उनके इस्तीफे की मांग कर रहा था, लेकिन मुंडे ने कहा कि उन्होंने स्वास्थ्य कारणों से पद छोड़ा है। एनसीपी नेता धनंजय मुंडे ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि पिछले कुछ दिनों से उनका स्वास्थ्य ठीक नहीं है, जिसे देखते हुए उन्होंने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। मुंडे ने कहा कि बीड जिले के मासाजोग निवासी संतोष देशमुख की नृशंस हत्या के आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग उन्होंने पहले दिन से की है। सोमवार को जो तस्वीरें सामने आईं, उन्हें देखकर "मुझे बहुत दुख हुआ"।

उन्होंने कहा कि इस मामले की जांच पूरी हो चुकी है और कोर्ट में चार्जशीट दाखिल हो चुकी है। साथ ही न्यायिक जांच भी प्रस्तावित है। पिछले कुछ दिनों से मेरी तबीयत ठीक नहीं रहने के कारण डॉक्टर ने मुझे अगले कुछ दिनों तक इलाज कराने की सलाह दी है, इसलिए चिकित्सकीय कारणों "से भी" मैंने मंत्रिमंडल से इस्तीफा दिया है।

उल्लेखनीय है कि संतोष देशमुख हत्याकांड मामले में नाम सामने आने के बाद धनंजय मुंडे ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को इस्तीफा सौंपा, जिसे मुख्यमंत्री ने राज्यपाल को भेज दिया है। सीएम फडणवीस ने खुद उनके इस्तीफे के बारे में मीडिया को जानकारी दी। जानकारी के मुताबिक, सोमवार रात उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने देवेंद्र फडणवीस से मुलाकात की थी। इस दौरान दोनों के बीच देशमुख हत्या मामले के संबंध में सीआईडी द्वारा दाखिल किए गए आरोपपत्र के संदर्भ में चर्चा की गई।

बीड जिले में एक सरपंच संतोष देशमुख की हत्या के मामले में उनके करीबी सहयोगी का नाम आने के बाद से ही उन पर इस्तीफा देने का दबाव बढ़ रहा था।

## धनंजय मुंडे को लेकर महाराष्ट्र सरकार की छवि पर पड़ा असर : मनीषा



महाराष्ट्र सरकार में मंत्री रहे धनंजय मुंडे के इस्तीफा देने के बाद शिवसेना नेता मनीषा कायंदे की प्रतिक्रिया आई है। उन्होंने कहा कि उनको (धनंजय मुंडे) लेकर जनता में आक्रोश है और इसलिए सरकार को लोगों के विश्वास को कायम रखना होगा। दरअसल, बीड में सरपंच संतोष देशमुख की हत्या के मामले में धनंजय मुंडे का नाम आने के बाद से ही उन पर इस्तीफा देने का दबाव बढ़ रहा था। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने उनका इस्तीफा मंजूर कर लिया है। इस बारे में मुख्यमंत्री ने खुद जानकारी दी है।

# 123 लीटर विदेशी शराब के साथ कार पर सवार मधुबनी के दो युवक गिरफ्तार

**अररिया(हि.स.)**

जिले की जोकीहाट थाना पुलिस ने कार पर सवार दो युवकों को भारी मात्रा में विदेशी शराब के साथ गिरफ्तार किया।गिरफ्तार दोनों युवक मधुबनी जिला के रहने वाले है और सिलीगुड़ी से किशनगंज होते हुए अररिया की ओर आ रहा था।इसी क्रम में जोकीहाट के हड़वा चौक के पास पुलिस की ओर से लगाए गए वाहन चेकिंग के क्रम में जब गाड़ी को रोकने की इशारा पुलिस के द्वारा की गई तो कार को लेकर भागने लगे।

आगे गाड़ी खड़ी कर दो युवक भागने लगे,जिसे पुलिस ने खदेडकर पकड़ा।कार का बायां साइड का टायर फटा हुआ था,जिसके कारण तेजी से गाड़ी भगा पाने में चालक विफल हो गया।

# राज्य के वित्त रहित कॉलेज शिक्षकों को नीतीश सरकार का बड़ा ऐलान

**पटना।** बिहार विधानसभा में मंगलवार को राज्य के वित्त रहित कॉलेजों से जुड़े एक सवाल पर नीतीश सरकार में शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने बड़ी घोषणा की। विपक्षी सदस्य अजय कुमार सिंह ने मुंगेर विश्वविद्यालय से जुड़े वित्त रहित कॉलेजों के शिक्षकों का बकाया भुगतान नहीं होने का मामला उठाया। इस सवाल के जवाब में शिक्षामंत्रीनेकहाकिन सिर्फ मुंगेर विश्विद्यालय से जुड़े वित्त रहित कॉलेजों बल्कि राज्य के सभी वित्त रहित कॉलेजों के लिए बजट के बाद राशि जारी की जाएगी।

# आंतरिक और बाहरी सुरक्षा एक ही सिक्के के दो पहलू : राजनाथ

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का कहना है कि जहां तक इंटरनल सिक्योरिटी का प्रश्न है, उसके समक्ष हमें आतंकवाद, अलगाववाद, वामपंथी चरमपंथ, सांप्रदायिक तनाव, घुसपैठ और संगठित अपराध जैसे खतरे देखने को मिल रहे हैं। वहीं यदि बाहरी सुरक्षा की बात की जाए तो वहां भी हमारी अपनी अलग चुनौतियां हैं। हालिया समय में साइबर और स्पेस आधारित चुनौतियां हमारे सामने आ रही हैं। राजनाथ सिंह ने यह बातें 'एडवांस टेक्नोलॉजी ऑन इंटरनल सिक्योरिटी' सेमिनार में कहीं। यह सेमिनार केंद्रीय गृह मंत्रालय और डीआरडीओ द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया। यहां रक्षा मंत्री ने कहा कि आंतरिक और बाहरी सुरक्षा एक ही सिक्के के दो पहलू हैं।

आंतरिक सुरक्षा, डिजास्टर मैनेजमेंट और ओवरऑल नेशनल सिक्योरिटी को ध्यान में रखकर दिल्ली के डीआरडीओ परिसर में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह आयोजन डीआरडीओ और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) के बीच सहयोग को लेकर था। रक्षा मंत्री के मुताबिक, डीआरडीओ मूलतः दो प्रकार की तकनीकी प्रणालियों पर कार्य करता है। एक तरफ यह हमारी सेनाओं यानी आर्मी, नेवी और एयर फोर्स द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले बड़े प्लेटफार्म की टेक्नोलॉजी डेवलप करता है। वहीं दूसरी तरफ डीआरडीओ ऐसी प्रणालियां भी विकसित कर रहा है जिनका इस्तेमाल दूसरी सुरक्षा एजेंसियों द्वारा भी किया जा सकता है।



इस श्रेणी में छोटे हथियार, बुलेट प्रूफ जैकेट, संचार के उपकरण, सर्विलांस उपकरण, ड्रोन और एंटी ड्रोन टेक्नोलॉजी शामिल हैं। रक्षा मंत्री का कहना है कि गृह मंत्रालय और डीआरडीओ को मिलकर इस प्रकार के उत्पादों की एक सूची बनानी चाहिए, जिस पर दोनों मिलकर समयबद्ध तरीके से कार्य करें। रक्षा मंत्री ने कहा, "आजादी के बाद से देखें तो भारत, चूंकि आर्थिक रूप से उतना समृद्ध नहीं था, इसलिए हमारा अधिकांश ध्यान अपनी मूलभूत जरूरतों पर टिका रहता था। अब इसे दुर्भाग्यपूर्ण ही कह सकते हैं कि हम आपदाओं पर और उसके प्रभाव पर उतना ध्यान नहीं देते थे। हम एक तरह से आपदाओं और उनसे होने वाले जान-माल के नुकसान को अपनी नियति मान ली थी। नियति नहीं भी मानें तो भी, अनेक कारणों से इनके ऊपर अध्ययन नहीं कर पाते थे। लेकिन अब स्थिति ऐसी नहीं है।

## आज पूरी दुनिया में सिक्योरिटी सिचुएशन काफी जटिल नजर आ रही है

रक्षा मंत्री ने कहा कि आजकल लगातार हो रही प्राकृतिक आपदाओं के परिप्रेक्ष्य में यह और भी आवश्यक हो जाता है कि इन तकनीकों का जान-माल की सुरक्षा के लिए अधिक से अधिक इस्तेमाल किया जाए। आज समूचे विश्व में प्राकृतिक आपदाओं का प्रकोप देखा जा रहा है। भारत भी इनसे अछूता नहीं है। साइक्लोन, भूकंप, हिमस्खलन, बाढ़ और बादल फटने जैसी आपदाएं हमारे देश में भी देखी जा रही हैं। अभी हाल ही में उत्तराखंड के माणा में हिमस्खलन की घटना हुई है। अनेक निर्माण श्रमिक इससे प्रभावित हुए हैं। उन्होंने कहा कि आपदाएं तो अपने आप में दुखद होती ही हैं, परंतु तकनीक के इस्तेमाल से इसके प्रभाव को काफी कम किया जा सकता है। रक्षा मंत्री ने कहा कि हिमस्खलन की इस आपदा में थर्मल इमेजिंग, विक्टिम लोकेशन कैमरा और ड्रोन आधारित इंटेलिजेंट डिटेक्शन सिस्टम जैसी आधुनिक तकनीक का प्रयोग किया गया। इससे होने वाले नुकसान को काफी कम करने का प्रयास किया गया। इन तकनीकों के चलते अनेक बहुमूल्य जानें बचाई जा सकीं।



# पोंटिंग ने न्यूजीलैंड के मुकाबले दक्षिण अफ्रीका का समर्थन किया

## 'बड़े मैच' में विलियमसन की भूमिका की चेतावनी दी

**दुबई (आईएएनएस)**

दिग्गज ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर रिकी पोंटिंग ने न्यूजीलैंड के खिलाफ आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका को पसंदीदा टीम बताया है। उन्होंने प्रोटियाज की लाइनअप में "थोड़ा अधिक क्लास और ताकत" का हवाला दिया है। हालांकि, उन्होंने चेतावनी दी कि अगर केन विलियमसन अपनी लय हासिल कर लेते हैं, तो वे अकेले ही मैच को न्यूजीलैंड के पक्ष में कर सकते हैं। मंगलवार को आईसीसी रिव्यू पर बोलते हुए, पोंटिंग ने दोनों पक्षों का विश्लेषण किया और महसूस किया कि दक्षिण अफ्रीका का गहरा और विनाशकारी बल्लेबाजी क्रम उन्हें भारत की तरह बढ़त देता है।

पोंटिंग ने कहा, "अगर मैं दोनों पक्षों को देखता हूं, तो मुझे लगता है कि दक्षिण अफ्रीकी लाइन-अप में थोड़ा अधिक क्लास है। वे गहराई से बल्लेबाजी करते हैं। मुझे लगता है कि उनके पास न्यूजीलैंड के लिए थोड़ा अधिक ताकत हो सकती है। न्यूजीलैंड की उच्च दबाव की परिस्थितियों में उभरने की क्षमता को स्वीकार करते हुए, पोंटिंग ने उनके सबसे वरिष्ठ बल्लेबाज केन विलियमसन के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, "मुझे लगता है कि विलियमसन को इस मैच में उनके लिए रन बनाने की जरूरत है।



## जॉर्ज लिंडे दक्षिण अफ्रीका की टीम में रिजर्व खिलाड़ी के तौर पर शामिल हुए



**लाहौर (आईएएनएस)।** बाएं हाथ के स्पिन गेंदबाजी ऑलराउंडर जॉर्ज लिंडे को चैंपियंस ट्रॉफी के लिए रिजर्व खिलाड़ी के तौर पर दक्षिण अफ्रीकी टीम में शामिल किया गया है। वह दाएं हैमस्ट्रिंग की चोट से जूझ रहे एडेन मार्करम की जगह लेंगे। इंग्लैंड के खिलाफ फील्डिंग करते समय मार्करम को चोट लगी थी और उन्हें मैच के बाकी समय मैदान से बाहर बैठना पड़ा। न्यूजीलैंड के खिलाफ सेमीफाइनल मुकाबले के लिए उनकी उपलब्धता मंगलवार शाम के प्रशिक्षण सत्र के दौरान फिटनेस टेस्ट के बाद तय की जाएगी। ईएसपीएनक्रिकइन्फो के अनुसार, लिंडे का शामिल होना दक्षिण अफ्रीका की आकस्मिक योजना का हिस्सा है, खासकर अगर वे दुबई में होने वाले फाइनल में पहुंचते हैं, जहां शुष्क परिस्थितियों के कारण अतिरिक्त स्पिनर की जरूरत पड़ सकती है।

## भारत ने सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया को धोया

# चैंपियंस ट्रॉफी से एक कदम दूर टीम इंडिया

**एजेंसी। दुबई**

आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी 2025 का पहला सेमीफाइनल मैच भारतीय टीम और ऑस्ट्रेलिया के बीच मंगलवार को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला गया। मैच में टॉस ऑस्ट्रेलिया के कप्तान स्टीव स्मथि ने जीता और पहले बल्लेबाजी करते हुए 265 रनों का टारगेट दिया. जवाब में भारतीय टीम ने 4 विकेट से मुकाबला जीतकर फाइनल में एंट्री कर ली।

रोहित शर्मा की कप्तानी में भारतीय टीम का अजेय रथ जारी है। इसी के साथ टीम इंडिया ने ICC चैम्पियंस ट्रॉफी 2025 के फाइनल में एंट्री कर ली है. चैम्पियंस ट्रॉफी 2025 का पहला सेमीफाइनल मैच मंगलवार (4 मार्च) को भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला गया।

इस मैच को टीम इंडिया ने 4 विकेट से जीत लिया। इस जीत के हीरो तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी और विराट कोहली रहे. इस जीत के साथ रोहित ब्रिगेड ने चैम्पियंस ट्रॉफी 2025 के फाइनल एंट्री कर ली है। जहां उसकी टक्कर दूसरे सेमीफाइनल की विजेता टीम से होगा।

दूसरा सेमीफाइनल न्यूजीलैंड और साउथ अफ्रीका के बीच 5 मार्च को लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में होना है। फाइनल मुकाबला 9 मार्च को दुबई में होगा।



कोहली-शमी का जलवा

### कंगारू टीम के लिए स्मिथ और कैरी ने लगाई फिफ्टी

मैच में कंगारू टीम 49.3 ओवर में 264 रन बनाकर ढेर हो गई. टीम के लिए कप्तान स्टीव स्मिथ ने सबसे ज्यादा 73 रनों की पारी खेली. जबकि एलेक्स कैरी ने 61 रन बनाए। ट्रेविस हेड 39 और मार्नस लाबुशेन 29 रन बना सके। एक समय कंगारू टीम बड़े स्कोर की ओर जाते दिख रही थी. मगर भारतीय गेंदबाजों ने नकेल कस दी। तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी किफायदी साबित हुए। उन्होंने 10 ओवर में 48 रन देकर सबसे ज्यादा 3 विकेट झटके। जबकि स्पिनर वरुण चक्रवर्ती और रवींद्र जडेजा ने 2-2 सफलताएं हासिल कीं. एक-एक विकेट अक्षर पटेल और हार्दिक पंड्या ने लिया।

### खराब शुरुआत के बाद कोहली ने टीम को संभाला

भारतीय टीम की शुरुआत बेहद खराब रही थी। टीम ने 43 के स्कोर पर ही 2 विकेट गंवा दिए थे। शुभमन गिल 8 और कप्तान रोहित शर्मा 28 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद विराट कोहली ने श्रेयस अय्यर के साथ मिलकर 111 गेंदों पर 91 रनों की पार्टनरशिप कर टीम को संभाला। 134 के स्कोर पर तीसरा झटका लगा. श्रेयस 45 रन बनाकर आउट हुए और फिफ्टी से चूक गए।

मगर इसी बीच कोहली ने 54 गेंदों पर फिफ्टी पूरी की। तीसरे विकेट के बाद कोहली ने अक्षर पटेल के साथ मोर्चा संभाला और चौथे विकेट के लिए 52 गेंदों पर 44 रनों की साझेदारी की। यहां अक्षर 27 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। 225 रनों पर भारत की आधी टीम सिमट गई। विराट कोहली 84 रन बनाकर आउट हुए. कोहली ने केएल राहुल के साथ पांचवें विकेट के लिए 47 रन जोड़े।

**विकेट पतन :** 1-30 (शुभमन गिल, 4.6 ओवर), 2-43 (रोहित शर्मा, 7.5 ओवर), 3-134 (श्रेयस अय्यर, 26.2 ओवर), 4-178 (अक्षर पटेल, 34.6 ओवर), 5-225 (विराट कोहली, 42.4 ओवर), 6-259 (हार्दिक पंड्या, 47.5 ओवर),

## भारत 29 से 31 मार्च तक दूसरी एशियाई योगासन चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा




**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

युवा मामले और खेल मंत्रालय ने भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) और योगासन भारत के सहयोग से 29 से 31 मार्च, 2025 तक इंदिरा गांधी एरिना में दूसरी एशियाई योगासन चैंपियनशिप के आयोजन की घोषणा की है। इस चैंपियनशिप में कम से कम 16 देश भाग लेंगे, और उम्मीद है कि और भी देश इसमें शामिल होंगे। इसका उद्देश्य योगासन को एक खेल के रूप में अंतरराष्ट्रीय मंच पर बढ़ावा देना है, साथ ही इसकी समृद्ध विरासत और गहरी सांस्कृतिक महत्ता को भी बढ़ावा देना है।

इसका उद्देश्य योगासन को एक खेल के रूप में वैश्विक स्तर पर बढ़ावा देना और इसे एक प्रतिस्पर्धी खेल के रूप में ओलंपिक में शामिल करने की दिशा में एक रोडमैप तैयार करना है। इस चैंपियनशिप को एशियाई ओलंपिक परिषद, विश्व योगासन, एशियाई योगासन और योगासन इंद्रप्रस्थ सहित प्रमुख संगठनों का समर्थन प्राप्त है।

## दिल्ली हाईकोर्ट ने पहलवान सुशील कुमार को जमानत दी



**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने जूनियर राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियन सागर धनखड़ की हत्या के मामले में मुख्य आरोपी ओलंपियन पहलवान सुशील कुमार को मंगलवार को जमानत दे दी। न्यायमूर्ति संजीव नरूला की पीठ द्वारा पारित जमानत आदेश के अनुसार, हत्या के आरोपी पहलवान को 50,000 रुपये का जमानत बांड और इतनी ही राशि के दो जमानती पेश करने होंगे। सुशील कुमार पर अन्य लोगों के साथ मिलकर 4 मई, 2021 को शहर के छत्रसाल स्टेडियम की पार्किंग में हरियाणा के रोहतक निवासी पूर्व जूनियर राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियन धनखड़ और उनके दो दोस्तों सोनू और अमित कुमार पर कथित तौर पर संपत्ति विवाद को लेकर हमला करने का आरोप है।



## विश्व नंबर 2 और पूर्व विश्व चैंपियन ने भारत के एकमात्र अंतरराष्ट्रीय स्टैंड-अप पैडलिंग इवेंट में भागीदारी दर्ज की

**मंगलुरु (आईएएनएस)**

भारत का एकमात्र अंतर्राष्ट्रीय स्टैंड-अप पैडलिंग इवेंट, इंडिया पैडल फेस्टिवल, अपने दूसरे संस्करण के साथ लौट रहा है। इसमें पुरुषों के विश्व नंबर 2 क्रिश्चियन एंडरसन, पूर्व विश्व चैंपियन डेनियल हसुल्यो और चार बार की विश्व चैंपियन और डिफेंडिंग महिला चैंपियन एस्पेरेंजा बैरेरेस का धमाकेदार लाइन-अप होगा। भारत के शीर्ष स्टैंड-अप पैडलर सेकर पचाई, जो राष्ट्रीय चैंपियन और 25 बार के खिताब विजेता हैं, देश का नेतृत्व करेंगे। इंडिया पैडल फेस्टिवल का दूसरा संस्करण 7 से 9 मार्च 2025 तक मंगलुरु, कर्नाटक के सुंदर सासीहित्लु बीच पर आयोजित किया जाएगा। यह तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय इवेंट सर्फिंग स्वामी फाउंडेशन और मंत्रा सर्फ क्लब द्वारा आयोजित किया जा रहा है, और इसका सहयोग वर्कवर्क द्वारा किया गया है। इस इवेंट को भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय "इंक्रेडिबल इंडिया" और कर्नाटक पर्यटन द्वारा प्रस्तुत किया जा रहा है। यह एसोसिएशन ऑफ पैडलसर्फ प्रोफेशनल्स (ऐपीपी) वर्ल्ड टूर द्वारा अनुमोदित है, जो स्टैंड-अप पैडलिंग का आधिकारिक वर्ल्ड चैंपियनशिप टूर है। इस महोत्सव में उच्च-स्तरीय एसयूपी रेसिंग, लाइव संगीत प्रस्तुतियां और जीवंत सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे।

## बीसीसीआई ने मुंबई के स्पिनर पद्माकर शिवालकर के निधन पर जताया शोक

**मुंबई (आईएएनएस)**



भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने पूर्व रणजी ट्रॉफी स्टार और मुंबई क्रिकेट के दिग्गज पद्माकर शिवालकर के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है, जिनका सोमवार को उम्र संबंधी समस्याओं के कारण निधन हो गया। शिवालकर का नाम रणजी ट्रॉफी के इतिहास में दर्ज है, जहां उन्होंने दो दशकों से अधिक समय तक शानदार करियर का आनंद लिया। 124 प्रथम श्रेणी मैचों में, उन्होंने 19.69 की उल्लेखनीय औसत से 589 विकेट लिए।

बीसीसीआई ने मंगलवार को जारी एक बयान में कहा, "भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) पद्माकर शिवालकर के दुर्भाग्यपूर्ण निधन पर गहरा शोक व्यक्त करता है, जिनका निधन 3 मार्च, 2025 को हुआ। महान बाएं हाथ के स्पिनर भारतीय घरेलू क्रिकेट के दिग्गज थे, जो अपने अद्वितीय कौशल और खेल के प्रति समर्पण के लिए प्रसिद्ध थे। तेज टर्न लेने की उनकी क्षमता, त्रुटिहीन सटीकता के साथ मिलकर उन्हें विपक्षी बल्लेबाजों के लिए एक बुरा सपना बना दिया। उनका सबसे प्रतिष्ठित प्रदर्शन 1972-73 के रणजी ट्रॉफी फाइनल में आया, जहां उन्होंने अकेले ही तमिलनाडु को 8/16 और 5/18 के आंकड़ों के साथ ध्वस्त कर दिया।

# व्यापार/लाइफ व साइंस

## भारतीय शेयर बाजार सपाट बंद बैंकिंग शेयरों में हुई खरीदारी



**मुंबई (आईएएनएस)।** भारतीय शेयर बाजार मंगलवार के कारोबारी सत्र में करीब सपाट बंद हुए। मुख्य सूचकांकों में हल्की गिरावट देखी गई। हालांकि, बैंकिंग, मेटल और एनर्जी शेयरों में तेजी थी। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 96 अंक या 0.13 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 72,989 और निफ्टी 36 अंक या 0.17 प्रतिशत की गिरावट के साथ 22,082 पर था। लार्जकैप की अपेक्षा मिडकैप और स्मॉलकैप हरे निशान में बंद हुए। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 23.70 अंक की मामूली तेजी के साथ 48,007 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 101 अंक या 0.69 प्रतिशत की तेजी के साथ 14,762 पर बंद हुआ। कारोबारी सत्र में बैंकिंग शेयरों में खरीदारी देखने को मिली। निफ्टी बैंक 130 अंक या 0.27 प्रतिशत चढ़कर 48,245 पर बंद हुआ। निफ्टी में बैंकिंग के अलावा मेटल, एनर्जी और फाइनेंशियल सर्विसेज इंडेक्स हरे निशान में बंद हुए हैं। ऑटो, आईटी, फार्मा और एफएमसीजी इंडेक्स लाल निशान में बंद हुए हैं। व्यापक बाजार का रुझान सकारात्मक था।

# देश में एमएसएमई की संख्या 6 करोड़ से भी पार करोड़ों लोगों को मिल रहा रोजगार : पीएम मोदी

- आज दुनिया का हर देश, भारत के साथ अपनी इकोनॉमिक भागीदारी को मजबूत करना चाहता है
- भारत की मैन्युफैक्चरिंग यात्रा में रिसर्च और डेवलपमेंट (आरएंडडी) के अहम योगदान को भी रेखांकित किया



**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि देश में एमएसएमई की संख्या आज बढ़कर 6 करोड़ से भी ज्यादा हो गई है। इसी के साथ करोड़ों लोगों को रोजगार के अवसर मिले हैं। पीएम मोदी ने पोस्ट-बजट वेबिनार के मंच से सभा को वर्चुअली संबोधित करते हुए कहा कि 2020 में हमने एमएसएमई की परिभाषा में संशोधन किया। यह 14 साल बाद किया गया। इससे यह डर दूर हो गया कि बढ़ते कारोबार से सरकारी लाभ खत्म हो जाएंगे। एमएसएमई को निरंतर आगे बढ़ते रहने का आत्मविश्वास मिले, इसके लिए इस बजट में एमएसएमई की परिभाषा का विस्तार किया गया है। उन्होंने लोन वितरण के लिए नए तरीके अपनाने की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि नए तरीकों के साथ एमएसएमई को कम लागत और समय पर लोन मिलना सुनिश्चित हो सकेगा।

उन्होंने उद्योगों को एमएसएमई को सहयोग देने के क्रम में मेंटरशिप कार्यक्रम शुरू करने को कहा। बजट में एमएसएमई के लिए क्रेडिट गारंटी कवर को 5 करोड़ से बढ़ाकर 10 करोड़ कर दिया गया था। उन्होंने कहा, "आज 14 सेक्टर्स को पीएलआई योजना का लाभ मिल रहा है। इस योजना के तहत 7.5 करोड़ यूनिट को मंजूरी दी गई है। इससे देश में 1.5 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का निवेश आया है और 13 लाख करोड़ से ज्यादा का उत्पादन हुआ है। इसी के साथ 5 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का निर्यात हुआ है। मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को लेकर पीएम मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि आज दुनिया का हर देश, भारत के साथ अपनी इकोनॉमिक भागीदारी को मजबूत करना चाहता है। उन्होंने मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर से इस पार्टनरशिप का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाने के लिए आगे आने का आग्रह किया। उन्होंने भारत की मैन्युफैक्चरिंग यात्रा में रिसर्च और डेवलपमेंट (आरएंडडी) के अहम योगदान को भी रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि इसे आगे बढ़ाने और गति देने की जरूरत है। उन्होंने सुझाव दिया कि आरएंडडी से हम इनोवेटिव प्रोडक्ट्स पर फोकस कर सकते हैं और साथ ही प्रोडक्ट्स में वैल्यू एडिशन कर सकते हैं।

## 10 में से 9 भारतीय पेशेवर व्यवस्थित लोगों को अधिक

**बेंगलुरु (आईएएनएस)।** हर 10 में से 9 (94 प्रतिशत) भारतीय नॉलेज वर्कर्स का मानना है कि व्यवस्थित लोग अधिक उत्पादक होते हैं। यह ऑर्डर और आउटपुट के बीच मजबूत जुड़ाव को दिखाता है। यह जानकारी मंगलवार को जारी रिपोर्ट में दी गई। रिपोर्ट में बताया गया कि 56 प्रतिशत भारतीय नॉलेज वर्कर्स का मानना है कि जब वे अव्यवस्थित सहकर्मी के साथ काम करते हैं तो उन्हें अतिरिक्त काम करना पड़ता है। एटलसियन और वेकफील्ड रिसर्च के सर्वेक्षण के अनुसार, यह अव्यवस्था के व्यापक प्रभाव को उजागर करता है, जहां अकुशलता का बोझ दूसरों पर पड़ता है, जिसके परिणामस्वरूप संभावित रूप से कार्यभार में वृद्धि और मनोबल में गिरावट आती है। 33 प्रतिशत पेशेवरों को अव्यवस्थित टीम के कारण काम दोबारा करना पड़ा है, जो समय और संसाधनों की बर्बादी के रूप में अव्यवस्था की प्रत्यक्ष लागत को रेखांकित करता है। रिपोर्ट में बताया गया कि 82 प्रतिशत भारतीय प्रतिभागी स्वयं को अपने सहकर्मियों की तुलना में अधिक व्यवस्थित मानते हैं।



## बिजनेस चलाने के लिए लोन लेने वाली महिलाओं की संख्या में 42 प्रतिशत की वृद्धि : नीति आयोग

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

भारत में कम से कम 27 मिलियन महिलाएं बिजनेस चलाने के लिए लोन ले रही हैं और अपने क्रेडिट स्कोर की सक्रिय रूप से निगरानी कर रही हैं। हाल ही में जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है, जो सालाना आधार पर वृद्धि को भी दर्शाती है। नीति आयोग की रिपोर्ट के अनुसार, दिसंबर 2024 तक 27 मिलियन महिलाएं अपने क्रेडिट की निगरानी कर रही थीं, जो पिछले वर्ष की तुलना में 42 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है, जो बढ़ती वित्तीय जागरूकता और सशक्तीकरण का संकेत देता है। रिपोर्ट में बताया गया है कि कुल स्व-निगरानी बेस में महिलाओं की हिस्सेदारी दिसंबर 2024 में बढ़कर 19.43 प्रतिशत हो गई, जो 2023 में 17.89 प्रतिशत थी।

## भारत की बिजली खपत फरवरी में 131.5 अरब यूनिट्स से अधिक रही

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

भारत की बिजली खपत फरवरी में बढ़कर 131.54 अरब यूनिट्स हो गई है, जो कि पिछले साल समान अवधि में 127.34 अरब यूनिट्स थी। यह जानकारी आधिकारिक आंकड़ों से मिली। उच्च मांग को पूरा करने के लिए फरवरी में एक दिन में अधिकतम 238.14 गीगावाट की बिजली की आपूर्ति की गई है, जो कि फरवरी 2024 में 222 गीगावाट थी। मई 2024 में बिजली की अधिकतम मांग लगभग 250 गीगावाट के सर्वकालिक उच्च स्तर को छू गई थी। इससे पहले सर्वकालिक उच्च बिजली मांग 243.27 गीगावाट की सितंबर 2023 में दर्ज की गई थी। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, 2025 की गर्मियों में बिजली की अधिकतम मांग 270 गीगावाट को छू सकती है।

## विदेश यात्रा करने वाले भारतीयों की संख्या महामारी के पहले के स्तरों से अधिक हुई

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

विदेश यात्रा करने वाले भारतीयों की संख्या में रिकॉर्ड इजाफा देखने को मिल रहा है और यह अब महामारी के पहले की संख्या से भी अधिक हो गई है। एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। वीएफएस ग्लोबल की ओर से संकलित किए गए आंकड़ों में बताया गया कि भारत में वीजा की संख्या 2024 में सालाना आधार पर 11 प्रतिशत बढ़ी है और यह महामारी के पहले (2019) की संख्या से 4 प्रतिशत अधिक हो गई है। 2024 में भारतीय यात्रियों के लिए लोकप्रिय गंतव्यों में कनाडा, चीन, फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान, नीदरलैंड, स्विट्जरलैंड, सऊदी अरब, संयुक्त राज्य अमेरिका और यूनाइटेड किंगडम शामिल थे। वीएफएस ग्लोबल के मुख्य परिचालन अधिकारी (दक्षिण एशिया) युम्मी तलवार ने कहा, भारत में अंतरराष्ट्रीय यात्रा की मजबूत मांग बनी हुई है।

# हाथियों के डर से ग्रामीणों ने स्कूल में ली शरण



### फसल और घरों को नुकसान, वन विभाग ने किया अलर्ट

**नवीन मेल संवाददाता**

**धुरकी।** छत्तीसगढ़ सीमा से सटे कनहर तटीय आदिम जनजाति टोला के करीब 25 से 30 घरों के ग्रामीणों ने हाथियों के डर से अपना घर छोड़कर सरकारी स्कूल में शरण ले ली है। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले एक सप्ताह से 15 से 20 हाथियों का झुंड गांव और आसपास के जंगलों में घूम रहा है। इस दौरान वे रबी फसलों को नष्ट कर रहे हैं और घरों को भी क्षतिग्रस्त कर रहे हैं।

**वन विभाग ने घोषित किया रेड जोन :** ग्रामीणों ने पूरे मामले की सूचना वन विभाग को दी है। वन विभाग ने पहले ही प्रखंड की चार पंचायतों–भंडार, खाला, खुटिया और आंबाखोरेया–को हाथी के खतरे को देखते हुए रेड जोन घोषित कर दिया था। लोगों को जंगल में अनावश्यक रूप से जाने से मना किया गया है। वनपाल प्रमोद यादव ने बताया कि हाथियों की गतिविधियों की लगातार जानकारी मिल रही है और लोगों को सतर्क रहने व सुरक्षित स्थानों पर शरण लेने की सलाह दी गई है।

#### रातभर दहशत में जीने को मजबूर ग्रामीण

ग्रामीणों ने बताया कि रविवार और सोमवार की रात हाथियों का झुंड फिर गांव पहुंचा और दो घरों को तहस-नहस कर दिया। प्रभावित किसान मिनरास और श्रवण परहिया ने बताया कि सोमवार रात उनके घरों को हाथियों ने गिरा दिया और घर में रखा अनाज भी खा गए। इस भय से ग्रामीण अपनी दिनचर्या सही तरीके से नहीं जी पा रहे हैं। जंगल के किनारे स्थित यह टोला शाम होते ही दहशत में आ जाता है, और लोग स्कूल में इकट्ठा होकर रात गुजारने को मजबूर हैं।

## रामबांध पंचायत को हैदरनगर प्रखंड में शामिल करने की सदन में उठी आवाज

**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** वर्ष 2005 में हैदरनगर प्रखंड के सृजन के बाद रामबांध पंचायत को मोहम्मदगंज प्रखंड में शामिल किये जाने का मुद्दा ठंडा नहीं हो सका है। इस पंचायत के ग्रामीणों ने मुखिया अबू नसर सिद्दीकी के नेतृत्व में इस मामले को उच्च न्यायालय में भी न्याय पाने को दायर कराया है। मंगलवार को क्षेत्रीय विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने विधानसभा सत्र में इस मुद्दे पर सवाल कर अध्यक्ष के माध्यम संबधित मंत्री से जानना चाहा है कि किसी भी प्रखंड, अनुमंडल, पंचायत को सृजन ग्रामीणों की सुविधा के लिये की जाती है। किन्तु वर्ष 2005 में हैदरनगर थाना सह मोहम्मदगंज प्रखंड के रामबांध पंचायत के ग्रामीणों के साथ अन्याय किया गया है। इन्हें किसी भी काम को करने के लिये हैदरनगर की दूरी पांच जबकि मोहम्मदगंज प्रखंड



मुख्यालय की दूरी 11 किलोमीटर है। इसे मोहम्मदगंज प्रखंड में शामिल रहना किसी भी दृष्टिकोण से न्याय संगत नहीं है। उन्होंने सदन से प्रस्ताव पारित कर इस पंचायत को अविलंब हैदरनगर प्रखंड में शामिल करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में विधि व्यवस्था के मामले में हैदरनगर थाना को ही देखना पड़ता है। इनके सवाल पर ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय ने सदस्य को आश्वस्त किया कि ऐसे कई अन्य मामले का भी विभाग रिविजन कराने में जुटी है।

## नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय के कुलपति ने अधिकारियों और प्राचार्यों संग की बैठक

**मेदिनीनगर।** मंगलवार को नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय के नव नियुक्त कुलपति ने विश्वविद्यालय के सभी पदाधिकारियों, विभागाध्यक्षों (एचओडी), अंगीभूत सरकारी महाविद्यालयों के प्राचार्यों और मॉडल कॉलेज के प्राचार्यों के साथ बैठक की। बैठक में कुलपति ने सभी प्रोफेसरों को अपने विषय के नोट्स तैयार कर पीडीएफ फॉर्म में ऑनलाइन अपलोड करने का निर्देश दिया। इसके लिए जल्द ही ऑनलाइन पोर्टल और इंटरनेट की व्यवस्था की जाएगी। कुलपति ने बताया कि जल्द ही विश्वविद्यालय के पीजी डिपार्टमेंट को नए भवन में शिफ्ट किया जाएगा और लाइब्रेरी का विस्तार कर इसे और सुलभ बनाया जाएगा ताकि छात्र-छात्राओं का रुझान विश्वविद्यालय की ओर बढ़े। प्राचार्यों और विश्वविद्यालय पदाधिकारियों से बातचीत के दौरान कुलपति ने कार्यशैली में सुधार लाने और किसी भी समस्या का शीघ्र समाधान करने पर जोर दिया। उन्होंने महाविद्यालयों में साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करने और कर्मचारियों की समस्याओं को जल्द दूर करने का आश्वासन दिया। साथ ही, किसी भी समस्या के समाधान के लिए उनसे सीधे संपर्क करने की सलाह दी।

## वाईजेके स्टूडेंट्स फेडरेशन ने नए कुलपति से की मुलाकात

**मेदिनीनगर।** मंगलवार को वाईजेके स्टूडेंट्स फेडरेशन के प्रतिनिधियों ने नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. दिनेश कुमार सिंह से मुलाकात कर उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इस दौरान संगठन ने विश्वविद्यालय की विभिन्न समस्याओं से कुलपति को अवगत कराया और उनके समाधान की मांग की। छात्र नेता श्रवण सिंह ने कहा कि जिस महापुरुष के नाम पर विश्वविद्यालय का नाम रखा गया है, उनकी प्रतिमा विश्वविद्यालय परिसर में नहीं है। इस पर कुलपति ने सहमति जताते हुए जल्द ही प्रतिमा लगाने और परिसर को हरा-भरा बनाने का आश्वासन दिया। फेडरेशन के सदस्य विकास यादव ने कहा कि विश्वविद्यालय के अधीन कई महाविद्यालयों में कक्षाएं अनियमित रूप से संचालित हो रही हैं, जिससे छात्रों का भविष्य प्रभावित हो सकता है। कुलपति ने इसे प्राथमिकता में रखते हुए जल्द ही ठोस कदम उठाने का भरोसा दिया। जिला सचिव मोहित साहू ने कहा कि विश्वविद्यालय पिछले कुछ वर्षों से अभिभावकविहीन महसूस हो रहा था, जिससे छात्रहित के कई कार्य रुके हुए हैं। कुलपति ने कहा कि वह हर सुझाव को गंभीरता से लेंगे और उचित कार्रवाई करेंगे। जिला उपाध्यक्ष कृष्णा यादव ने सेमेस्टर विलंब और अन्य अनियमितताओं की ओर ध्यान दिलाया, जिस पर कुलपति ने कहा कि वे जल्द से जल्द सुधार के लिए प्रयास करेंगे।

## 276 बोतल अवैध शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेराल।** पुलिस ने मंगलवार सुबह अवैध शराब लदे कार से 276 बोतल शराब के साथ दो व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। ये बातें मेराल थाना में आयोजित प्रेस वार्ता एसडीपीओ नीरज कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक गढ़वा को गुप्त सूचना मिली थी कि उत्तर प्रदेश के तरफ से एक काला रंग की कार महंगी शराब लेकर मेराल के रास्ते बिहार के ओर जा रहा है। मामले को लेकर छापामारी दल का गठन कर मेराल थाना के सामने एन एच-75 पर चेकिंग लगाया गया। उस दौरान सुबह 4 बजे काले रंग की कार देखा गया। पुलिस को देखते हुए तेज गति से कार चालक भागने लगा। मौके पर मौजूद पुलिस की टीम ने कार का पीछा कर पकड़ लिया।

कार को जांच करने के क्रम में अवैध शराब का बड़ा खेप बरामद कर लिया गया। बरामद शराब में रेड लेबल लिखा हुआ 750 एमएल का बोतल 156 पीस, ब्लेंडर प्राइड 750 एमएल का बोतल 24 पीस, मैजिक मोमेंट 750 एमएल का बोतल 36 पीस, मैजिक मोमेंट बोडका ग्रीन 24 पीस, बकार्डी लेमन बोतल 36 पीस अवैध शराब बरामद किया गया है। इसके साथ गाड़ी में रखा हुआ अन्य दो-दो नंबर प्लेट बरामद किया गया। जब्त शराब व कार में गिरफ्तार व्यक्तियों की पहचान जैकी कुमार 28 वर्ष पिता राम जी पासवान, कुंदन कुमार 25 वर्ष पिता अरुण पासवान दोनों साकिम वार्ड संख्या 6 टाउन थाना जिला अरवल बिहार के के रूप में हुई है। पुलिस उपाधीक्षक ने बताया कि जैकी कुमार पहले भी लूट कांड में जेल जा चुका है। गिरफ्तार लोगों ने पुलिस को बताया कि इस कारोबार में वे लोग पहले से संलिप्त रहे हैं। उनमें एक व्यक्ति राजस्थान का रहने वाला तथा दूसरा व्यक्ति अमित पुरोहित पटना में रहता है। उन्होंने बताया कि जब्त किया गया अवैध शराब का कीमत लगभग 5 लाख रुपए से अधिक का है। छापेमारी दल में पुलिस उपाधीक्षक नीरज कुमार के अलावा ,एएसआई तिलेश्वर गंझू आरक्षी छठू मांझी हवलदार गिरिजा मोची ,चौकीदार अनिल राम शामिल थे।

## उपायुक्त ने जनता दरबार में सुनी आमजनों की समस्याएं

**नवीन मेल संवाददाता**



**गढ़वा।** उपायुक्त शेखर जमुआर ने मंगलवार को समाहरणालय स्थित सभागार में साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया। जनता दरबार में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आये फरियादियों की समस्याएं बारी-बारी से सुनी गई एवं उसके निष्पादन हेतु उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया। जनता दरबार में राशन, पेंशन, भूमि विवाद, अवैध कब्जा, आवास, मुआवजा, योजनाओं का लाभ, अतिक्रमण, रोजगार सृजन, बकाया मजदूरी भुगतान, अनुकंपा आधारित नौकरी समेत अन्य समस्याओं को लेकर उपस्थित हुए लोगों की बारी-बारी से उपायुक्त ने समस्या सुनी। साथ ही यथाशीघ्र उनके समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निराकरण करने के लिए संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया। खरौंधी के ग्राम सुंडी से आए बसंत मिंज ने अपने आवेदन के माध्यम से उपायुक्त को बताया कि उन्हें 15वें वित्त से मुखिया के द्वारा चबूतरा निर्माण कराने को मिला था, जिसका कार्य दो माह पूर्व हो चूका है, लेकिन अभी तक उन्हें इसकी राशि का भुगतान नहीं किया गया है। रंका के नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालय से आई आशा कुमारी तिग्गा ने अपना आवेदन देते हुए उपायुक्त को बताया कि उनके आवसीय विद्यालय में अनाथ, एकल माता-पिता, गरीब, उग्रवादी प्रभावित क्षेत्र तथा सुदूरवर्ती क्षेत्र के बच्चे अध्ययनरत है। उन्होंने बताया की उनके विद्यालय में सुरक्षा व्यवस्था की कमी है। इस विद्यालय में चाहरदीवारी भी नहीं है। वह अकेला एक सौ छात्रों का देखभाल करती है। इसी तरह नगर उंटारी प्रखंड के ग्राम पंचायत कोलझीकी के शिवपुजन चंद्रवंशी ने भी अपने आवेदन दिया न्याय दिलाने की मांग की। जनता दरबार में विभिन्न समस्याओं से संबंधित 20 से अधिक मामले प्राप्त हुए।

### आम रास्ता व सार्वजनिक नाली पर बन गया नया घर

**हैदरनगर।** अतिक्रमणकारियों के मनोबल इतना चरम पर आया कि क्षेत्र के नदी, नालों के बाद भीड़भाड़ वाले बाजार क्षेत्र हैदरनगर के मुख्य बस स्टैंड व बाजार मार्ग के आम रास्ता और नाली की भूमि पर निजी भवन, दुकान बनाने से बाज नहीं आ रहे हैं। ऐसा ही मामला में ग्रामीणों ने अंचल कार्यालय में आवेदन देकर इस अतिक्रमण को हटाने की मांग की है। जिसमें कहा गया है कि बस स्टैंड हैदरनगर के पास नाली को को बंद कर निजी भवन बनाने का काम अतिक्रमण कर लिया गया है। उन्होंने कहा है कि उक्त अतिक्रमण स्थल के बगल में पूरब में होटल सहित अन्य दुकान के सामने ही सरकारी जमीन में नाली बना हुआ है।

## एनपीयू के नए कुलपति डॉ. सिंह को एनएसयूआई ने दी शुभकामनाएं

**मेदिनीनगर।** मंगलवार को नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) के प्रतिनिधिमंडल ने नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय (एनपीयू) के नव नियुक्त कुलपति डॉ. दिनेश कुमार सिंह से मुलाकात कर उन्हें शुभकामनाएं दीं। डॉ. दिनेश कुमार सिंह ने सोमवार को पदभार ग्रहण किया, जिसके उपलक्ष्य में एनएसयूआई के प्रदेश उपाध्यक्ष अमरनाथ तिवारी के नेतृत्व में छात्र संगठन ने उनसे मुलाकात की। इस दौरान झारखंड के पारंपरिक वस्त्र और स्वतंत्रता सेनानियों पर लिखित पुस्तक भेंट कर उनका स्वागत किया गया। छात्र संगठन ने कुलपति से शैक्षणिक सत्र को नियमित करने की मांग की, जिस पर कुलपति ने छात्र हितों को प्राथमिकता देते हुए विश्वविद्यालय के विकास और सुधार के लिए हरसंभव कदम उठाने का आश्वासन दिया। इस मौके पर युवा कांग्रेस महासचिव अभिषेक तिवारी, आशीष कुमार ठाकुर, ओमप्रकाश त्रिपाठी, रिशु दुबे, गुलाब नबी, निशांत कुमार, शिवम पाठक, शुभम पांडेय समेत कई छात्र उपस्थित रहे।

## 8वीं में अध्ययनरत 184 छात्र-छात्राओं की मिली साइकिल



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** प्रखंड मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मंगलवार को 8 वीं में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को साइकिल दी गई। इसे पाकर सभी प्रफुल्लित नजर आए। साइकिल पर सवार होकर स्कूली पोशाक में गांव की ओर लौट रहे इन छात्र-छात्राओं की खुशी ऐसी मानों, उनके हौसले को पंख लग गया हो। इनके काफिले बरबस लोगों की ध्यान आकर्षित कर रहे थे। साइकिल का वितरण प्रभारी प्रखंड कल्याण पदाधिकारी ने संबंधित स्कूलों के शिक्षकों की उपस्थिति में की। उन्होंने बताया कि उन्नति का पहिया कार्यक्रम के तहत विभाग के वित्तीय वर्ष 2024-25 की योजना से 7 स्कूलों के 107 छात्रों और 77 छात्राओं कुल मिलाकर 184 को साइकिल दी गई है। इसमें यूएमएस माली, रानीदेवा, वीरधवर, बटौवा, बिहरा, पंचपोखरी और डाली के क्रमशः 17-8,34-35,13-4,8-11,14-10,17-3,4-6 के अनुपात में छात्र-छात्राओं को साइकिल मिली है। इसके पहले 11 फरवरी को 4 स्कूलों के 119-122 छात्र-छात्राओं कुल 241 को साइकिल दी गई थी। वितरण में पूरी पारदर्शिता बरती जा रही है।

## एके सिंह कॉलेज जपला में एक राष्ट्र एक चुनाव पर विचार व्यक्त करेंगे

**हुसैनाबाद।** स्थानीय अवधेश कुमार सिंह कॉलेज जपला में विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट 2025 अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना और नेहरू युवा केन्द्र के तत्वाधान में एक राष्ट्र एक चुनाव पर अपना विचार सह संभाषण प्रतियोगिता आयोजित किया गया है। गढ़वा एवं लातेहार जिला अंतर्गत आने वाले सभी महाविद्यालय के एनएसएस स्वयंसेवकों तथा अन्य सभी छात्र -छात्राओं को एक राष्ट्र एक चुनाव पर अपना विचार या संभाषण देने के लिए सभी को आमंत्रित किया जाता है। इसके लिए माय भारत पोर्टल पर सभी का रजिस्ट्रेशन होना अनिवार्य है। प्रतिभागियों की आयु 24 फरवरी 2025 को 18 से 25 वर्ष तक होना चाहिए तभी आप इस यूथ पार्लियामेंट में भाग ले सकते हैं।

### सक्रिय सदस्यता के साथ कमेटी का होगा गठन : कमलेश सिंह

**हुसैनाबाद।** भाजपा के वरिष्ठ नेता सह पूर्व विधायक कमलेश कुमार सिंह के हुसैनाबाद स्थित आवास पर संगठनात्मक चुनाव को लेकर उनकी अध्यक्षता में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, प्रदेश, जिला पदाधिकारी, सभी मोर्चा के अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष व महामंत्री, मंडल प्रभारी, मंडल चुनाव प्रभारी, सह प्रभारियों की महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि पार्टी के निर्देशानुसार संगठन पर्व सदस्यता अभियान को लेकर पलामू जिले में भी सक्रिय सदस्यता बनाने का कार्य अग्रसर है। उन्होंने कहा कि मार्च महीने में ही संगठन के बूथ, मंडल व जिला स्तरीय चुनाव कराना तय किया गया है। उन्होंने कहा कि जिले के अधिकांश मंडलों में बूथ कमेटी बनाने का कार्य अंतिम चरण में है। बूथ कमेटी मंडल अध्यक्ष का चुनाव करेगी। इसके बाद जिला अध्यक्ष का चुनाव किया जाएगा। वरिष्ठ नेता रामप्रवेश सिंह ने कहा कि बूथ कमेटी में कम से कम तीन महिलाओं एवं सभी वर्गों की भागीदारी का होना अनिवार्य है। सभी कार्यकर्ता सक्रियता के साथ निर्धारित समय में ही बूथ एवं मंडल में चुनाव संपन्न कराने को लेकर तत्परता के साथ जुट जाएं। युवा नेता योगेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि संगठनात्मक चुनाव पारदर्शित तरीके से नियम संगत एवं निर्धारित समय में होना जरूरी है। निष्ठावान एवं कर्तव्यनिषठ सक्रिय कार्यकर्ता को जवाबदेही मिले व संगठन मजबूत एवं धारदार हो। इस बैठक में अजित सिंह, रामप्रवेश सिंह, अखिलेश मेहता, उदय विश्वकर्मा, रंजीत पासवान, विनय पासवान, अजय प्रसाद गुप्ता, चंदन सिंह, सतीस शर्मा, संजय सिंह, रामवृक्ष पासवान, वीरेंद्र सिंह, कृष्णा सिंह, वृजदेव मेहता सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता शामिल थे।

### दो कंप्यूटर केंद्र से लाखों का सामान चोरी

**श्री बंशीधर नगर।** थाना क्षेत्र के कचहरी के समीप बीती रात दो चोरों ने दो कंप्यूटर केंद्र के गुमटी का ताला तोड़ लाखों रुपए के समान सहित छह हजार नकद चोरी कर लिया। भुक्तभोगी सोनम कंप्यूटर केंद्र के संचालक सुनील कुमार ने बताया कि मंगलवार की सुबह जब कंप्यूटर केंद्र खेलने पहुंचे तो देखा कि केंद्र का ताला टूटा हुआ है और केंद्र में रखा प्रिंटर, माउस सहित चार हजार नकद गायब है। अमित कंप्यूटर केंद्र के संचालक अमित कुमार ने बताया कि दुकान पहुंचने पर लगा दोनों ताला टूटा हुआ था।

### कौशल योजना के तहत जॉब के लिए आमंत्रण

**मोहम्मदगंज।** चेन्नई की एमआरएफ कंपनी, जो टायर बनाने का काम करती है, उसमें 8 घंटे की ड्यूटी के 27 हजार रुपए की सैलरी पर जॉब के लिए आमंत्रित किया गया है। इस संबंध में शिक्षित बेरोजगारों को आमंत्रित करते हुए जेएसएलपीएस के जॉब रिसोर्स पर्सन उदय कुमार ने अंतिम रूप से मंगलवार को डॉक्यूमेंट के साथ प्रखंड कार्यालय में संपर्क करने की अपील की है। उन्होंने बताया कि संबंधित कंपनी दो टाइम खाना और फ्री रूम भी प्रोवाइड करवाएगी। जिसका पैसा खुद से देना पड़ेगा, लगभग 1500 से 2000 तक। उन्होंने बताया कि जो भी बेरोजगार लड़का एवं लड़की मैट्रिक, इंटर, स्नातक, आईटीआई और डिप्लोमा पास हैं, वह चाहते हैं कि नौकरी करें, तो इसमें जा सकते हैं। डॉक्यूमेंट पेपर ब्लॉक से लेकर 10 बजे जिला कार्यालय ले जाया जाएगा। इसके लिए मोबाइल नंबर 9973 643701 पर उनसे सीधे संपर्क किया जा सकता है।

## पेज एक के शेष

### छात्र हित सर्वोपरि...

कुलपति ने कहा कि नए शैक्षणिक सत्र में 40 छात्रों का नामांकन बीएससी एग्रीकल्चर में लिया जाएगा। इसके लिए आवश्यक तैयारियां तेजी से पूरी की जा रही हैं।

**मेडिकल कॉलेज का करेंगे निरीक्षण, शिक्षा की गुणवत्ता पर रहेगा जोर :** कुलपति डॉ दिनेश कुमार सिंह ने कहा कि वे जल्द ही विश्वविद्यालय से संबद्ध मेडिकल कॉलेज का दौरा करेंगे और वहां की शैक्षणिक गतिविधियों की समीक्षा करेंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि मेडिकल कॉलेजों में पठन-पाठन का कार्य सिलेबस के अनुसार ही हो, इसे सुनिश्चित करने के लिए वे निरीक्षण करेंगे। उन्होंने कहा कि वे सभी कॉलेजों में शिक्षकों और छात्रों के लिए बेहतर वातावरण तैयार करने की दिशा में काम करेंगे। यदि किसी कॉलेज में पठन-पाठन में कोई कमी पाई जाती है, तो संबंधित प्राचार्य को तुरंत आवश्यक निर्देश दिए जाएंगे, ताकि छात्रों को बेहतर शिक्षा मिल सके।

**छात्र हित में होंगे बड़े बदलाव :** डॉ सिंह ने कहा कि उनका लक्ष्य नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय को एक अनुशासित, आधुनिक और रोजगारपरक शिक्षा देने वाले संस्थान के रूप में स्थापित करना है। उन्होंने कहा कि वे छात्रों की समस्याओं को समझेंगे और उनके समाधान के लिए त्वरित कार्रवाई करेंगे।

**उम्मीदों के साथ नई शुरूआत :** डॉ दिनेश कुमार सिंह के पदभार संभालते ही विश्वविद्यालय में सकारात्मक बदलाव की उम्मीदें बढ़ गई हैं। छात्रों और शिक्षकों ने कुलपति की नई योजनाओं का स्वागत किया है और उम्मीद जताई है कि उनके नेतृत्व में विश्वविद्यालय नई ऊंचाइयों को छुएगा।

### भारत फाइनल में...

उन्होंने 98 गेंद में शानदार 84 रन बनाए। हालांकि, दुबई के इंटरनेशनल स्टेडियम में कोहली का एक और शतक देखने से दर्शक वंचित रह गए। कोहली ने पाकिस्तान के खिलाफ शानदार शतक लगाकर टीम को आसान जीत दिलाई थी। वहीं, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भले ही विराट शतक तक नहीं पहुंच पाए। लेकिन, उनकी 84 रनों की पारी ने टीम को फाइनल का टिकट दिला दिया। विराट ने अपनी पारी के दौरान 5 चौके लगाए। श्रेयस अय्यर ने 62 गेंद पर 45 रनों की शानदार पारी खेली। राहुल ने 34 गेंदों में 42 रन की पारी खेली। पारी के दौरान दो चौके और दो छक्के लगाए। वहीं, हार्दिक पांड्या ने 24 गेंदों में तूफानी 28 रनों की पारी खेली। केएल राहुल ने छक्का लगाकर भारत को जीत दिलाई। बता दें कि भारत चैंपियंस ट्रॉफी का फाइनल मुकाबला 9 मार्च को दुबई में खेलेगा। 5 मार्च को चैंपियंस ट्रॉफी का दूसरा सेमीफाइनल न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका के बीच खेला जाएगा। इस मैच में जीतने वाली टीम भारत के साथ ट्रॉफी जीतने के लिए खेलेगी।

### बकाया नहीं दिया...

नमक, दूध, दही, चाय, चीनी, कपड़ा, कागज, जूता, तमाम चीजों पर इतना टैक्स लाद दिया गया है, जितना पहले कभी नहीं था। सीएम सोरेन ने जनसभा में उपस्थित लोगों का आह्वान किया कि वे समाज को बांटने वाली ताकतों और चुनाव में जुमला परोसने वालों के झांसे में न आएं। जनसभा को मुख्यमंत्री की पत्नी कल्पना सोरेन और मंत्री सुदिव्य कुमार सहित कई नेताओं ने संबोधित किया।

### सीए इंटर परीक्षा...

सीए इंटरमीडिएट में पूरे देश में दोनों ग्रुप में कुल 6781 प्रथम ग्रुप में कुल 15332 और द्वितीय ग्रुप में कुल 17813 परीक्षार्थियों ने सफलता प्राप्त किया है। घोषित रिजल्ट के अनुसार ऑल इंडिया स्तर पर सीए फाउंडेशन की परीक्षा में शामिल कुल 1,10,887 परीक्षार्थियों में से 23,861 (21.52 प्रतिशत) परीक्षार्थियों ने सफलता प्राप्त की है। पूरे देश में सीए फाउंडेशन की परीक्षा 533 परीक्षा केंद्र पर आयोजित की गई थी। रांची परीक्षा केंद्र से कुल 693 परीक्षार्थियों में से 135 परीक्षार्थियों ने सफलता प्राप्त की है।

### पश्चिमी सिंहभूम में...

सुरक्षाबलों को टारगेट करने के उद्देश्य से विस्फोटक और हथियार डंप में छिपाकर रखे गए थे। बताया गया कि प्रतिबंधित भाकपा (माओवादी) संगठन के उग्रवादियों द्वारा टोंटो थाना अंतर्गत जंगली व पहाड़ी क्षेत्र में हथियार एवं गोला-बारूद छुपाकर रखने की सूचना पुलिस को प्राप्त हुई। इसके बाद मंगलवार को टोंटो थाना क्षेत्र के वनग्राम हुसिपी के आसपास जंगली एवं पहाड़ी क्षेत्र में सर्च अभियान शुरू किया गया। सर्च अभियान के दौरान मंगलवार को हुसिपी के आसपास जंगली एवं पहाड़ी क्षेत्र में सुरक्षा बलों को लक्षित करने के उद्देश्य से नक्सलियों द्वारा पूर्व में लगाए गए विस्फोटक एवं अन्य सामग्री एक पुराने नक्सल डंप से बरामद किए गए। बरामद विस्फोटकों को सुरक्षा के दृष्टिकोण से बम निरोधक दस्ते की मदद से निरस्त कर दिया गया। नक्सल डंप को भी सुरक्षा बलों ने ध्वस्त कर दिया। अभियान दल में चाईबासा जिला पुलिस और सीआरपीएफ 60 बटालियन शामिल थे। बताया गया कि प्रतिबंधित संगठन भाकपा माओवादी के शीर्ष नेता मिसिर बेसरा, अनमोल, मोछु, अनल, असीम मंडल, अजय महतो, सागेन अंगरिया, अश्विन अपने दस्ते के सदस्यों के साथ सारंडा और कोल्हान क्षेत्र में सक्रिय हैं। उनके खिलाफ चाईबासा पुलिस, कोबरा 209 बटालियन, झारखंड जगुआर एवं सीआरपीएफ 60 बटालियन, 197 बटालियन, 174 बटालियन, 193 बटालियन, 134 बटालियन, 26 बटालियन की टीमों का एक संयुक्त अभियान दल गठित कर लगातार अभियान संचालित किया जा रहा है। इसके पहले, 24 फरवरी 2025 को भी टोंटो थाना क्षेत्र में पुलिस और सुरक्षा बलों ने नक्सलियों के एक कैंप को ध्वस्त किया था। इस दौरान अमेरिका में निर्मित एम-16 राइफल सहित 10 हथियार और 500 से अधिक गोलियां बरामद की गई थीं।

### 3 सदस्यीय कमेटी...

इस पर प्रभारी मंत्री योगेंद्र प्रताप ने बताया कि इसके लिए 18 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई है। पर्यटक स्थल के विकास के लिए पर्यटन निदेशालय भी तैयार है जल्द ही इस पर काम शुरू होगा। भूषण बाड़ा ने शिक्षा नीति की तरह पर्यटन नीति बनाने की भी मांग की। राज सिन्हा ने पूछा कि 8353 स्कूलों में सिर्फ एक-एक शिक्षक ही हैं। जबकि, इन स्कूलों में छात्रों की संख्या 4.10 लाख है। 199 स्कूल ऐसे हैं, जहां एक भी विद्यार्थियों का नामांकन नहीं हुआ है। इस स्कूलों में 398 शिक्षक कार्यरत हैं। शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने जवाब देते हुए कहा कि प्राथमिक स्कूलों में 2,6001 सहायक शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रियाधीन है। अनुशंसा प्राप्त होने के बाद छात्र शिक्षक अनुपात में नियुक्ति की कार्रवाई की जाएगी। वहीं 17,786 पदों के लिए 13,923 पदों पर शिक्षकों की नियुक्ति कर ली गई है। शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने कहा कि प्राथमिक स्कूलों में बच्चों की संख्या घटती ही जा रही है। इसके लिए स्कूल चलो अभियान चलाया गया है। अगर शिक्षकों का ट्रांसफर कर दिया जाए तो स्कूल ही बंद हो जाएंगे। इस पर विधायक प्रदीप यादव ने कहा कि शिक्षा को प्रभावी बनाते हुए शैक्षणिक महौल बनाने पर जोर दिया जाए। विधायक अरूप चटर्जी ने शून्यकाल में राज्य के विश्वविद्यालयों में सात साल से लंबित छात्र संघ चुनाव कराने और सिंडिकेट के गठन की मांग की। वहीं, विधायक ममता देवी ने रामगढ़ कॉलेज को यूनिवर्सिटी में अपग्रेड करने की मांग की। उन्होंने कहा कि रामगढ़ कॉलेज यूनिवर्सिटी की सभी अर्हता रखता है। जयराम महतो ने सुनील महतो की मौत की एनआइए से जांच कराने और रसोइया को न्यूनतम वेतनमान की गारंटी का प्रावधान करने की मांग की।

### किसी को मियां-टियां...

लेकिन आपराधिक मुकदमा चलाने के लिए जरूरी कानूनी बाध्यता को पूरा नहीं करती। पीठ ने आरोपी हरि नंदन सिंह के खिलाफ मामला बंद करते हुए फैसले में कहा, निस्संदेह, दिए गए बयान सुनने में ठीक नहीं लगते हैं। लेकिन, इससे सूचना देने वाले की धार्मिक भावनाओं को ठेस नहीं पहुंचती। इसलिए, हमारा मानना है कि अपीलकर्ता को आईपीसी की धारा 298 के तहत आरोपमुक्त किया जाना चाहिए। शिकायतकर्ता, जो एक उर्दू अनुवादक और सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम के तहत कार्यवाहक क्लर्क है, ने अपीलीय प्राधिकारी के आदेश के बाद आरोपी को व्यक्तिगत रूप से कुछ जानकारी दी थी। हरि नंदन ने शुरू में दस्तावेज स्वीकार करने में अनिच्छा दिखाई, लेकिन अंततः उन्होंने दस्तावेज स्वीकार कर लिए, लेकिन कथित तौर पर उन्होंने शिकायतकर्ता के धर्म का हवाला देते हुए उसे अपशब्द कहे। यह भी आरोप लगाया गया कि हरि नंदन ने शिकायतकर्ता को डराने और लोक सेवक के रूप में अपने कर्तव्यों का पालन करने से रोकने के इरादे से उसके खिलाफ आपराधिक बल का प्रयोग किया। इसके परिणामस्वरूप हरि नंदन के खिलाफ आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की गई, जिनमें धारा 298 (धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाना), 504 (शांति भंग करने के लिए जानबूझकर अपमान करना), 506 (आपराधिक धमकी), 353 (लोक सेवक को कर्तव्य से रोकने के लिए हमला या आपराधिक बल का प्रयोग) और 323 (स्वेच्छा से चोट पहुंचाना) शामिल हैं। मजिस्ट्रेट ने मामले की समीक्षा करते हुए धारा 353, 298 और 504 के तहत आरोप तय किए, जबकि साक्ष्य के अभाव में धारा 323 और 506 के तहत आरोपों को खारिज कर दिया। हरि नंदन की आरोपमुक्ति की याचिका को पहले सत्र न्यायालय और बाद में राजस्थान उच्च न्यायालय ने खारिज कर दिया, जिसके बाद उन्हें सर्वोच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाना पड़ा। सर्वोच्च न्यायालय ने फैसला सुनाया कि भारतीय दंड संहिता की धारा 353 के तहत आरोप को कायम रखने के लिए हमले या बल प्रयोग का कोई सबूत नहीं है। अदालत ने कहा कि उच्च न्यायालय ने इस प्रावधान के तहत आरोपी को आरोपमुक्त न करके गलती की है। शीर्ष अदालत ने आगे कहा कि भारतीय दंड संहिता की धारा 504 भी लागू नहीं होती, क्योंकि हरि नंदन की ओर से ऐसा कोई कार्य नहीं किया गया, जिससे शांति भंग हो सकती हो। धारा 298 के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने माना कि सिंह की टिप्पणी अनुचित थी, लेकिन आईपीसी के तहत धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के लिए कानूनी तौर पर पर्याप्त नहीं थी। जिसके कारण हरि नंदन को सभी आरोपों से बरी कर दिया गया।

### ईडी मामले में...

पूर्व में कोर्ट ने ईडी के अधिकारियों को अंतरिम राहत देते हुए गोंदा पुलिस द्वारा 41-ए के तहत दिए गए नोटिस पर रोक लगा दी थी। कोर्ट ने कहा था कि अगले आदेश तक पुलिस ईडी अधिकारियों को 41-ए का नोटिस जारी कर पूछताछ के लिए नहीं बुला सकती है। ईडी की ओर से अधिवक्ता एके दास एवं सौरव कुमार ने पैरवी की। ज्ञात हो कि यह एफआईआर झारखंड पुलिस ने एससी-एसटी एक्ट के तहत रांची के एससी-एसटी थाना में दर्ज की है। यह एफआईआर हेमंत सोरेन सोरेन की दिल्ली आवास पर ईडी की ओर से की गई तलाशी के संबंध में एक शिकायत को लेकर की गई है। ईडी की ओर से इस केस को निरस्त करने का आग्रह कोर्ट से किया गया है। एफआईआर में ईडी के सीनियर अधिकारियों पर दिल्ली में हेमंत सोरेन के आवास पर की गई तलाशी का आरोप लगाया गया है। इस एफआईआर में ईडी के तत्कालीन अतिरिक्त निदेशक कपिल राज, सहायक निदेशक देवव्रत झा और अनुमान कुमार और अमन पटेल के साथ-साथ अज्ञात अधिकारियों का नाम शामिल है। इसमें हेमंत सोरेन ने आरोप लगाया कि उनके दिल्ली आवास पर ईडी का तलाशी अभियान उन्हें और उनके समुदाय को परेशान करने और बदनाम करने के इरादे से चलाया गया। ईडी के अधिकारियों ने मीडिया को इसकी जानकारी लीक की, जिससे जनता की नजर में उनकी प्रतिष्ठा धूमिल हो जाए।

# गूगल मैप पर अति विश्वास व रफ्तार 30 फीट गहरे नाले में गिरी कार

**आरपी सिंह**



चेतावनी बोर्ड होता तो बच जाती **स्टेशन मास्टर की जान**

**नई दिल्ली।** दिल्ली एनसीआर के नोएडा में एक स्टेशन मास्टर के लिए गूगल मैप पर अति विश्वास जानलेवा साबित हुआ। भारत सिंह दोपहर के समय ग्रेटर नोएडा के रानी रामपुर घंघोला के पास एक गांव में आयोजित एक शादी समारोह में जाने के लिए अपनी कार से निकले थे। वह अपने परिवार में सबसे छोटे थे। उनकी तीन बहने व दो भाई हैं। दो साल पहले उनकी शादी हुई थी। वह अपने पैतृक गांव रानी रामपुर कम ही गांव आते-जाते थे। यही कारण था कि वह मानेसर से नेविगेशन का प्रयोग करते हुए अपने गंतव्य की ओर बढ़ रहे थे। आशंका है कि हादसे के समय कार तेज रफ्तार में थी, हो सकता है कि उन्हें नीले रंग का नहर-नाले रंग वाला हल्का साइन बोर्ड नहीं दिखाई दिया। और उनकी कार 30 फीट गहराई में बह रहे हवालिया नाले में जा गिरी। हादसे के समय वहां से गुजर रहे मृतक के दोस्त व डिलीवरी ब्वॉय निखिल ने बताया कि साथियों की मदद से दरवाजा खोलकर उन्हें बचाने का प्रयास किया गया। लेकिन दरवाजा लॉक होने के कारण उन्हें कामयाबी नहीं मिल पाई। सूचना पर पहुंची बीटा-2 कोतवाली पुलिस ने क्रेन की मदद से उन्हें निकालकर यथार्थ अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई थी। इस बारे में एसीपी ग्रेटर नोएडा ने बताया कि प्राथमिक जांच में घटना स्थल पर मौजूद एक बच्चे ने बताया है कि कार की रफ्तार काफी तेज थी। मोड़ से पहले संतुलन नहीं बना पाने के कारण सीधा नाले में जा गिरी। हादसे में कोई शिकायत नहीं मिली है। वहीं डीसीपी ट्रैफिक लखन यादव का कहना है कि संबंधित जगह पर जरूरी चेतावनी बोर्ड लगवाया जाएगा।लेकिन हादसे के बाद भी ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की ओर से सुरक्षा के लिहाज से कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। केवल चेतावनी के रूप में महज तीन बैरिकेड लगाई गई हैं। नेविगेशन का प्रयोग करने पर केंद्रीय विहार होते हुए जो रास्ता कासना रोड की ओर जाता है। वह काफी सकरा व घुमावदार है। नाले के किनारे रेलिंग, जर्सी बैरियर, क्रैश बैरियर नहीं है। चालकों को सावधानी बरतते हुए निकला पड़ता है। यहां रोड समाप्त होने का कोई चेतावनी बोर्ड भी नहीं लगा है। जिससे वाहन चालक पहले से सचेत हो सके। यही कारण रहा था कि दिल्ली के रहने वाले स्टेशन मास्टर भारत सिंह जब नेविगेशन के सहारे दिल्ली, ग्रेटर नोएडा होते घंघोला की ओर बढ़े तो हवालिया नाले से पहले मुख्य सड़क समाप्त होने के बाद गूगल मैप पर नाले का साइन दिखाई नहीं दिया। साइन बोर्ड नहीं लगा होने के कारण तेज रफ्तार कार सीधा 30 फीट गहराई में बह रहे नाले में जा गिरी थी। हादसे के बाद स्थानीय पुलिस की ओर से मोड़ के पास तीन बैरिकेड रखवाए गए हैं। जबकि पूरे रास्ते पर कई जगह कच्ची और घुमावदार सड़क होने से हादसे की संभावना बनती है। जाँच में घटना स्थल पर मौजूद एक बच्चे ने बताया है कि कार की रफ्तार काफी तेज थी। मोड़ से पहले संतुलन नहीं बना पाने के कारण सीधा नाले में जा गिरी।

# उम्र बढ़ने के साथ करें ये 5 काम , रहेंगे चंगा



**आरपी सिंह**

**नई दिल्ली।** उम्र बढ़ने के साथ देह की कोशिकाओं में मौजूद क्रोमोसोम का अंतिम सिरा छोटा होता जाता है , जिसके कारण उम्र घटती रहती है। मानसिक व शारीरिक बदलाव भी होते हैं , धीरे-धीरे शरीर भी कमजोर होने लगती है। इन हालात में ज्यादा समय तक देह को तंदुरुस्त रखने, दिमाग को फिट रखने के लिए कुछ रूटीन फॉलो करना बेहद ज़रूरी है। क्योंकि भागदौड़ -तनाव सहित बढ़ती महंगाई - बेरोजगारी माहौल वाली जिंदगी और अस्वास्थ्यकर खानपान के कारण शरीर को बीमारियां घेरने लगती हैं। इससे बचने के लिए 5 आदतों को अपने दैनिक दिनचर्या में शामिल करना बहुत फायदेमंद हो सकता है। दिन की शुरुआत गुनगुने पानी पी कर करें। सुबह उठकर 1 गिलास गुनगुना पानी, नींबू पानी या शहद मिला पानी पिएं। इससे शरीर को ऊर्जा मिलती है और पाचन भी अच्छा बना रहता है। इसके अलावा जीरा, सौंफ व अजवाइन का पानी पीना भी पाचन के लिए फायदेमंद होता है। इसके बाद सुबह 15-20 मिनट की हल्की स्ट्रेचिंग व योगासन करने से शरीर एक्टिव रहता है। इससे तनाव दूर होता है और दिमाग भी स्वस्थ रहता है। ब्रिस्क वॉक करने से दिल मजबूत होता है, रक्त संचार बेहतर होता है , जोड़ों में लचीलापन बना रहता है। रोज टहलने व कसरत करने से शरीर ऊर्जावान बना रहा है , बीमारियों का खतरा कम होता है। बढ़ती उम्र के साथ खानपान का ध्यान रखना भी बहुत ही जरूरी होता है। ऐसे में अपने दिन की शुरुआत हाई-प्रोटीन व न्यूट्रिशन से भरपूर खाद्य से करनी चाहिए। ऐसा करने से थकावट, तनाव व कई परेशानियां दूर रहती हैं। इसलिए सुबह का नाश्ता अंकुरित अनाज, दलिया, ओट्स, दही, सूखे मेवे व मौसमी फल के साथ किया जाना ज्यादा लाभदायक होता है। इसके साथ ही एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर मेवे अखरोट, बादाम आदि व क दू के बीज खाने चाहिए इससे दिमाग व हड्डियां मजबूत होती हैं।और हाँ, बढ़ती उम्र के साथ वजन में बदलाव होना आम बात है, ऐसे में वजन बढ़े नहीं इसके लिए कसरत , टहलना आदि जारी रखना चाहिए। तमाम शोध में पाया गया है कि कसरत करना , टहलना शरीर के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। सप्ताह में कम से कम 2.5 घंटा वर्कआउट करना जरूरी होता है। इसके साथ ही किसी न किसी तरह की शारीरिक गतिविधि एक्सरसाइज करते रहना बहुत जरूरी है। यह शरीर और दिमाग को बुढ़ापे में भी फिट रखने में मदद करता है।और इन सबके साथ कोई शौक़ भी पाल लें, जैसे कोई अच्छी पुस्तक पढ़ना, गीत गाना, पेंटिंग, बागवानी जैसे काम करना ।इसमें ब्रेन एक्टिव व पॉजिटिव बना रहेगा। लेकिन रोज अपने हित-मित्रों ,शुभचिंतकों व परिजनों से भी बातचीत ज़रूर करते रहें। यह बिना मिलावट असली टॉनिक का काम करता है। और हां, सुबह 15-20 मिनट सूर्य की रोशनी में बैठें , टहलें तो इससे मन प्रफुल्लित होगा, साथ ही विटामिन डी भी मिलेगा, जिससे हड्डियां मजबूत होती हैं व शरीर की प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है।

# हर देश आज भारत के साथ आर्थिक साझेदारी चाहता है : पीएम

**एजेंसी**



## बजट में एमएसएमई की परिभाषा को फिर विस्तार दिया गया है

आज देश में एमएसएमई की संख्या बढ़कर 6 करोड़ से ज्यादा हो गई है। इससे करोड़ों लोगों को रोजगार के अवसर मिले हैं। इस बजट में एमएसएमई की परिभाषा को फिर विस्तार किया है, ताकि हमारे एमएसएमई को निरंतर आगे बढ़ते रहने का विश्वास मिले। इससे युवाओं के लिए और ज्यादा रोजगार के अवसर तैयार होंगे।

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए विकास इंजन बताते हुए मंगलवार को कहा कि आज दुनिया का हर देश भारत के साथ अपनी आर्थिक साझेदारी को मजबूत करना चाहता है। उन्होंने कहा कि हमारे विनिर्माण क्षेत्र को इन साझेदारियों का लाभ उठाने के लिए अधिक से अधिक पहल करनी चाहिए।

प्रधानमंत्री वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र पर बजट के बाद वेबिनार को संबोधित करते कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विनिर्माण और निर्यात पर ये बजट वेबिनार हर दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण है। ये बजट हमारी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला पूर्ण बजट था। इस बजट की सबसे खास बात रही, अपेक्षाओं से अधिक डिलीवरी। कई क्षेत्र ऐसे हैं जहां विशेषज्ञों ने भी जितनी अपेक्षाएं की थीं, सरकार ने उससे अधिक कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी देश में विकास के लिए स्थिर नीति और अच्छा कारोबारी माहौल बहुत जरूरी है। कुछ साल पहले हम जन विश्वास अधिनियम लेकर आए। हमने अनुपालन को कम करने की कोशिश की। केंद्र और राज्य स्तर पर 40 हजार से अधिक अनुपालन समाप्त किए गए। इससे व्यापार करने में आसानी हुई। हमने सरलीकृत आयकर की अवधारणा पेश की। हम जनविश्वास 2.0 विधेयक पर काम कर रहे हैं। गैर-वित्तीय क्षेत्र के नियमों की समीक्षा के लिए, हमने एक समिति बनाने का फैसला किया है। हम उन्हें आधुनिक, लोगों के अनुकूल और कार्य-आधारित बनाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि हमने आत्मनिर्भर भारत के विजन को आगे बढ़ाया और सुधारों की अपनी गति को और तेज किया। हमारे प्रयासों से अर्थव्यवस्था पर कोविड का प्रभाव कम हुआ। इससे भारत को तेज गति से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बनाने में मदद मिली। उन्होंने कहा, "जब कोविड-19 महामारी के दौरान वैश्विक अर्थव्यवस्था धीमी हो गई तो भारत ने वैश्विक विकास को गति दी। यह आसानी से नहीं हुआ। हमने अपने सुधारों की गति को तेज किया और आत्मनिर्भर भारत के विजन की दिशा में काम किया। हमारे प्रयासों से कोविड-19 का हमारी अर्थव्यवस्था पर न्यूनतम प्रभाव पड़ा। आज भी भारत वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए विकास का इंजन है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज 14 क्षेत्रों को पीएलआई योजना का फायदा मिल रहा है। इस योजना के तहत 7.5 करोड़ यूनिट को मंजूरी दी गई है। इससे 1.5 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का निवेश आया है, 13 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का प्रोडक्शन हुआ है और पांच लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का एक्सपोर्ट हुआ है।

### डोनाल्ड ट्रंप ने यूक्रेन को दी जाने वाली सभी सहायता पर लगाई रोक

**वाशिंगटन ।** कई अमेरिकी मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने यूक्रेन को दी जाने वाली सहायताओं पर तब तक रोक लगा दी है, जब तक कि राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की रूस के साथ युद्ध समाप्त करने की प्रतिबद्धता नहीं जता देते। अज्ञात अधिकारियों का हवाला देते हुए फॉक्स न्यूज ने बताया कि यह आदेश शीघ्र ही आने वाला है। राष्ट्रपति ट्रंप मंगलवार शाम को अमेरिकी कांग्रेस के संयुक्त सत्र को संबोधित करते हुए यूक्रेन के मुद्दे पर बात करेंगे।

### फिलिस्तीन ने इजरायल से गाजा छोड़ने की अपील की

**गाजा।** फिलिस्तीनी विदेश मंत्रालय और प्रवासी मंत्रालय ने इजरायली सेना से गाजा पट्टी से हटने और फिलिस्तीन राज्य को अपनी जिम्मेदारियां निभाने का अवसर देने की अपील की है। फिलिस्तीनी विदेश मंत्रालय ने एक प्रेस बयान में कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय को इस कब्जे के खिलाफ कदम उठाना चाहिए ताकि युद्धविराम स्थापित किया जा सके और फिलिस्तीन राज्य को अपने वैध संस्थानों के साथ गाजा और 1967 से कब्जे वाले पूरे फिलिस्तीनी क्षेत्र पर अपनी संप्रभुता बढ़ाने का मौका मिले।

# सार्वजनिक व कार्यस्थलों में स्तनपान करवाने को कलंक न मानें लोग व सरकार : सुप्रीम कोर्ट

## माताओं को स्तनपान की सुविधा देना सरकार का दायित्व

**ब्यूरो**

- स्तनपान बच्चे के जीवन, अस्तित्व व सेहत के उच्चतम प्राप्य मानक के विकास के अधिकार का अभिन्न अंग है
- यह मां व बच्चे दोनों के स्वास्थ्य व कल्याण के लिए जरूरी है
- सार्वजनिक स्थल पर स्तनपान को कलंकित माना जाना महिलाओं को गैरजरूरी तनाव व दबाव का शिकार बनाता है- संयुक्त राष्ट्र

**नई दिल्ली।** सर्वोच्च न्यायालय की जस्टिस बीवी नागरत्ना व जस्टिस पीबी वराले की खंड पीठ ने संविधान के अनुच्छेद 51 ए (ई) में निहित महिलाओं की गरिमा के लिए अपमानजनक प्रथाओं को त्यागने के लिए देश के नागरिकों को व सरकार को उनके कर्तव्य की याद दिलाना गलत नहीं होगा। अपने बच्चों को स्तनपान कराने के लिए माताओं के अधिकार के प्रयोग को सुविधाजनक बनाने के सरकार के कर्तव्य के अलावा, नागरिकों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि सार्वजनिक स्थानों व कार्यस्थलों पर स्तनपान की प्रथा को कलंकित नहीं किया जाए। सर्वोच्च न्यायालय ने सार्वजनिक स्थानों में स्तनपान, बाल देखभाल कक्ष और क्रेच बनाने के निर्देश देने की मांग की गई एक याचिका पर यह फैसला सुनाया। पीठ की यह टिप्पणियां संयुक्त राष्ट्र के विशेष प्रतिवेदक के बयान के संदर्भ में आईं। उसके अनुसार, सार्वजनिक स्थानों पर स्तनपान को कलंकित माना जाना महिलाओं को गैर जरूरी तनाव व दबाव का शिकार बनाता है। पीठ ने कहा, स्तनपान बच्चे के जीवन, अस्तित्व व सेहत के उच्चतम प्राप्य मानक के विकास के अधिकार का अभिन्न अंग है। यह मां व बच्चे दोनों के स्वास्थ्य व कल्याण के लिए जरूरी है। शिशु का स्वास्थ्य महिलाओं की स्थिति और मां के रूप में तथा देश के सामाजिक व आर्थिक विकास में योगदान कर्ता के रूप में उनकी भूमिका से जुड़ा है। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा है कि बच्चे को स्तनपान कराने का अधिकार मां के साथ अटूट रूप से जुड़ा है, इसलिए यह सरकार का दायित्व है कि वह माताओं को अपने बच्चों को स्तनपान कराने की सुविधा देने के लिए पर्याप्त सुविधाएं व वातावरण सुनिश्चित करे। ऐसा अधिकार और दायित्व संविधान के अनुच्छेद 21 और अंतरराष्ट्रीय कानून के साथ-साथ किशोर न्याय ( बच्चों का संरक्षण और देखभाल) अधिनियम, 2015 में निहित बच्चे के सर्वोत्तम हित के मूलभूत सिद्धांत से उत्पन्न होता है। खंड पीठ ने श्रम व रोजगार मंत्रालय के साथ महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के सचिव की ओर से 27 फरवरी, 2024 को राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को सार्वजनिक भवनों में स्तनपान/नर्सिंग रूम, क्रेच के लिए जगह आवंटित करने के लिए जारी की गई सलाह पर विचार किया। एडवाइजरी में फीडिंग रूम के लिए जगह आवंटित करने, 50 या अधिक महिला कर्मचारियों वाले हर सार्वजनिक भवन में कम से कम एक क्रेच सुविधा शामिल करने का प्रावधान है। इस पर गौर करते हुए पीठ ने कहा कि यह सलाह संविधान के अनुच्छेद 14 और 15(3) के तहत मौलिक अधिकारों के अनुरूप है। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि हम मानते हैं कि मौजूदा सार्वजनिक स्थानों पर जहां तक संभव हो, राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि इन निर्देशों को प्रभावी बनाया जाए।

# फिलिपींस : वायुसेना का लड़ाकू विमान लापता, तलाश जारी

**मनीला (आईएएनएस)**



फिलिपींस की वायु सेना (पीएएफ) ने कहा कि एफए-50 लड़ाकू विमान की तलाश जारी है। यह प्लेन सामरिक नाइट ऑपरेशन के दौरान मंगलवार आधी रात के बाद लापता हो गया। पीएएफ ने एक बयान में कहा, "टारगेट एरिया में पहुंचने से कुछ मिनट पहले एयरक्राफ्ट का मिशन में शामिल बाकी विमानों से संपर्क टूट गया। अन्य विमानों ने लापता प्लेन से दोबारा संपर्क स्थापित करने का तब तक प्रयास किया जब तक कि वे मध्य फिलीपींस के सेबू प्रांत के मैकटन में वापस नहीं आ गए। बयान में कहा गया, "वायुसेना लापता फाइटर जेट का पता लगाने के लिए सभी उपलब्ध संसाधनों का इस्तेमाल करते हुए व्यापक एवं गहन खोज अभियान चला रही है।

# काठमांडू में पानी की पाइपलाइन टूटने के बाद बाढ़ जैसी स्थिति

**काठमांडू (हि.स.)**



राजधानी के व्यस्त इलाके थापाथली में मंगलवार की सुबह जब लोगों की आंखें खुलीं तो उनके घर-आंगन में बाढ़ जैसा पानी आ गया था। घुटने भर पानी भरने के पीछे उस इलाके का पानी की पाइपलाइन टूटने को बताया जा रहा है। इस वजह से क्षेत्र का न सिर्फ यातायात प्रभावित हुआ है, बल्कि घरों में पानी घुसने से लोग परेशान हैं। थापाथली के मुख्य चौक के आसपास घरों, दुकानों, रेस्टोरेंट और सरकारी दफ्तरों में घुटने तक पानी भर गया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि बिजली के तार को भूमिगत करने के लिए सड़क में हो रही खुदाई के कारण पानी की पाइपलाइन टूट गई है। इस संबंध में काठमांडू के जल मंत्रालय के अधिकारी तथा सड़क विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंच कर इस समस्या के समाधान का उपाय कर रहे हैं।

## 'वनतारा' वाइल्डलाइफ के उद्घाटन पर पीएम मोदी का दिखा अलग अंदाज

# एशियाई शेर-क्लाउडेड तेंदुए को पिलाया दूध

**एजेंसी । गांधीनगर**



## 'वनतारा' में कैराकल को प्रजनन कार्यक्रम के तहत पाला जाता है

पीएम मोदी ने जिस सफेद शेर के शावक का दूध पिलाया था, उसका जन्म केंद्र में तब हुआ था, जब उसकी मां को रेस्क्यू कर 'वनतारा' लाया गया था। भारत में कभी बड़ी संख्या में पाए जाने वाले कैराकल अब दुर्लभ होते जा रहे हैं। 'वनतारा' में कैराकल को प्रजनन कार्यक्रम के तहत पाला जाता है और उनके संरक्षण के लिए कैद में रखा जाता है, फिर उन्हें जंगल में छोड़ दिया जाता है। पीएम मोदी ने अस्पताल के एमआरआई कक्ष का भी दौरा किया और एक एशियाई शेर के एमआरआई स्कैन को भी देखा। उन्होंने ऑपरेशन थियेटर का भी दौरा किया, जहां एक तेंदुआ का इलाज किया जा रहा था, जो हाईवे पर कार से टकराने के बाद जख्मी हो गया था और रेस्क्यू कर लाया गया था। केंद्र में बचाए गए जानवरों को ऐसे स्थानों पर रखा जाता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के अपने तीन दिवसीय दौरे के दौरान जामनगर में वन्यजीव बचाव, पुनर्वास और संरक्षण केंद्र 'वनतारा' का उद्घाटन किया। इस दौरान पीएम मोदी ने 'वनतारा' की अलग-अलग सुविधाओं का भी निरीक्षण किया। उन्होंने सबसे बड़े पशु पुनर्वास केंद्रों में विभिन्न सुविधाओं के बारे में जानकारी भी ली। इसका वीडियो पीएम मोदी ने अपने यूट्यूब चैनल पर भी शेयर किया है। 'वनतारा' 1.5 लाख से अधिक बचाए गए और लुप्तप्राय जानवरों को आश्रय देने के लिए बनाया गया है। वर्तमान में यह 2,000 से अधिक प्रजातियों का घर है। प्रधानमंत्री ने 'वनतारा' में वन्यजीव अस्पताल का दौरा किया, जहां उन्हें एमआरआई, सीटी स्कैन, आईसीयू सहित कई प्रकार की पशु चिकित्सा सेवाओं के बारे में जानकारी दी गई। अस्पताल में वन्यजीव एनेस्थीसिया, कार्डियोलॉजी, नेफ्रोलॉजी, एंडोस्कोपी, दंत चिकित्सा और आंतरिक चिकित्सा सहित कई विभाग भी हैं।

7 मिनट 39 सेकंड के वीडियो में देखा जा सकता है कि पीएम मोदी शेरों की अलग-अलग प्रजातियों के साथ खेलते और दुलार करते हुए नजर आ रहे हैं, जिसमें एशियाई शावक, सफेद शेर के शावक, कैराकल शावक शामिल हैं। क्लाउडेड तेंदुए के शावक, जो एक दुर्लभ और लुप्तप्राय प्रजाति हैं, वीडियो में उन्हें भी देखा गया।

